राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# नवबिहार टाइम्स



धर्मेंद्र प्रधान का शिक्षा मंत्री पद से इस्तीफ़ा

• बोकारो, रविवार, 26 जुलाई 2026 • वर्ष : 10 • अंक : 70 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित

# मतदाता सूची में नाम जोड़ने का मौका, फॉर्म-8 से होगा स्थानांतरण

## 29 जुलाई तक इन्यूमरेशन फेज के सभी कार्यों को पूरा करें : के. रवि कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने शनिवार को निर्वाचन सदन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य के सभी जिलों के उप निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ बैठक कर मतदाता सूची के चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य की समीक्षा की। बैठक के दौरान उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि राज्य में चल रहे पुनरीक्षण अभियान के तहत 29 जुलाई तक 'इन्यूमरेशन फेज' के सभी कार्यों को हर हाल में पूरा कर लिया जाए। के. रवि कुमार ने कहा कि कुछ मतदाता झारखंड में निवास करते है, परंतु किसी कारण से अन्य राज्य जैसे बिहार एवं पश्चिम बंगाल के एसआईआर में वहां के मतदाता सूची में निबंधित हो गए हैं। ऐसे मतदाता यदि अपना नाम वर्तमान में झारखण्ड में चल रहे एसआईआर के क्रम में यहां के मतदाता सूची में स्थानांतरित करना चाहते हैं, तो वैसे मतदाता दावा-आपत्ति अवधि में 5 अगस्त के बाद, फॉर्म-8 एवं घोषणा-पत्र भरकर



इच्छानुसार झारखण्ड की मतदाता सूची में अपना नाम स्थानांतरित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक भारतीय पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची से जुड़े यह आवश्यक है, इसके साथ-साथ मतदाता सूची की शुद्धता के लिए किसी भी मतदाता का नाम केवल एक विधानसभा क्षेत्र में एक बार ही अंकित हो इसकी डुप्लीकेसी नहीं हो इसे भी सुनिश्चित करना है जैसा जन प्रतिनिधित्व अधिनयम 1950 में प्रावधानित है। समीक्षा के क्रम में के. रवि कुमार ने कहा कि इन्यूमरेशन फेज के अब केवल चार दिन शेष बचे हैं। राज्य के अधिकतर पात्र मतदाताओं ने फॉर्म भरकर जमा कर दिया है, लेकिन कुछ मतदाताओं के फॉर्म हस्ताक्षर न होने या अन्य विशेष कारणों से लंबित हैं। उन्होंने सभी पात्र भारतीय नागरिकों से अपील की है कि वे अपना इन्यूमरेशन फॉर्म भरकर और हस्ताक्षर करके तुरंत अपने बीएलओ के पास जमा कराएं, जिससे ड्राफ्ट मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन में प्रत्येक पात्र भारतीय नागरिक का नाम शामिल किया जा सके। उन्होंने कहा कि प्रत्येक इन्यूमरेशन फॉर्म के ऊपर बीएलओ का नाम एवं मोबाइल नम्बर अंकित है आवश्यकतानुसार बीएलओ से संपर्क कर अपना इन्यूमरेशन फॉर्म जमा कर सकते हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि 1950 टोलफ्री अथवा इसीआइएनइटी के "बुक ए कॉल" माध्यम से मतदाताओं से आ रहे शिकायतों का त्वरित रूप से निष्पादन करें इसके साथ-साथ कॉल बैक कर यह सुनिश्चित भी करें कि उनके समस्या का समाधान हुआ है या नहीं। मतदाताओं के मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण से सम्बंधित सभी शंकाओं एवं पृच्छा को ससमय निष्पादित करना सुनिश्चित करें। इस वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग समीक्षा बैठक में उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज कुमार ठाकुर और अवर निर्वाचन पदाधिकारी सुनील कुमार सिंह सहित ऑनलाइन माध्यम से राज्य ट्रेनिंग नोडल पदाधिकारी देवदास दत्ता, राज्य के सभी जिलों के उप निर्वाचन पदाधिकारी, कंप्यूटर ऑपरेटर तथा हेल्प डेस्क मैनेजर भी उपस्थित थे।

## धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा मंजूर, प्रल्हाद जोशी को शिक्षा मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा राष्ट्रपति ने स्वीकार कर लिया है। राष्ट्रपति भवन की ओर से जारी बयान में कहा गया कि प्रधानमंत्री की सलाह पर राष्ट्रपति ने उनका इस्तीफा मंजूर कर लिया है। बयान के अनुसार, प्रधानमंत्री की अनुशंसा पर केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी को शिक्षा मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। प्रल्हाद जोशी वर्तमान में उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के साथ-साथ नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय का कार्यभार भी संभाल रहे हैं।

# धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे पर राहुल गांधी ने छात्रों को दी बधाई, बोले- पीएम मोदी युवाओं से मांगें माफी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के बाद लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शनिवार को छात्रों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्रधान का इस्तीफा देश की शिक्षा व्यवस्था में बदलाव की दिशा में एक बड़ा कदम है। नीट-यूजी पेपर लीक मामले को लेकर धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रहे छात्रों के समर्थन में विपक्ष के आंदोलन का नेतृत्व कर रहे राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से छात्रों से माफी मांगने की मांग की। उन्होंने कहा कि 20 जुलाई को छात्रों पर हुई कथित कार्रवाई के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाने चाहिए। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने पार्टी कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि छात्रों और कांग्रेस की



ओर से उठाई गई मांगों में अब तक केवल एक मांग पूरी हुई है। उन्होंने कहा कि 20 जुलाई को छात्रों के खिलाफ हुई कथित हिंसा की जवाबदेही तय होनी चाहिए। पवन खेड़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री को न केवल उस घटना के लिए, बल्कि नीट पेपर लीक से प्रभावित उन छात्रों के लिए भी देश से माफी मांगनी चाहिए, जिन्होंने कथित तौर पर अपनी जान गंवाई। उन्होंने कहा कि यह संघर्ष का अंत नहीं, बल्कि शुरुआत है। जवाबदेही तय होनी चाहिए, माफी मांगी जानी चाहिए और शिक्षा व्यवस्था में सुधार की दिशा में ठोस कदम उठाने होंगे। राहुल गांधी के बयान का जिक्र करते हुए खेड़ा ने कहा कि नरेंद्र मोदी अतीत हैं और यह लड़ाई देश के भविष्य के लिए है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की नीतियों से करोड़ों युवाओं का भविष्य प्रभावित हो रहा है। प्रधानमंत्री पर निशाना साधते हुए पवन खेड़ा ने कहा कि नरेंद्र मोदी युवाओं को अपना मित्र बताते हैं, लेकिन युवा उन्हें अपना दोस्त नहीं मानते। उन्होंने आरोप लगाया कि अगर सरकार वास्तव में छात्रों के साथ खड़ी होती तो उनके खिलाफ लाठीचार्ज, आंसू गैस और अन्य कार्रवाई नहीं की जाती।

## मध्य प्रदेश के चर्चित सोना लूटकांड में गया में छापेमारी, ज्वेलर्स हिरासत में

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** मध्य प्रदेश के चर्चित सोना लूटकांड की जांच के सिलसिले में बिहार एसटीएफ के सहयोग से मध्य प्रदेश पुलिस ने गया जिले में बड़ी कार्रवाई की है। रानीगंज बाजार स्थित प्रेम ज्वेलर्स में छापेमारी कर दुकान संचालक मनोज सोनार को हिरासत में लिया गया है। उनसे इमामगंज थाना में पूछताछ की जा रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, जांच के दौरान लूटे गए सोने की कथित खरीद-बिक्री से जुड़े कुछ महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं। इसी कड़ी में पिछले दो दिनों से इमामगंज अनुमंडल क्षेत्र में लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। कार्रवाई के दौरान एसटीएफ ने दुकान से सीसीटीवी कैमरों की हार्ड डिस्क, दस्तावेज और अन्य आवश्यक सामग्री जब्त की है। इमामगंज के एसडीपीओ धीरज कुमार ने बताया कि जिला पुलिस और बिहार एसटीएफ, मध्य प्रदेश पुलिस की विशेष टीम को हरसंभव सहयोग दे रही है।

# उपायुक्त ने बड़कागांव-केरेडारी क्षेत्र का किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग।** उपायुक्त हेमंत सती ने शनिवार को पुलिस अधीक्षक अमन कुमार, उप विकास आयुक्त रिया सिंह समेत विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बड़कागांव एवं केरेडारी प्रखंड क्षेत्र का व्यापक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने चट्टी बारियातू कोल परियोजना से प्रभावित एवं विस्थापित परिवारों की समस्याओं को सुना और उनके समाधान के लिए अधिकारियों व कंपनी प्रतिनिधियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने केरेडारी प्रखंड के पगार, चट्टी बारियातू और जोरदाग गांव के विस्थापित ग्रामीणों से संवाद किया।

ग्रामीणों ने मुआवजा, भवन मूल्यांकन, पुनर्वास और सेल्फ सेटलमेंट से जुड़ी समस्याएं रखीं। उपायुक्त ने कहा कि विस्थापित परिवारों को बिजली, सड़क, पेयजल समेत सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की प्राथमिकता



है। इसके बाद उन्होंने चट्टी बरियातू कोल परियोजना क्षेत्र में विद्यालय, आंगनबाड़ी केंद्र, उप स्वास्थ्य केंद्र, पंचायत भवन और पैक्स भवन के लिए चिह्नित स्थलों का निरीक्षण किया। पगार स्थित एनटीपीसी कार्यालय में उपायुक्त ने एनटीपीसी एवं ऋत्विक कंपनी के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर विस्थापन, आरएंडआर कॉलोनी, भवन मूल्यांकन और सेल्फ सेटलमेंट से जुड़े मामलों की समीक्षा की। उन्होंने परियोजना क्षेत्र की प्रगति का भी जायजा लिया। इस दौरान उपायुक्त ने नव प्राथमिक विद्यालय, बिरहोर टोला (पगार) का निरीक्षण कर बच्चों के लिए स्कूल ड्रेस, जूते और बैग उपलब्ध कराने का निर्देश एनटीपीसी अधिकारियों को दिया। साथ ही विद्यालय में साफ-सफाई और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने विद्यालय परिसर में पौधरोपण भी किया। केरेडारी खपिया स्थित आंगनबाड़ी केंद्र के निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने बच्चों की नियमित उपस्थिति, पोषण, स्वच्छता और निर्धारित मेन्यू के अनुसार भोजन उपलब्ध कराने पर जोर दिया। इसके बाद उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने बड़कागांव स्थित एनटीपीसी की आरएंडआर कॉलोनी, ढेंगा का निरीक्षण किया और विस्थापित परिवारों से मिलकर बिजली, पानी, स्वास्थ्य, आवास समेत अन्य सुविधाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के अंतिम चरण में दोनों अधिकारियों ने बड़कागांव के बादाम और गोदलपुरा क्षेत्र में अवैध कोयला खनन स्थलों का जायजा लिया। उपायुक्त ने अवैध खनन पर रोक लगाने और दुर्घटनाओं की आशंका को देखते हुए सभी अवैध खदानों को शीघ्र ध्वस्त करने का निर्देश दिया। मौके पर सदर अनुमंडल पदाधिकारी, वन विभाग के अधिकारी, प्रशिक्षु आईएएस, सिविल सर्जन समेत विभिन्न विभागों के पदाधिकारी मौजूद थे।

# ऑर्थोपेडिक सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल का मुख्यमंत्री ने किया उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने राजवंशी नगर स्थित लोकनायक जयप्रकाश नारायण (एल०एन० जे०पी०) अस्पताल परिसर में नवनिर्मित 400 बेड क्षमता वाले हड्डी रोग अति विशिष्ट अस्पताल के नये भवन का उद्घाटन किया। उद्घाटन के उपरांत मुख्यमंत्री ने अस्पताल के विभिन्न विभागों, आधुनिक चिकित्सा उपकरणों एवं उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तृत निरीक्षण किया तथा भर्ती मरीजों से संवाद कर उन्हें मिल रही चिकित्सा सेवाओं और उपचार की जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य बिहार के नागरिकों को अपने ही राज्य में विश्वस्तरीय एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। इस आधुनिक अस्पताल के शुरू होने से ऑर्थोपेडिक संबंधी गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए मरीजों को अब दूसरे राज्यों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि एल०एन० जे०पी० अस्पताल में इस सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल का शुभारंभ उसी संकल्प की एक महत्वपूर्ण कड़ी है, जहां उपचार और पुनर्वास तक की समस्त सेवाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध होने से मरीजों को बेहतर, त्वरित एवं समग्र चिकित्सा सुविधा प्राप्त होगी। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, स्वास्थ्य मंत्री निशांत, सांसद रविशंकर प्रसाद, विधायक संजीव चौरसिया, विधान पार्षद नवल किशोर यादव, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, विकास आयुक्त मिहिर कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव लोकेश कुमार सिंह, स्वास्थ्य विभाग के सचिव कुमार रवि सहित अन्य वरीय अधिकारी एवं लोकनायक जयप्रकाश नारायण अस्पताल से जुड़े चिकित्सकगण एवं कर्मीगण उपस्थित थे।

# बिहार को 400 इलेक्ट्रिक बसों की स्वीकृति

## मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने इलेक्ट्रिक और डीलक्स बसों को दिखाई हरी झंडी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शुक्रवार को पटना स्थित वेटनरी कॉलेज ग्राउंड में परिवहन विभाग द्वारा आयोजित समारोह में प्रधानमंत्री ई-बस सेवा योजना के तहत संचालित होने वाली इलेक्ट्रिक बसों तथा बिहार राज्य पथ परिवहन निगम (बीएसआरटीसी) के नए डीलक्स बस बेड़े को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। समारोह में भारत सरकार के आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय की प्रधानमंत्री ई-बस सेवा योजना के अंतर्गत बिहार को स्वीकृत



400 इलेक्ट्रिक बसों (200 बसें 12 मीटर एवं 200 बसें 9 मीटर श्रेणी) में से पहली इलेक्ट्रिक बस का लोकार्पण किया गया। इसके साथ ही बीएसआरटीसी के 149 डीलक्स बसों के प्रस्तावित बेड़े में से 76 बसों का संचालन शुरू किया गया, जिनमें तीन एसी और 73 नॉन-एसी बसें शामिल हैं। नई बसों में आधुनिक तकनीक आधारित सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं, जिससे यात्रियों को सुरक्षित, आरामदायक और विश्वसनीय यात्रा का अनुभव मिलेगा। बिहार राज्य पथ परिवहन निगम इन डीलक्स बसों का परिचालन बिहार से दिल्ली, उत्तर प्रदेश, झारखंड, पश्चिम बंगाल और हरियाणा सहित विभिन्न प्रमुख अंतरराज्यीय मार्गों पर करेगा। इससे निगम की परिवहन सेवाओं का विस्तार होगा और यात्रियों को निजी परिवहन के मुकाबले सुरक्षित, किफायती एवं बेहतर सार्वजनिक परिवहन का विकल्प मिलेगा। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, उपमुख्यमंत्री विजेंद्र प्रसाद यादव, परिवहन मंत्री दामोदर रावत, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, विकास आयुक्त मिहिर कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव लोकेश कुमार सिंह, परिवहन विभाग के सचिव राज कुमार, बिहार राज्य पथ परिवहन निगम के प्रशासक अतुल कुमार वर्मा सहित परिवहन विभाग एवं निगम के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# गया में स्टील प्लांट हब होगा विकसितः सम्राट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सरकार के 'सेवा, संकल्प और समर्पण' के 100 दिन पूरे होने पर बीआईटी मेसरा, पटना परिसर में आयोजित कार्यक्रम में विकास का रिपोर्ट कार्ड पेश करते हुए उद्योग, शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत संरचना और निवेश से जुड़े कई बड़े ऐलान किए। उन्होंने कहा कि सरकार का हर निर्णय जनहित, सुशासन और विकसित बिहार के संकल्प को समर्पित रहा है तथा राज्य को आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाने के लिए लगातार काम किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने 11,464 करोड़ की लागत वाली 2,476 विकास योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। उन्होंने बताया कि सभी 534 प्रखंडों में आयोजित सहयोग शिविरों में अब तक सात लाख आवेदन प्राप्त



हुए हैं, जिनमें लगभग 90 प्रतिशत मामलों का निष्पादन किया जा चुका है। राज्य स्तरीय सहयोग कार्यक्रम के माध्यम से लंबित मामलों की सुनवाई स्वयं प्रत्येक माह की जाती है। उन्होंने कहा कि सरकार प्रत्येक जिले में उद्योग स्थापित करने की दिशा में काम कर रही है और 20 नवंबर तक बिहार में 5 लाख करोड़ के निवेश का लक्ष्य रखा गया है। पीपीपी मॉडल पर सड़क, उद्योग और मेडिकल कॉलेज विकसित किए जाएंगे। अगले तीन वर्षों में करीब 200 किलोमीटर मरीन ड्राइव का निर्माण किया जाएगा। गया के इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर (आईएमसी) में लगभग तीन हजार एकड़ क्षेत्र में स्टील प्लांट हब विकसित होगा, जबकि वैशाली के राजापाकर में इलेक्ट्रॉनिक्स पार्क स्थापित किया जाएगा, जहां 20 से 30 हजार करोड़ रुपये के निवेश और करीब एक लाख रोजगार सृजित होने की संभावना है। अगले पांच वर्षों में 25 नई चीनी मिलें स्थापित करने की भी घोषणा की गई। शिक्षा के क्षेत्र में मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में एक साथ 211 नए डिग्री कॉलेज शुरू किए गए हैं तथा 551 विद्यालयों को मॉडल स्कूल बनाया गया है। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नाम पर एआई एवं कंप्यूटर साइंस विश्वविद्यालय तथा शहीद जुब्बा सहनी के नाम पर आर्किटेक्चर एवं इंजीनियरिंग विश्वविद्यालय स्थापित किए जाएंगे। विक्रमशिला विश्वविद्यालय के विकास के लिए 220 एकड़ भूमि उपलब्ध करा दी गई है। स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि 15 अगस्त के बाद जिला एवं अनुमंडल अस्पतालों से सामान्य मरीजों को अनावश्यक रेफर करने की व्यवस्था समाप्त की जाएगी। पीपीपी मॉडल के माध्यम से आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा, ताकि लोगों को अपने जिले में ही बेहतर उपचार मिल सके। इस अवसर पर मंत्रिमंडल के सदस्यगण, विधायकगण, विधान पार्षदगण, अन्य जनप्रतिनिधिगण, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, पुलिस महानिदेशक विनय कुमार, विकास आयुक्त मिहिर कुमार सिंह सहित अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव, मुख्यमंत्री के सचिव लोकेश कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव संजय कुमार सिंह सहित अन्य वरीय पदाधिकारीगण, गणमान्य व्यक्ति एवं छात्र-छात्रायें उपस्थित थे।

# बीसी-इबीसी कन्या +2 आवासीय विद्यालयों में जल्द होगी 478 शिक्षकों की बहाली

## टीआरई-4 के तहत बीपीएससी को भेजी गई अधियाचना, छात्राओं को मिलेगा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पिछड़ा वर्ग एवं अतिपिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग से संचालित बीसी-ईबीसी कन्या +2 आवासीय विद्यालयों में शिक्षकों एवं प्रधानाध्यापकों के रिक्त पदों को शीघ्र भरा जाएगा। विभाग ने कुल 478 पदों पर नियुक्ति के लिए बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) को



अधियाचना भेज दी है। इन पदों पर बहाली टीआरई-4 (शिक्षक भर्ती परीक्षा-4) के माध्यम से की जाएगी। विभाग की तरफ से भेजी गई अधियाचना के अनुसार उच्च माध्यमिक शिक्षक के 230 पद, माध्यमिक शिक्षक के 129 पद, प्रारंभिक शिक्षक (कक्षा 6 से 8) के 103 पद तथा प्रधानाध्यापक के 16 पद शामिल हैं। इस मामले में पिछड़ा वर्ग एवं अतिपिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की मंत्री रमा निषाद का कहना है कि 'टीआरई-4 के तहत 478 शिक्षकों की नियुक्ति से आवासीय विद्यालयों की शैक्षणिक व्यवस्था और मजबूत होगी। विभाग का प्रयास है कि प्रत्येक विद्यालय में पर्याप्त संख्या में योग्य शिक्षक उपलब्ध हो, ताकि छात्र-छात्राएं अपने सपनों को नई उड़ान दे सकें।



# शिक्षा, खेल एवं छात्रावास की व्यवस्थाओं का उपायुक्त ने लिया जायजा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने शनिवार को मनातू स्थित एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय का निरीक्षण कर शैक्षणिक, खेलकूद एवं छात्रावास की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय परिसर में आयोजित इंटर हाउस स्पोर्ट्स प्रतियोगिता में भाग ले रही छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। खो-खो प्रतियोगिता में शामिल खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए उन्होंने खेल भावना, अनुशासन एवं नियमित अभ्यास के महत्व पर बल दिया और कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद भी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने छात्रावास एवं मेस का निरीक्षण कर बच्चों को उपलब्ध कराए जा रहे भोजन की गुणवत्ता, साफ-सफाई तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली।



उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जाए तथा स्वच्छता के मानकों का हर हाल में पालन सुनिश्चित किया जाए। विद्यालय के विद्यार्थियों ने उपायुक्त के समक्ष फुटबॉल मैदान को व्यवस्थित रूप से विकसित कराने का अनुरोध किया। उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई करने एवं प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त श्री शेखावत ने विद्यालय भवन के कुछ हिस्सों में छत से पानी के रिसाव की समस्या भी देखी। उन्होंने संबंधित एजेंसी एवं अधिकारियों को आवश्यक मरम्मत कार्य शीघ्र कराने तथा विद्यालय भवन की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि विद्यार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। निरीक्षण के उपरांत लौटने के क्रम में उपायुक्त सर्पदंश से प्रभावित एक परिवार के घर पहुंचे और परिजनों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। उन्होंने परिवार को हरसंभव प्रशासनिक सहयोग का भरोसा दिलाया। साथ ही परिवार की एक बच्ची को स्पॉन्सरशिप योजना से जोड़ने की पहल करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया, ताकि उसके शिक्षा एवं बेहतर भविष्य के लिए आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जा सके। मौके पर सहायक समाहर्ता मेहता, अंचलाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## लोक अदालत में 167 मामलों का निस्तारण

## 16.80 लाख से अधिक के मामलों का समझौता

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा) के निर्देश एवं पलामू जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीराम शर्मा के मार्गदर्शन में शनिवार को व्यवहार न्यायालय परिसर में आयोजित मासिक लोक अदालत में सुलह-समझौते के आधार पर 167 मामलों का सफलतापूर्वक निस्तारण किया गया। इस दौरान 16 लाख 80 हजार 650 रुपये के मामलों का सेटलमेंट कराया गया। लोक अदालत के सफल संचालन के लिए 10 पीठों का गठन किया गया था। विभिन्न पीठों में पारिवारिक विवाद, आपराधिक मामले, चेक बाउंस, बिजली विभाग, रेलवे, भूमि एवं राजस्व, प्री-लिटिगेशन तथा सिविल मामलों का निपटारा किया गया।

# अवैध अंग्रेजी शराब का बड़ा जखीरा बरामद, 18 पेटी में 384 बोतलें जब्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चौपारण (हजारीबाग)।** हजारीबाग जिले के चौपारण थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध अंग्रेजी शराब के कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 18 पेटी में कुल 384 बोतल अवैध की। पुलिस को देखते ही होटल संचालक एवं कर्मी झाड़ियों का फायदा उठाकर फरार हो गए। तलाशी के दौरान होटल के बरामदे से 18 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब एवं बीयर बरामद की गई। बरामद शराब में गॉड फादर




अंग्रेजी शराब एवं बीयर बरामद की है। हालांकि छापेमारी के दौरान होटल संचालक एवं कर्मी पुलिस को देखकर मौके से फरार हो गए। पुलिस अधीक्षक, हजारीबाग को 25 जुलाई को सूचना मिली थी कि चौपारण थाना क्षेत्र में अवैध अंग्रेजी शराब का भंडारण कर उसे बिहार भेजने की तैयारी की जा रही है। सूचना के आधार पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बरही के नेतृत्व में चौपारण थाना प्रभारी पंकज कुमार एवं पुलिस बल की विशेष छापेमारी टीम गठित की गई। तकनीकी एवं परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने ग्राम परसातरी स्थित मुखिया जी होटल की घेराबंदी कर छापेमारी कंपनी की 144 कैन बीयर, किंगफिशर कंपनी की 168 कैन बीयर, कार्ल्सबर्ग कंपनी की 24 कैन बीयर, 8 पीएम कंपनी की 12 बोतल व्हिस्की तथा रॉयल ग्रीन कंपनी की 36 बोतल व्हिस्की शामिल हैं। इस प्रकार कुल 18 पेटी में 384 पीस अवैध शराब जब्त की गई। इस छापेमारी अभियान में थाना प्रभारी पंकज कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक सुविन्द्र राम, श्रवण कुमार पासवान, सहायक अवर निरीक्षक बादल कुमार महतो सहित चौपारण थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल रहे। पुलिस फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए आगे की कार्रवाई कर रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### 101 गुमशुदा मोबाइल लौटाकर गिरिडीह पुलिस ने लौटाई लोगों की मुस्कान

**गिरिडीह (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** गिरिडीह पुलिस ने 'आपका मोबाइल, फिर से आपका' अभियान के तहत शनिवार को पुलिस केंद्र परिसर में 101 गुमशुदा मोबाइल उनके वास्तविक मालिकों को सौंपे। तकनीकी अनुसंधान और लगातार प्रयासों से बरामद किए गए मोबाइल पाकर लोगों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक (एसपी) के साथ डीएसपी मुख्यालय-1, डीएसपी मुख्यालय-2, एसडीपीओ सदर सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहे। इस अवसर पर एसपी ने कहा कि गिरिडीह पुलिस आम जनता की संपत्ति की सुरक्षा और खोई हुई वस्तुओं की बरामदगी के लिए लगातार कार्य कर रही है। 'आपका मोबाइल, फिर से आपका' अभियान का उद्देश्य लोगों का विश्वास जीतना और पुलिस-जनता के बीच संबंधों को और मजबूत बनाना है गिरिडीह पुलिस के अनुसार, इस वर्ष अब तक इस अभियान के तहत पहले ही 211 मोबाइल उनके मालिकों को लौटाए जा चुके हैं। वहीं, पिछले वर्ष 426 गुमशुदा मोबाइल बरामद कर उनके वास्तविक उपभोक्ताओं को सौंपे गए थे। शनिवार को लौटाए गए 101 मोबाइल के साथ यह अभियान लगातार सफलता की नई मिसाल कायम कर रहा है। मोबाइल वापस मिलने पर लाभुकों ने गिरिडीह पुलिस की त्वरित कार्रवाई, तकनीक आधारित अनुसंधान और संवेदनशील पहल की सराहना करते हुए पूरी टीम के प्रति आभार व्यक्त किया।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में रोटरी क्लब ने लगाया नेत्र जांच शिविर, 75 विद्यार्थियों की हुई स्क्रीनिंग

**गिरिडीह (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, बरगंडा में शनिवार को रोटरी क्लब ऑफ गिरिडीह की ओर से संचालित रोटरी आई चेक-अप वैन के माध्यम से निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विद्यालय के 75 विद्यार्थियों की आंखों की जांच की गई जांच के दौरान कई बच्चों में विभिन्न प्रकार की दृष्टि संबंधी समस्याएं सामने आईं। इसे देखते हुए रोटरी क्लब ने निर्णय लिया है कि विद्यालय के शेष विद्यार्थियों की भी समुचित एवं विस्तृत नेत्र जांच के लिए अगले सप्ताह दो से तीन दिनों तक विशेष नेत्र जांच शिविर आयोजित किया जाएगा रोटरी क्लब के पदाधिकारियों ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य बच्चों में आंखों की समस्याओं की समय रहते पहचान कर उनका उचित उपचार सुनिश्चित करना है, ताकि उनकी पढ़ाई और दैनिक जीवन पर इसका प्रतिकूल प्रभाव न पड़े।शिविर के सफल आयोजन में रोटरी क्लब ऑफ गिरिडीह के अध्यक्ष अमित गुप्ता, शिविर संयोजक मनीष तर्वे, हर्ष केडिया, डॉ. तारक नाथ देव, प्रदीप जैन, पीयूष मुसद्दी, शंभू जैन, प्रदीप डालमिया, नरेंद्र सिंह, मंजीत सिंह एवं तरनजीत सिंह खालसा सहित अन्य सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### वॉलीबॉल, जूडो और स्केटिंग में डीएवी बरही के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

**बरही/हजारीबाग (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** डीएवी पब्लिक स्कूल, बरही के विद्यार्थियों ने विभिन्न डीएवी स्तरीय राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। गिद्दी में आयोजित वॉलीबॉल प्रतियोगिता में डीएवी बरही की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए केदला की टीम को पराजित कर विजेता बनने का गौरव हासिल किया। वहीं बरकाकाना में आयोजित जूडो प्रतियोगिता में विद्यालय की छात्राओं अंकित रिया रानी एवं अनु कुमारी ने स्वर्ण पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। इसके अलावा स्केटिंग प्रतियोगिता में शिवांश, आलोक, मयंक, अमित, शुभम और रॉकी ने स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के प्राचार्य पुष्प कुमार झा ने सभी विजेता खिलाड़ियों, उनके अभिभावकों एवं प्रशिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का विकास करते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को भविष्य में भी इसी समर्पण के साथ बेहतर प्रदर्शन कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित करने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य ने खेल शिक्षक राजेश कुमार सिंह एवं हेमंत कुमार के प्रशिक्षण और मार्गदर्शन की भी सराहना की।

### डोरंडा थाना प्रभारी दीपिका प्रसाद को एसएसपी ने किया लाइन हाजिर

**रांची (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रशासनिक अनुशासन को लेकर एसएसपी राकेश रंजन ने बड़ी कार्रवाई की है. डोरंडा थाना प्रभारी दीपिका प्रसाद को उनके पद से हटा दिया गया है. एसएसपी ने विभागीय स्तर पर कार्रवाई करते हुए उन्हें तत्काल प्रभाव से पदमुक्त कर पुलिस लाइन भेज दिया है. दीपिका प्रसाद को हटाए जाने के तुरंत बाद राँची एसएसपी राकेश रंजन ने डोरंडा थाने में नए थाना प्रभारी की तैनाती कर दी है. इंस्पेक्टर अभिनंदन कुमार को डोरंडा का नया थाना प्रभारी बनाया गया है. आदेश जारी होते ही नए थाना प्रभारी को जल्द से जल्द पदभार ग्रहण कर क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं

### कारगिल विजय दिवस पर छात्राओं ने रंगोली से वीरों को किया नमन

**चरही/हजारीबाग (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** कारगिल विजय दिवस के अवसर पर परियोजना बालिका उच्च विद्यालय, चरही में शनिवार को रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के माध्यम से छात्राओं ने कारगिल युद्ध के वीर शहीदों को रंगों के जरिए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। देशभक्ति की थीम पर बनाई गई आकर्षक रंगोलियों ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम में कारगिल वीर शहीदों के परिजन विशेष रूप से शामिल हुए। मुख्य अतिथि के रूप में हजारीबाग के महापौर अरविन्द कुमार राणा तथा चरही थाना प्रभारी अजित कुमार उपस्थित रहे। अतिथियों ने छात्राओं की कलाकृतियों का अवलोकन किया और उनके उत्साह व रचनात्मकता की सराहना की। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि कारगिल विजय दिवस देश के वीर जवानों के अदम्य साहस, शौर्य और बलिदान की याद दिलाता है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन नई पीढ़ी में राष्ट्रभक्ति, अनुशासन और शहीदों के प्रति सम्मान की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी ने कारगिल के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके बलिदान को नमन किया।

# एसडीपीओ ने छात्राओं को पढ़ाया साइबर सुरक्षा और कानून का पाठ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरही।** परियोजना बालिका उच्च विद्यालय, बरही में शनिवार को पुलिस प्रशासन की ओर से छात्राओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को सुरक्षा, साइबर अपराध, कानूनी अधिकार और सामाजिक जागरूकता की जानकारी देना था। मुख्य अतिथि एसडीपीओ राधा प्रेम किशोर ने कहा कि मोबाइल फोन का उपयोग केवल शिक्षा और सकारात्मक कार्यों के लिए करें। किसी भी परेशानी को छिपाने के बजाय अभिभावकों और शिक्षकों से साझा करें। उन्होंने कहा कि जीवन में केवल अंकों के पीछे



नहीं, बल्कि ज्ञान और अच्छे संस्कारों के पीछे भी मेहनत करनी चाहिए। एसडीपीओ ने छात्राओं से कहा कि किसी भी आपात स्थिति में बिना झिझक पुलिस से संपर्क करें। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पुलिस हमेशा उनकी सुरक्षा और सहायता के लिए तैयार है। महिला थाना प्रभारी कुमारी राधा रागनी ने 'गुड टच' और 'बैड टच' की जानकारी दी। उन्होंने पोक्सो एक्ट, डायल-112, साइबर हेल्पलाइन-1930 और चाइल्ड हेल्पलाइन-1098 की उपयोगिता बताई। सोशल मीडिया का सावधानी से उपयोग करने और निजी जानकारी या तस्वीरें साझा नहीं करने की सलाह दी। इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी विनोद कुमार ने छात्राओं से अंधविश्वास से दूर रहने और पुलिस को अपना मित्र व अभिभावक मानने की अपील की। कार्यक्रम में प्राचार्य रविकांत ओम, शिक्षकगण, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य तथा बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित थीं।

# धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे पर कांग्रेस का विजय मार्च, कार्यकताओं ने बांटी मिठाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के बाद कांग्रेस पार्टी ने शनिवार को अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत कैंडल मार्च के स्थान पर विजय मार्च निकाला। कांग्रेस कार्यकर्ता और नेता जिला कांग्रेस कार्यालय से जुलूस की शक्ल में टावर चौक पहुंचे। इस दौरान "कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद", "राहुल गांधी जिंदाबाद" और "छात्र एकता जिंदाबाद" के नारे लगाए गए। टावर चौक पहुंचने के बाद कार्यकताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया कार्यक्रम का नेतृत्व करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा ने कहा कि धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा सत्य और लोकतंत्र की जीत है। उन्होंने कहा कि यह लड़ाई केवल छात्रों की नहीं, बल्कि देश के हर उस नागरिक की है जो भ्रष्ट व्यवस्था के खिलाफ आवाज उठा रहा है प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव अजय सिन्हा ने कहा कि अंततः संघर्ष की जीत हुई है। उन्होंने इसे न्याय की जीत बताते हुए कहा कि यह सिर्फ शुरूआत है और भ्रष्ट व्यवस्था को बदलने के लिए संघर्ष आगे भी जारी रहेगा विजय मार्च में युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सुहेल अख्तर, सरफराज अंसारी, राजेश दुरी, समीर चौधरी, बिलाल अहमद हुसैनी, मेराज अख्तर, शाहनवाज आलम, प्रवीण हेंब्रम, नरेश पाठक, टार्जन, अमित सिन्हा, निजामुद्दीन अंसारी, इरफान अली, साबिर हुसैन, प्रो. मुमताज अंसारी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# विभावि में कार्बन डाइऑक्साइड प्रबंधन पर कार्यशाला

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय (विभावि) के स्नातकोत्तर बायोटेक्नोलॉजी विभाग में शनिवार को "कार्बन डाइऑक्साइड संग्रहण एवं उपयोग" विषय पर रोजगारोन्मुखी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों और शोधार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ हरित प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उभरते रोजगार के अवसरों से अवगत कराना था। कार्यशाला में अन्नदा चौक, हजारीबाग स्थित इंट्रिजिक फाउंड्रीज के श्री सिद्धार्थ जैन, सुश्री रिद्धिमा कुमारी और श्री दुर्गेश सिंह ने विशेषज्ञ वक्ता के रूप में भाग लिया। उन्होंने बताया कि वैश्विक



स्तर पर बढ़ती ग्लोबल वार्मिंग की सबसे बड़ी वजह वायुमंडल में लगातार बढ़ रही कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा है। इस चुनौती से निपटने के लिए शैवाल (अ`ी) आधारित तकनीक एक प्रभावी विकल्प बनकर उभर रही है। विशेषज्ञों ने बताया कि शैवाल वायुमंडल तथा औद्योगिक इकाइयों से निकलने वाली कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित कर प्रकाश-संश्लेषण की प्रक्रिया के माध्यम से उसे उपयोगी जैविक उत्पादों में परिवर्तित करते हैं। इन उत्पादों का उपयोग पशु चारा, जैविक उर्वरक तथा मानव पोषण संबंधी उत्पादों के निर्माण में किया जा सकता है। कार्यक्रम में शामिल विद्यार्थियों और शोधार्थियों ने कार्यशाला को अत्यंत उपयोगी बताते हुए कहा कि यदि इस तकनीक को बड़े स्तर पर अपनाया जाए तो न केवल ग्लोबल वार्मिंग को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के साथ नए रोजगार और उद्यमिता के अवसर भी विकसित होंगे। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष एवं निदेशक डॉ. इन्द्रजीत कुमार, डॉ. कुमार आनंद, डॉ. सुमीत श्रीवास्तव सहित विभाग के शिक्षक, शोधार्थी और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# थाना दिवस में 10 मामलों की सुनवाई, दो भूमि विवादों का मौके पर समाधान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरही।** अंचल कार्यालय परिसर में शनिवार को आयोजित थाना दिवस में भूमि एवं राजस्व से जुड़े 10 मामलों की सुनवाई की गई। अंचल प्रशासन और बरही थाना की संयुक्त टीम ने एक-एक आवेदन पर सुनवाई करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। दो मामलों का दोनों पक्षों की सहमति से मौके पर ही समाधान कर दिया गया। पांच मामलों में आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं होने के कारण संबंधित पक्षों को मूल अभिलेखों के साथ अगले थाना दिवस में उपस्थित होने का निर्देश दिया गया। एक मामले में सीमांकन के बाद आपसी सहमति से विवाद




सुलझाने की सलाह दी गई। एक मामला न्यायालय में विचाराधीन होने के कारण लंबित रखा गया, जबकि एक अन्य मामले में दोनों पक्षों को गवाहों के साथ अगली सुनवाई में बुलाया गया। अंचल अधिकारी चंद्रशेखर कुणाल ने कहा कि थाना दिवस का उद्देश्य भूमि विवादों का त्वरित, पारदर्शी और निष्पक्ष समाधान करना है। उन्होंने लोगों से सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ शिविर में पहुंचने की अपील की, ताकि मामलों का समय पर निस्तारण हो सके। पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी विनोद कुमार ने कहा कि भूमि विवाद को लेकर किसी भी पक्ष को कानून अपने हाथ में नहीं लेना चाहिए। किसी भी विवाद की स्थिति में प्रशासन और पुलिस का सहयोग लें। उन्होंने कहा कि आपसी संवाद और विधिसम्मत प्रक्रिया से अधिकांश विवादों का समाधान संभव है। पुलिस आमजन की सुरक्षा और न्यायपूर्ण समाधान के लिए हमेशा तत्पर है।

# गिरिडीह स्टेडियम में युवाओं से मिले सामाजिक कार्यकर्ता राजेश सिन्हा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** सामाजिक कार्यकर्ता राजेश सिन्हा ने शनिवार को गिरिडीह स्टेडियम पहुंचकर युवाओं एवं गिरिडीह फिटनेस एकेडमी के सदस्यों से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने युवाओं से संगठित होकर अपनी समस्याओं और अधिकारों के लिए आवाज उठाने का आह्वान किया स्टेडियम में आयोजित वार्ता के दौरान फिटनेस एकेडमी के प्रबंधन से भी उनकी मुलाकात हुई। मौके पर मो. सदाब, अली राजा, पंकज कुमार सिंह, राजा कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे राजेश सिन्हा ने कहा कि युवाओं को गलत के खिलाफ खुलकर आवाज उठानी चाहिए। उन्होंने कहा कि आईसा और इंकलाबी नौजवान सभा हमेशा छात्रों और युवाओं के मुद्दों पर संघर्ष करती रही है और आगे भी उनके साथ खड़ी रहेगी। उन्होंने कहा कि देश की 65 प्रतिशत आबादी युवा है, लेकिन अधिकांश युवा अपनी समस्याओं को लेकर राजनीतिक दलों के भरोसे रहते हैं, जबकि उन्हें स्वयं संगठित होकर अपनी मांगें उठानी चाहिए उन्होंने छात्रों और बेरोजगार युवाओं से छात्र एवं युवा संगठनों से जुड़कर शिक्षा, रोजगार और अन्य जनसरोकारों के मुद्दों पर एकजुट होने की अपील की।

# कारगिल के वीरों को आरपीएस विद्यालय ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हुसैनाबाद (पलामू)।** कारगिल विजय दिवस के अवसर पर जपला स्थित आरपीएस विद्यालय में शनिवार को टैगोर हाउस के विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति से ओत-प्रोत भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती पुबाली रॉय द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने कारगिल युद्ध के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कक्षा 9 के छात्र नैतिक कुशवाहा के नेतृत्व में देश के संविधान तथा मातृभूमि की रक्षा के लिए शपथ ग्रहण की। इसके बाद बच्चों ने देशभक्ति गीत, नृत्य एवं नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से कारगिल के वीर सैनिकों के अदम्य साहस, बलिदान और राष्ट्रप्रेम को जीवंत कर दिया। विद्यार्थियों की भावपूर्ण प्रस्तुति ने ऐसा वातावरण बना दिया मानो पूरा विद्यालय परिसर कारगिल की रणभूमि में बदल गया हो। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक, अभिभावक और विद्यार्थियों की आंखें वीर जवानों के बलिदान को याद कर नम हो उठीं। विद्यालय के निदेशक संजय सिंह (लड्डू सिंह) ने अपने संबोधन में कहा कि कारगिल विजय दिवस स्वतंत्र भारत के प्रत्येक नागरिक के लिए गौरव और प्रेरणा का दिवस है। वर्ष 1999 में लगभग 60 दिनों तक चले कारगिल युद्ध में भारतीय सेना ने अदम्य शौर्य का परिचय देते हुए 26 जुलाई को ऐतिहासिक विजय प्राप्त की थी। यह दिवस उन अमर शहीदों के सम्मान और उनके सर्वोच्च बलिदान को स्मरण करने का अवसर है।

# चेन स्नैचिंग गिरोह का आरोपी गिरफ्तार, दो सोने की चेन बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र में महिलाओं से चेन छिनतई की लगातार हो रही घटनाओं का खुलासा करते हुए गिरिडीह पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से लूटी गई दो सोने की चेन भी बरामद की है पुलिस के अनुसार, 11 जुलाई 2026 को सिंदरीडीह स्थित मंगल मूर्ति विवाह भवन के समीप सुबह टहल रही एक महिला से बाइक सवार अपराधियों ने सोने की चेन छीन ली थी। इसके अलावा 7 जुलाई को भी एक अन्य महिला के साथ इसी तरह की घटना हुई थी। दोनों मामलों में मुफस्सिल थाना में कांड संख्या 186/2026 एवं 150/2026 दर्ज किए गए थे मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक डॉ. विमल कुमार के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (सदर) के नेतृत्व में




विशेष जांच दल (सीट) का गठन किया गया। तकनीकी साक्ष्यों और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने देवघर जिले के करौं थाना क्षेत्र के नया टोला जुगलगंज में छापेमारी कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी के पास से दोनों कांडों में छीनी गई सोने की चेन बरामद की गई बरामदगी पहली घटना की लगभग 11 ग्राम वजन की सोने की चेन दूसरी घटना की लगभग 19 ग्राम वजन की सोने की चेन पुलिस ने बताया कि आरोपी की पहचान हो चुकी है तथा घटना में शामिल अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। इस कार्रवाई में एसआईटी के पुलिस पदाधिकारियों एवं तकनीकी शाखा की टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# सम्राट सरकार के 100 दिन पूरे होने पर डीएम ने 27 निर्धन परिवारों को दिया वास भूमि का पर्चा



**जमुई, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** डीएम श्री नवीन की मौजूदगी में समाहरणालय के समा कक्ष में राज्य में नई सरकार के गठन के सफलतापूर्वक सौ दिन पूरे होने के अवसर पर राज्य स्तर पर आयोजित मुख्य समारोह का वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए सीधा प्रसारण किया गया। एडीएम रविकांत सिन्हा , डीपीआरओ वीरेंद्र कुमार , डीईओ धनंजय कुमार पासवान , जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक शुभम कुमार , जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी डॉ.मेनका कुमारी , ई.गौतम कुमार आदि ओहदेदार इस अवसर पर उपस्थित थे। डीएम ने मौके पर 'जमुई : सेवा , समर्पण और संकल्प के सौ दिन' नामक स्मारिका का विमोचन किया और इसमें अंकित आदर्शों को आत्मसात किए जाने की बात कही। नवीन सरकार के 100 दिनों की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि जन-समस्याओं के त्वरित समाधान और पारदर्शी प्रशासनिक व्यवस्था बिहार की तरक्की में अहम भूमिका निभाई है। जमुई जिला के विकास को भी पंख लग गया है। लोग विकास की मुख्य धारा से जुड़कर सशक्त , सुरक्षित और समृद्ध जमुई का निर्माण करने में जुट गए हैं।

कुंड घाट के समीप स्थायी हेलीपैड का निर्माण कर बिहार सरकार की महत्त्वाकांक्षी 'हेली टूरिज्म' योजना से जमुई को सीधे जोड़ने की दिशा में कारगर पहल किया जाएगा। पर्यटन को उद्योग का रूप देने के लिए 'जैन सर्किट' और 'रामायण सर्किट' के अंतर्गत विशेष कार्य योजना तैयार की जा रही है। डीएम ने "जमुई : सेवा , समर्पण और संकल्प के 100 दिन " नामक स्मारिका की चर्चा करते हुए कहा कि नई सरकार के नेतृत्व में जिले चलाए जा जन-कल्याणकारी कार्यक्रमों , फ्लैगशिप कार्यक्रमों , प्रशासनिक पहल और धरातल पर उतरी सफलता को इसके जरिए प्रकाशित किया है। उन्होंने कार्यक्रम के दरम्यान जमुई अंचल के 27 अत्यंत निर्धन एवं भूमिहीन परिवारों को वास-भूमि का आधिकारिक पर्चा प्रदान कर उन्हें सम्मानपूर्वक आवास का अधिकार सौंपा। साथ ही 05 लखपति दीदियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। शिक्षा और खेलकूद के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले होनहार विद्यार्थियों एवं युवा खिलाड़ियों को मंच से पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर जिला प्रशासन के साथ नामित जन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## स्कूल में पीटीएम में अभिभावकों ने ली गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की शपथ समावेशी शिक्षा पर फोकस

### गतिविधि आधारित पढ़ाई और ड्रॉपआउट रोकने पर हुई चर्चा



**जमुई/गिद्धौर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार शिक्षा परियोजना के निर्देश पर शुक्रवार को प्राथमिक विद्यालय रामाकुराव में समावेशी शिक्षा हमारा हर बच्चा महत्वपूर्ण थीम पर अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन हुआ।

जिला कार्यक्रम पदाधिकारी नितेश कुमार के पत्रांक 1206 के आलोक में जिले के सभी प्रारंभिक और माध्यमिक स्कूलों में यह पीटीएम एक साथ आयोजित की गयी। प्रखंड में उत्क्रमित मध्य विद्यालय बनझुलिया, मध्य विद्यालय सेवा, कन्या मध्य विद्यालय रामाकुराव समेत कई विद्यालयों में अभिभावक जुटे।संगोष्ठी की अध्यक्षता विद्यालय प्रधानाध्यापक ओंकार वर्मा ने की। सहायक शिक्षक मीनाक्षी कुमारी, विनीता कुमारी, बंदना कुमारी संयुक्त रूप से अभिभावकों को बताया

कि अब पढ़ाई सिर्फ किताबों तक सीमित नहीं रहेगी। गतिविधि आधारित गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से बच्चों की सीखने की क्षमता बढ़ेगी। शिक्षकों ने उपस्थिति, गृहकार्य, और कमजोर बच्चों पर विशेष ध्यान देने की अपील की। कहा गया कि एससी, एसटी पिछड़ा वर्ग और विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की शिक्षा को प्राथमिकता दी जाएगी ताकि कोई बच्चा पीछे न छूटे।

**ड्रॉपआउट रोकना है मुख्य लक्ष्य**

अभिभावकों से अपील की गयी कि वे बच्चों की पढ़ाई में भागीदार बनें। विभाग का मानना है कि स्कूल और घर के बीच बेहतर समन्वय से ही *ड्रॉपआउट रोका जा सकता है और बच्चों के सीखने के स्तर में सुधार लाया जा सकता है।

संगोष्ठी के बाद विद्यालय द्वारा इसका प्रतिवेदन गूगल फॉर्म के माध्यम से शिक्षा विभाग को भेजा जाएगा। विभाग ने सभी प्रधानाध्यापकों को तय थीम पर ही पिटीएम कराने का सख्त निर्देश दिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### करंट की चपेट में आने से वृद्ध की मौत

**जमुई/सिकंदरा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सिकंदरा थाना क्षेत्र के गोखुला गांव में शनिवार को करंट की चपेट में आने से एक वृद्ध की मौत हो गई। घटना के बाद स्वजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, जमुई भेज दिया। बताया गोखुला गांव निवासी रामभज्जू सिंह शनिवार को गांव से पश्चिम स्थित रवैय बहियार में चल रही धान रोपाई के कार्य को देखने जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में बिजली के खंभे से अर्थिंग के लिए लगाए गए तार की चपेट में आ गए। करंट लगते ही वह गंभीर रूप से झुलसकर गिर पड़े। आसपास मौजूद लोगों ने घटना की जानकारी स्वजनों को दी। इसके बाद स्वजन उन्हें आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सिकंदरा लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही सिकंदरा थाना की पुलिस अस्पताल पहुंची और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, जमुई भेज दिया। वृद्ध की असामयिक मौत से परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं ग्रामीणों ने बिजली विभाग से अर्थिंग के लिए खुले में लगाए गए तारों की जांच कर आवश्यक सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

### जनता दरबार में चार लंबित मामलों का हुआ निपटारा, तीन नए आवेदन आए

**एकमा (सारण), नवबिहार टाइम्स संवाददाता ।** अंचल कार्यालय में



शनिवार को आयोजित साप्ताहिक जनता दरबार में भूमि एवं राजस्व से संबंधित मामलों की सुनवाई की गई। अंचलाधिकारी रवि शेखर ने फरियादियों की समस्याएं सुनते हुए संबंधित कर्मियों को मामलों का त्वरित एवं निष्पक्ष निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।जनता दरबार में विभिन्न मामलों से जुड़े तीन नए आवेदन प्राप्त हुए, जबकि सुनवाई के बाद चार लंबित मामलों का निस्तारण कर दिया गया। अंचलाधिकारी ने शेष लंबित मामलों का भी समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे भूमि एवं राजस्व संबंधी मामलों में आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन प्रस्तुत करें, ताकि मामलों का शीघ्र निष्पादन किया जा सके। जनता दरबार में राजस्व पदाधिकारी रामप्रवेश साहू, कार्यालय कर्मी रजत कुमार एवं संजीत कुमार सहित अन्य कर्मी मौजूद रहे।

### फर्जी लिंक के झांसे में आकर दुकानदार के क्रेडिट कार्ड से ₹1.26 लाख की साइबर ठगी

**एकमा (सारण), नवबिहार टाइम्स संवाददाता ।** थाना क्षेत्र के एकमा बाजार निवासी एक दुकानदार फर्जी लिंक के झांसे में आकर ₹1.26 लाख से अधिक की साइबर ठगी का शिकार हो गए। पीड़ित ने एकमा थाना में लिखित शिकायत देकर अज्ञात साइबर अपराधियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। साथ ही साइबर हेल्पलाइन 1930 पर भी शिकायत दर्ज कराई गई है। पीड़ित कृष्णा प्रसाद ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया है कि 24 जुलाई को उनके व्हाट्सएप पर चालान जमा करने संबंधी जानकारी देखने के लिए एक लिंक भेजा गया था। लिंक इंस्टॉल करते ही उनका मोबाइल नंबर हैक हो गया। इसके कुछ देर बाद साइबर ठगों ने उनके क्रेडिट कार्ड से दो अलग-अलग ट्रांजेक्शन में ₹86,953 और ₹39,080, कुल ₹1,26,033 की निकासी कर ली। अगले दिन मोबाइल पर ट्रांजेक्शन की सूचना मिलने पर उन्हें ठगी का पता चला। इसके बाद उन्होंने तत्काल साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराई और एकमा थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की। इस संबंध में एकमा थानाध्यक्ष रामबालक यादव ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक करने या उसे इंस्टॉल करने से बचें तथा किसी भी संदिग्ध साइबर गतिविधि की जानकारी तुरंत साइबर हेल्पलाइन 1930 या नजदीकी थाना को दें।

### गरीब मरीजों को मिले निजी अस्पतालों में मुफ्त इलाज : मनोज मिश्रा

**जमशेदपुर, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** झारखंड मानवाधिकार सम्मेलन (जेएचआरसी) के चेयरमैन एवं वरिष्ठ मानवाधिकार कार्यकर्ता मनोज मिश्रा ने राज्य सरकार से क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट (रजिस्ट्रेशन एवं रेगुलेशन) कानून में आवश्यक संशोधन करने या नयी अधिसूचना जारी करने की मांग की है. उन्होंने कहा कि जिन निजी अस्पतालों को सरकार द्वारा रियायती दर पर भूमि कर में छूट, अनुदान या कोई भी सरकारी सुविधा मिली है, वहां गरीब व आर्थिक रूप से कमजोर 20 प्रतिशत मरीजों को ओपीडी में और 10 प्रतिशत इंडोर (भर्ती) मरीजों का इलाज निःशुल्क करना अनिवार्य किया जाये. इसके साथ ही पैथोलॉजी, रेडियोलॉजी, सीटी स्कैन और एमआरआइ जैसी जांचों में भी गरीब मरीजों को मुफ्त या विशेष रियायत देना कानूनी रूप से बाध्यकारी हो. इन मांगों को लेकर जल्द ही मुख्यमंत्री से मिलकर उन्हें एक विस्तृत ज्ञापन सौंपेंगे.

### पैसे के विवाद में 10वीं के छात्र के हाथ-पैर बांध सहपाठियों ने बेल्ट से पीटा, हालत गंभीर

**धनबाद, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय बेनागड़िया (निरसा) में 10वीं के छात्र सुमित कुमार दास (16 वर्ष) को उसके ही सहपाठियों ने बंधक बनाकर बेल्ट से बेरहमी से पीटा. छात्र की हालत गंभीर होने पर उसे एसएनएमएमसीएच में भर्ती कराया गया. छात्र सुमित दास गोविंदपुर के नगरक्यारी गांव का रहनेवाला है. बताया जाता है कि छात्र मंगलवार की देर रात दो बजे हॉस्टल के अपने कमरे में था, जहां उसके साथ छह अन्य सहपाठी भी मौजूद थे. मोबाइल से पैसे ट्रांसफर करने को लेकर सुमित की अपने दोस्तों से बहस हो गयी.

## वेतन भुगतान नहीं होने पर भड़के सफाईकर्मी

● नगर पंचायत कार्यालय में जड़ा ताला



**जमुई/सिकंदर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कई माह से लंबित मानदेय भुगतान से नाराज नगर पंचायत सिकंदरा के सफाई कर्मियों ने शनिवार को नगर पंचायत कार्यालय में ताला जड़कर विरोध-प्रदर्शन किया। सफाई कर्मियों ने एजेंसी और विभाग पर समय पर वेतन भुगतान नहीं करने का आरोप लगाते हुए कहा कि आर्थिक तंगी के कारण उनके परिवार का भरण-पोषण करना मुश्किल हो गया है।

प्रदर्शन में शामिल सफाईकर्मी बमबम डोम, सन्नी डोम, किरण देवी, रोहित कुमार, अजय डोम, गुड़िया देवी, सुनीता देवी, मिनता देवी, रेखा देवी, रीना देवी, अंजू देवी और भासो डोम ने कहा कि वे नियमित रूप से शहर की सफाई का कार्य करते हैं, लेकिन कई माह से मानदेय नहीं मिलने के कारण रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करना भी कठिन हो गया है। सफाई कर्मियों ने कहा कि कई बार एजेंसी और नगर पंचायत प्रशासन से भुगतान की मांग की गई, लेकिन केवल आश्वासन ही मिला। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द भुगतान नहीं हुआ तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। इस संदर्भ में नगर पंचायत सिकंदरा के ईओ अरविंद पासवान ने बताया कि सफाई कर्मियों से वार्ता कर उन्हें शांत कराया।

उन्होंने बताया कि एजेंसी की लापरवाही के कारण सफाई कर्मियों का मानदेय लंबित है। सभी लंबित भुगतान शीघ्र कराने का आश्वासन दिया गया है।

एजेंसी ने भी 5 अगस्त तक सभी बकाया मानदेय का भुगतान करने की बात कही है। आश्वासन के बाद सफाई कर्मियों ने आंदोलन स्थगित कर कार्यालय का ताला खोला है।

## अखिल भारतीय बार परीक्षा उत्तीर्ण कर आदित्य कुमार सिंह ने बढ़ाया एकमा का मान



**एकमा (सारण), नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड क्षेत्र के आमडाढ़ी-कर्णपुरा गांव निवासी एवं सेवानिवृत्त सूबेदार मेजर संजय कुमार सिंह के पुत्र आदित्य कुमार सिंह ने प्रथम प्रयास में ही अखिल भारतीय बार परीक्षा (एआईबीई) उत्तीर्ण कर अपने गांव, प्रखंड तथा जिले का नाम गौरवान्वित किया है। समाजसेवी विजय कुमार सिंह ने बताया कि आदित्य कुमार सिंह ने आर्मी लॉ कॉलेज, पुणे (सावित्रीबाई फुले पुणे विश्वविद्यालय से संबद्ध) से पाँच वर्षीय बीबीए-एलएलबी की डिग्री प्राप्त की है। अपनी पांच वर्षीय विधि शिक्षा के दौरान उन्होंने बार काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष सहित देश के अनेक प्रतिष्ठित विधि विशेषज्ञों एवं वरिष्ठ अधिवक्ताओं के मार्गदर्शन में विधिक प्रशिक्षण एवं व्यावहारिक अनुभव अर्जित किया। प्रथम प्रयास में अखिल भारतीय बार परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद अब वे बार काउंसिल ऑफ दिल्ली में अधिवक्ता के रूप में अपना नामांकन कराकर विधि व्यवसाय में अपने पेशेवर जीवन की शुरूआत करेंगे।वहीं अधिवक्ता आदित्य कुमार सिंह की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर क्षेत्र के लोगों, शिक्षकों, शुभचिंतकों एवं परिजनों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं। उनकी सफलता से क्षेत्र के युवाओं को भी कड़ी मेहनत और समर्पण के साथ अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए प्रेरणा मिलेगी।

## मृतक के परिजन से मिले लोजपा जिलाध्यक्ष जीवन सिंह दी सांत्वना



**जमुई, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जमुई के लोकप्रिय सांसद अरुण भारती के निर्देश पर जिला अध्यक्ष जीवन सिंह के नेतृत्व में लोजपा रामविलास जिला इकाई मृतक परिवार के ग्राम कटौना में जाकर मिले और सांत्वना दी। व्रपात की चपेट में आने से 16 वर्षीय सत्यम कुमार की मौत हो गई । मृतक कटौना गांव का रहने वाला था । इस दर्दनाक हादसे के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई और परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। इस अवसर पर लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास जिला अध्यक्ष जीवन सिंह ,लेबर सेल प्रदेश सचिव बच्चू तांती जमुई विधानसभा प्रभारी मुकेश विश्वकर्मा जिला महासचिव विमल वर्मा जिला महासचिव सकलदेव यादव और बरहट प्रखंड अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार सिंह लोजपा नेता अजीत दुबे एवं अन्य अधिकारी गण उपस्थित थे। वहीं शोका कुल परिवार से मिलकर दूरभाष के माध्यम से जमुई सांसद अरुण भारती सत्यम कुमार के पिता जी सघिक यादव से वातार्लाप कर शोक संवेदना व्यक्त किया और उन्होंने कहा इस दुख की घड़ी में हम हमेशा आपके साथ हैं और हर सहयोग की बात को लेकर प्रयासरत है।

वही जिला प्रशासनिक पदाधिकारी से बात कर हर संभव मदद देने की भरोसा दिलाया।

## हृदय रोग से पीड़ित बच्चों का होगा निशुल्क ऑपरेशन : बिंदु सिंह

### दो बच्चों के साथ उनके परिजन को पश्चिम बंगाल के नारायनां सुपर स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल में ऑपरेशन के लिए किया गया रवाना



**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण), नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रोटरी क्लब ऑफ मोतिहारी ने रोटरी सत्र 2026-2027 लिए एक विशेष अभियान की घोषणा की। क्लब जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित बच्चों का निःशुल्क ऑपरेशन कराएगा। अभी 2 बच्चो को परिजनों के साथ पश्चिम बंगाल रवाना हो गए। जहां नारायणा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पीटल, हावड़ा में उनका ऑपरेशन होगा। ज्ञानबाबू चौक स्थित अम्बिका डेंटल हॉस्पिटल में रोटरी क्लब की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अध्यक्षता क्लब के निवर्तमान अध्यक्ष अभिमन्यु कुमार ने की। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे पूर्व जिलापाल रो बिंदु सिंह ने कहा कि रोटरी क्लब की सेवाएं लोगों को प्रेरित करती रहती है। जन्मजात हृदय रोग का उपचार महंगा व काफी जटिल है, लेकिन रोटरी क्लब पूरी प्रक्रिया का आर्थिक बोझ स्वयं उठाती रहती है । इस पहल के माध्यम से क्लब ने यह संदेश भी दिया है कि कोई भी बच्चा आर्थिक तंगी से उपचार से वंचित न रहें। रो डॉ अमित को-चेयरमैन गिफ्ट ऑफ लाइफ ने कहा कि जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित चयनित 2 बच्चों का ऑपरेशन रोटरी क्लब ऑफ मोतिहारी व नारायणा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पीटल, हावड़ा के सहयोग से निःशुल्क होगा। पीड़ित बच्चों के साथ उनके अभिभावक भी गए हैं। उनके रहने व भोजन की व्यवस्था भी रोटरी द्वारा सुनिश्चित की जाएगी। रोटरी क्लब के सचिव राहुल अग्रवाल ने बताया कि जनजाति हृदय रोग पीड़ितों का इलाज का खर्च प्रत्येक मरीज पर चार से पांच लाख रुपए आता है। उन्होंने अपील की जिला के किसी भी बच्चे को दिल की बीमारी है तो उनके अभिभावक रोटरी क्लब ऑफ मोतिहारी से संपर्क कर सकते हैं।

संस्था की कोशिश है कि आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के बच्चों का भी इलाज की सुविधा सर्वोच्च स्तरीय मिले। मौके पर पूर्व अध्यक्ष डॉ. विवेक गौरव, रो बिभूति नारायण सिंह, रो कृष्णा राजगढ़िया, रो धर्मेंद्र सिंह, रो महेश प्रसाद सिन्हा, रो संजय जायसवाल, रो उज्ज्वल जायसवाल, रो अभिमन्यु कुमार सहित रोटेरियंस मौजूद थे ।

## जिले में 100 प्रतिशत गणना प्रपत्रों का वितरण पूरा

**गढ़वा, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जिले में चल रहा विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) अभियान तेजी से आगे बढ़ रहा है. जिला प्रशासन मतदाता सूची को पूरी तरह शुद्ध, पारदर्शी और त्रुटिरहित बनाने के लिए लगातार काम कर रहा है. जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त पशुपति नाथ मिश्रा स्वयं अभियान की नियमित समीक्षा कर रहे हैं और सभी अधिकारियों को निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य पूरा करने का निर्देश दे रहे हैं. जिले में 29 जुलाई तक सभी प्रक्रियाएं पूरी की जायेंगी. इसके बाद पांच अगस्त को मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन किया जायेगा. अभियान के तहत जिले के सभी बूथ स्तर अधिकारियों (बीएलओ) ने घर-घर जाकर कुल 8,62,092 गणना प्रपत्रों का शत-प्रतिशत वितरण पूरा कर लिया है.

अब तक 5,55,677 प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन, 644 प्रपत्रों का ऑनलाइन सबमिशन तथा 5,55,030 प्रपत्रों का सफल सत्यापन किया जा चुका है.


## प्रखण्ड स्तरीय चंपारण चैंपियन कैरम एवं शतरंज प्रतियोगिता आयोजित

### जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा किया गया उदघाटन



**मोतिहारी ( पूर्वी चंपारण ), नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला स्कूल के खेल मैदान में शनिवार को में शनिवार को प्रखण्ड स्तरीय चंपारण चैंपियन कैरम एवं शतरंज प्रतियोगिता आयोजित किया गया जिसका विधिवत उदघाटन जिला शिक्षा पदाधिकारी राजन गिरी एवं मोतिहारी प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी अफरोज आलम के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। जिला शिक्षा पदाधिकारी राजन गिरी ने मोतिहारी प्रखण्ड के विभिन्न विद्यालयों से आए प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस कैरम एवं शतरंज प्रतियोगिता कराने के पीछे मुख्य उद्देश्य आप सभी क्षात्रों का शारीरिक एवं मानसिक विकाश करना हैं साथ ही आप सभी को एक साथ एक मंच पर लाना है। जिले के सभी प्रखंडों से चयनित प्रतिभागी जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे और अपने प्रतिभा को एक मुकाम तक ले जाएंगे। वहीं मोतिहारी प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी अफरोज आलम ने अपने संबोधन में सभी प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए शुभकामनाएं दी और उज्जवल भविष्य की कामना की। मंच संचालन शारीरिक शिक्षा शिक्षक शैलेन्द्र मिश्र बाबा ने किया। कैरम सिंगल एवं डबल बालक वर्ग के विजेता वहीं बालिका वर्ग सिंगल एवम डबल के विजेता साथ ही शतरंज बालक एवम बालिका के विजेता का उपस्थित लोगों द्वारा हौसला अफजाई किया गया। मौके पर जिला स्कूल के प्राचार्य रोहित कुमार, संजीव कुमार, चंद्रशेखर कुमार,भानू प्रकाश, अरुण कुमार गुप्ता, रश्मि कुमारी, विपुल कुमार, अनिमेष कुमार, शाहिद परवेज, मो. मोबसिर, विवेक कुमार, रौशन कुमार, मौजूद थे।

## श्रावणी मेला को लेकर रांची से भागलपुर के लिए चलेंगी स्पेशल ट्रेनें



**रांची, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** श्रावणी मेला के दौरान श्रद्धालुओं की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए रेलवे रांची रेल मंडल से दो जोड़ी श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेनें चलायेगा. पहली जोड़ी ट्रेन रांची-भागलपुर (08690) और भागलपुर-रांची (08689) वाया राजाबेड़ा चलेगी. रांची से यह ट्रेन 26 जुलाई से नौ सितंबर तक प्रत्येक रविवार और बुधवार तथा भागलपुर से 27 जुलाई से 10 सितंबर तक प्रत्येक सोमवार और गुरुवार चलेगी.

यह ट्रेन मुरी, बोकारो स्टील सिटी, हजारीबाग रोड, कोडरमा, किउल और सुलतानगंज होकर भागलपुर पहुंचेगी. इसमें कुल 16 कोच होंगे, जिनमें दो एसएलआरडी, छह सामान्य, सात स्लीपर और एक एसी थ्री-टियर कोच शामिल रहेगा. 20 कोच के साथ दौड़ेगी विशेष ट्रेन

वहीं दूसरी जोड़ी ट्रेन रांची-भागलपुर (08646) और भागलपुर-रांची (08645) वाया बरकाकाना चलेगी. रांची से यह ट्रेन 27 जुलाई से 11 सितंबर तक प्रत्येक सोमवार और शुक्रवार, जबकि भागलपुर से 28 जुलाई से 12 सितंबर तक प्रत्येक मंगलवार और शनिवार चलेगी. यह ट्रेन बरकाकाना, हजारीबाग टाउन, कोडरमा, किउल और सुलतानगंज होकर चलेगी. इस ट्रेन में कुल 20 कोच होंगे, जिनमें दो एसएलआरडी, चार सामान्य, 13 स्लीपर और एक एसी थ्री-टियर कोच लगाया जायेगा. रेलवे का कहना है कि इन स्पेशल ट्रेनों के परिचालन से श्रावणी मेला के दौरान बाबा बैद्यनाथ धाम जाने वाले श्रद्धालुओं को काफी सुविधा मिलेगी.

# 110 परिवारों को मिला बंदोबस्ती पर्चा



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** नई सरकार के 'सेवा, संकल्प एवं समर्पण' के 100 दिन पूरे होने के अवसर पर शनिवार को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण डीआरडीए सभागार सहित जिले के सभी प्रखंडों, नगर निकायों और पंचायतों में किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक सहित अन्य अधिकारियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम के दौरान सरकार के 100 दिनों की उपलब्धियों पर आधारित रिपोर्ट कार्ड बुकलेट और डॉक्यूमेंट्री फिल्म का प्रदर्शन किया गया। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि जनहित सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए बीते 100 दिनों में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं, जिनसे सुशासन, विकास और जनकल्याण को नई गति मिली है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धियों का लेखा-जोखा ही नहीं, बल्कि विकसित, समृद्ध और आत्मनिर्भर बिहार की मजबूत शुरुआत है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राज्यभर में 11,464 करोड़ की लागत से 2,476 विकास योजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन भी किया। राज्यस्तरीय कार्यक्रम के बाद डीआरडीए सभागार में अभियान बसेरा-02 के तहत नवादा सदर अंचल के 15 लाभुक परिवारों को जिला पदाधिकारी ने बंदोबस्ती पर्चा वितरित किया। साथ ही विभिन्न विभागों में उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य करने वाले कर्मियों को प्रशस्ति-पत्र और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। प्रखंड स्तर पर अकबरपुर, रजौली, नरहट, सिरदला, नारदीगंज, काशीचक एवं पकरीबरावां में पांच-पांच, जबकि गोविंदपुर, मेसकौर, रोह, वारिसलीगंज, हिसुआ एवं कौआकोल में 10-10 परिवारों को बंदोबस्ती पर्चा वितरित किया गया। इस प्रकार जिले में कुल 110 भूमिहीन परिवारों को भूमि का कानूनी अधिकार प्रदान किया गया। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त, भूमि सुधार उप समाहर्ता, नवादा सदर, गोपनीय शाखा एवं स्थापना प्रभारी, प्रभारी जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी, बीस सूत्री समिति के सदस्य सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# स्नातक महाविद्यालयों के पुनर्गठन प्रस्ताव का शिक्षकों व कर्मचारियों ने किया विरोध, आंदोलन की चेतावनी



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** राज्य सरकार द्वारा स्नातक महाविद्यालयों के प्रस्तावित पुनर्गठन एवं विश्वविद्यालय अधिनियम में संशोधन की योजना का विरोध तेज हो गया है। मगध विश्वविद्यालय की अंगीभूत इकाई टीएस कॉलेज, हिसुआ में शिक्षक संघ एवं शिक्षकेतर कर्मचारी संघ की संयुक्त बैठक आयोजित कर सरकार के प्रस्ताव को उच्च शिक्षा, अकादमिक स्वायत्तता और विद्यार्थियों के हितों के प्रतिकूल बताया गया। बैठक की अध्यक्षता शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ. सुनील कुमार दुबे ने की। शिक्षक संघ के सचिव डॉ. संजय कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय केवल परीक्षा आयोजित करने वाली संस्थाएं नहीं हैं, बल्कि शिक्षण, शोध, पाठ्यक्रम निर्माण और गुणवत्ता नियंत्रण के प्रमुख केंद्र हैं। उन्होंने कहा कि यदि स्नातक महाविद्यालयों को विश्वविद्यालयों के नियंत्रण से हटाकर सीधे उच्च शिक्षा विभाग के अधीन किया जाता है, तो विश्वविद्यालयों की भूमिका सीमित हो जाएगी और संबद्धता व्यवस्था कमजोर पड़ेगी। शिक्षकेत्तर कर्मचारी संघ के सचिव मुकेश कुमार ने कहा कि प्रस्ताव लागू होने से विश्वविद्यालयों की अकादमिक परिषद, अध्ययन बोर्ड, सिंडिकेट एवं परीक्षा समितियों जैसी वैधानिक संस्थाओं की प्रभावशीलता प्रभावित होगी। साथ ही महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों के बीच समन्वय, परीक्षा प्रणाली, मूल्यांकन प्रक्रिया तथा शोध गतिविधियों पर भी प्रतिकूल असर पड़ेगा। शिक्षक संघ के संयुक्त सचिव डॉ. एस.एन. प्रभाकर ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 विश्वविद्यालय आधारित उच्च शिक्षा को सशक्त बनाने पर बल देती है, जबकि यह प्रस्ताव उसकी भावना के विपरीत है। वहीं, मगध प्रक्षेत्र के संयुक्त सचिव डॉ. शेखर ने सरकार से छात्र एवं शिक्षा हित में इस निर्णय को तत्काल वापस लेने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि प्रस्ताव वापस नहीं लिया गया तो महासंघ लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक तरीके से चरणबद्ध आंदोलन करेगा। बैठक में शिक्षक एवं कर्मचारी संगठनों ने विश्वविद्यालय शिक्षक संघों और छात्र संगठनों से भी इस प्रस्ताव के विरोध में एकजुट होने की अपील की। इस अवसर पर डॉ. पूनम कुमारी, डॉ. मुकेश कुमार, डॉ. नागेंद्र दास, डॉ. पीयूष मणि त्रिपाठी, डॉ. धनंजय कुमार, डॉ. चंदन कुमार, डॉ. दिव्या पांडेय, डॉ. प्रतिभा सिंह, डॉ. चंद्रशेखर, अनिल कुमार, शैलेंद्र कुमार, अजय कुमार शर्मा, किरण कुमारी, अमरनाथ गुप्ता, शंकर कुमार, विनय कुमार, राधारमण, रोशन कुमार, उमेश कुमार सहित महाविद्यालय के शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## एक नजर

### साप्ताहिक जनता दरबार में भूमि विवाद के मामलों का निपटारा

**कौआकोल।** कौआकोल अंचल कार्यालय परिसर में शनिवार को आयोजित साप्ताहिक जनता दरबार में भूमि विवाद से जुड़े चार मामलों की सुनवाई की गई। अंचलाधिकारी चंदन चौधरी, राजस्व अधिकारी अनीश कुमार एवं कौआकोल थाना के पुलिस पदाधिकारी ने संयुक्त रूप से मामलों की सुनवाई की। प्राप्त चार मामलों में से दो का मौके पर ही निष्पादन कर दिया गया। शेष दो मामलों में दूसरे पक्ष को अगले जनता दरबार में उपस्थित होने के लिए नोटिस जारी करने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर राजस्व कर्मियों के अलावा लिपिक नीतीश कुमार सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

### मारपीट मामले में चार आरोपित गिरफ्तार

**कौआकोल।** कौआकोल थाना पुलिस ने लालपुर गांव में फसल चराने को लेकर हुई मारपीट के मामले में दोनों पक्षों के चार नामजद आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। गिरफ्तार आरोपितों में प्रथम पक्ष के कामेश्वर यादव, उमेश यादव और पिंटू यादव तथा दूसरे पक्ष के मंटू यादव उर्फ गोलू यादव शामिल हैं। शुक्रवार को फसल चराने के विवाद में दोनों पक्षों के बीच मारपीट हुई थी, जिसके बाद दोनों ओर से अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। मामले की जांच के दौरान पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चारों आरोपितों को गिरफ्तार कर शनिवार को न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### 'सेवा, संकल्प और समर्पण के 100 दिन' कार्यक्रम में उपलब्धियों का लाइव प्रसारण



**कौआकोल।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में शनिवार को 'सेवा, संकल्प और समर्पण के 100 दिन' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सरकार की उपलब्धियों और विकास कार्यों का एलसीडी स्क्रीन के माध्यम से लाइव प्रसारण दिखाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ. अखिलेश कुमार ने की। उन्होंने कहा कि पिछले 100 दिनों में विकास कार्यों, प्रशासनिक पारदर्शिता और जनसमस्याओं के त्वरित समाधान की दिशा में लगातार कार्य किए गए हैं। साथ ही सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए प्रशासन प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, जीविका दीदियों और ग्रामीणों ने राज्यस्तरीय समारोह का सीधा प्रसारण देखा तथा नई विकास योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। मौके पर कार्यपालक सहायक सत्येंद्र कुमार सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।

### विशेष शिविर में मिला भूमि बंदोबस्ती पर्चा

**कौआकोल।** कौआकोल अंचल कार्यालय परिसर में शनिवार को आयोजित विशेष शिविर में 12 भूमिहीन परिवारों के बीच भूमि बंदोबस्ती पर्चों का वितरण किया गया। पर्चा मिलने के बाद लाभुकों ने खुशी जताई और सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया। अंचलाधिकारी चंदन चौधरी ने बताया कि राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजना के तहत भूमिहीन परिवारों को जमीन का कानूनी अधिकार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह पहल की गई है। शिविर में प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ. अखिलेश कुमार, राजस्व अधिकारी अनीश कुमार, प्रशिक्षु एसआई सोनु कुमार गुप्ता, राजस्व कर्मचारी मिथुन कुमार मिठू, आदित्य कुमार, दीपक कुमार, नितेश कुमार मिश्रा, प्रकाश कुमार, लिपिक नीतीश कुमार सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जिला परिवहन पदाधिकारी ने बस एवं तीन पहिया वाहन संचालकों के साथ की बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश के निर्देशानुसार जिला परिवहन पदाधिकारी रंजीत कुमार की अध्यक्षता में जिला परिवहन कार्यालय में जिले के बस एसोसिएशन, बस मालिकों, बस संचालकों तथा तीन पहिया वाहन (टोटो, टेम्पो एवं ई-रिक्शा) संचालकों एवं मालिकों के साथ अलग-अलग बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य जिले में यातायात व्यवस्था को अधिक सुव्यवस्थित, सुरक्षित एवं जनहितकारी बनाना तथा परिवहन विभाग द्वारा निर्गत दिशा-निर्देशों का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित करना था। बस संचालकों के साथ आयोजित बैठक में जिला परिवहन पदाधिकारी ने सभी संचालकों एवं वाहन मालिकों को निर्देश दिया कि परिवहन विभाग द्वारा निर्धारित नियमों के अनुरूप प्रत्येक बस में किराया तालिका यात्रियों को स्पष्ट रूप से दिखाई देने वाले स्थान पर अनिवार्य रूप से प्रदर्शित करें। साथ ही प्रत्येक बस में शिकायत पंजी का संधारण सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि शहर में कहीं भी यत्र-तत्र बसों का ठहराव नहीं किया जाए तथा सभी बसों का परिचालन केवल निर्धारित बस स्टैंड से ही किया जाए। उन्होंने कहा कि अनधिकृत स्थानों पर बसों के ठहराव से यातायात बाधित होता है और आम लोगों को असुविधा होती है। सभी संचालकों से यातायात नियमों का पूर्णतः पालन करने तथा सुरक्षित एवं अनुशासित परिवहन व्यवस्था बनाए रखने का निर्देश दिया। बैठक में उपस्थित नगर निकायों, बिहार राज्य पथ परिवहन निगम (बीएसआरटीसी) एवं जिला परिषद के प्रतिनिधियों से अनुरोध किया गया कि उनके प्रबंधनाधीन बस स्टैंडों पर यात्रियों के लिए स्वच्छ शौचालय, नियमित साफ-सफाई तथा शुद्ध पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके उपरांत जिला अंतर्गत शहरी क्षेत्रों में संचालित तीन पहिया वाहन (टोटो, टेम्पो एवं ई-रिक्शा) संचालकों एवं मालिकों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में यातायात नियमों के पालन, परिवहन विभाग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप किराया दर निर्धारण एवं आवश्यकता अनुसार संशोधन, निर्धारित मार्गों पर ही वाहनों का परिचालन तथा शहर में अनधिकृत स्थानों पर वाहनों के ठहराव पर रोक लगाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया।

# गोडसे नहीं गांधी की नीतियों पर चलेगा देश : प्रभाकर झा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** शनिवार को नवादा जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष प्रभाकर झा ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे पर कहा कि यह गांधी का देश है, गोडसे का नहीं। यह देश गांधी जी के द्वारा दिखाए गए रास्ते पर चलेगा न कि तानाशाही के रास्ते पर। गांधी जी ने सत्य और अहिंसा के रास्ते पर चलते हुए तानाशाही और क्रूर अंग्रेज सरकार को सत्ता से उखाड़ फेंका था और आज एक बार फ़िर नेता प्रतिपक्ष (लोकसभा एवं राज्यसभा) क्रमशः राहुल गांधी जी और मल्लिकार्जुन खड़गे जी के नेतृत्व में विपक्ष के तमाम सांसदों ने गांधी जी के रास्ते पर संघर्ष करते हुए तानाशाह मोदी-शाह सरकार के शिक्षा मंत्री, धर्मेंद्र प्रधान को नीट पेपर लीक के आरोप में इस्तीफ़ा देने के लिए मजबूर कर दिया। नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं राहुल गांधी और देश के तमाम छात्र-छात्राओं एवं देश भर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए प्रभाकर झा ने कहा कि यह उनके सामूहिक संघर्ष की जीत है। श्री झा ने कहा कि राहुल गांधी की तीन मांगो में एक मांग धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा तो हो गया लेकिन संबंधित विरोध प्रदर्शनों के दौरान छात्रों और शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारी के खिलाफ दर्ज सभी एफआईआर और आपराधिक मामलों को तुरंत वापस लेने , तथा परीक्षा में हुई अनियमितताओं और व्यवस्थागत विफलताओं पर संसद में तत्काल चर्चा का मुद्दा अभी समाप्त नहीं हुआ है । श्री झा ने इन दोनों मुद्दों पर तथा जनता से जुड़े हुए जनमुद्दों पर कांग्रेस का आंदोलन जारी रहेगा और गोडसे के राह पर चलनेवाले इस अहंकारी, निरंकुश सत्ता को हम कांग्रेस जन, राहुल गांधी जी के नेतृत्व में उखाड़ फेंकने का काम करेंगे।

# विज्ञान विषयों पर वाद-विवाद प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाया दम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** ग्रेगर जॉन मेंडल की जयंती सप्ताह के अवसर पर मॉडर्न शैक्षणिक समूह के विद्यालयों में विज्ञान विषयों पर वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों ने जलवायु परिवर्तन, डिजिटल शिक्षा, सोशल नेटवर्किंग और कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसे समसामयिक विषयों पर पक्ष एवं विपक्ष में प्रभावशाली तर्क प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में विभिन्न वर्गों के विजेता एवं



उपविजेता टीमों को सम्मानित किया गया। निर्णायक मंडल ने प्रतिभागियों का मूल्यांकन विषय-वस्तु, प्रस्तुति, भाषा, आत्मविश्वास और तार्किक क्षमता के आधार पर किया। विद्यालय के निदेशक डॉ. अनुज ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, आलोचनात्मक सोच और प्रभावी संचार कौशल विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विज्ञान विभाग के शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



# सेवा, संकल्प, समर्पण के 100 दिन पूरे होने पर नालंदा में विशेष कार्यक्रम, मेधावी छात्र व कर्मी सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व वाली राज्य सरकार के श्सेवा, संकल्प, समर्पण के 100 दिन पूर्ण होने के अवसर पर शनिवार को पटना से आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का नालंदा सहित सभी प्रखंडों में सजीव प्रसारण किया गया। जिला मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में सरकार की उपलब्धियों, विकासात्मक पहलों और जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन को दी गई। कार्यक्रम में बताया गया कि सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, आधारभूत संरचना, रोजगार, महिला सशक्तीकरण और सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रही है। इस दौरान सरकार की उपलब्धियों से संबंधित पंपलेट वितरित किए गए तथा विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए लोगों को प्रेरित किया गया। अभियान बसेरा-2 के तहत नूरसराय अंचल के पात्र महादलित, अनुसूचित जाति एवं अन्य लाभुकों के बीच भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र (पर्चा) वितरित किए गए। वहीं, नीट-2026 उत्तीर्ण छात्र जोरस्वी



राय, आशीष रंजन तथा मैट्रिक-2026 के मेधावी छात्र आनंद कुमार, दिव्या कुमारी और सत्या राज को सांसद कौशलेंद्र कुमार, जिला परिषद अध्यक्ष तनुजा कुमारी एवं जिला पदाधिकारी उदिता सिंह ने सम्मानित किया। इसके अलावा उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभिन्न विभागों के कर्मियों, आंगनबाड़ी सेविका-सहायिकाओं और पोषण ट्रैकर कर्मियों को भी प्रशस्ति-पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति रही।

# उर्मिला देवी की स्मृति में आंगनबाड़ी बच्चों को शैक्षणिक सामग्री व अल्पाहार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** सकूनत कला वार्ड संख्या 31 के वार्ड पार्षद अंजनी कुमार ने अपनी माता स्वर्गीय उर्मिला देवी की पांचवीं पुण्यतिथि के अवसर पर समाजसेवा की अनूठी मिसाल पेश की। इस अवसर पर वार्ड के सभी पांच आंगनबाड़ी केंद्रों के लगभग 150 बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री, स्कूल बैग और वाटर बोतल का वितरण किया गया। साथ ही बच्चों के लिए स्वादिष्ट अल्पाहार की भी व्यवस्था की गई। वार्ड पार्षद अंजनी कुमार ने बताया कि पिछले पांच वर्षों से उनकी माता की पुण्यतिथि पर पूरा परिवार समाज को सकारात्मक संदेश देने के उद्देश्य से विभिन्न समाजोपयोगी कार्य करता आ रहा है। उन्होंने बताया कि पूर्व के वर्षों में वृद्धजनों के बीच साड़ी-धोती वितरण, गरीब परिवारों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण जैसे



कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। इस अवसर पर स्वर्गीय उर्मिला देवी के बड़े पुत्र एवं नालंदा जिला केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के सचिव अजय कुमार गुप्ता तथा जल संसाधन विभाग के पूर्व कार्यपालक अभियंता अशोक कुमार ने लोगों से आपसी भाईचारा बनाए रखने और स्वच्छता अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यदि हर व्यक्ति अपने बुजुर्गों की स्मृति में छोटे-छोटे समाजोपयोगी कार्य करने का संकल्प ले, तो समाज की अनेक समस्याओं का समाधान स्वतः हो सकता है। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने उत्साहपूर्वक बैग, पठन-पाठन सामग्री और वाटर बोतल प्राप्त की तथा अल्पाहार का आनंद लिया। इस मौके पर परिवार के सदस्यों के अलावा बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में आशीष कुमार, अभिलाषा कुमारी, आर्यन लाल, क्षितिज भार्गव, वेदांत भार्गव, सुधा कुमारी, सुनीता सिन्हा, शालिनी कुमारी, डॉ. अरविंद कुमार सिन्हा, डॉ. इंद्रजीत कुमार, सुभाष प्रसाद सिंह, सुजीत कुमार, गोपाल प्रसाद, राकेश रंजन, शशिभूषण प्रसाद, महेंद्र प्रसाद सहित वार्ड संख्या 31 के अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### बिहार बंद को ले बिहारशरीफ पुलिस छावनी में तब्दील

**बिहारशरीफ।** नीट परीक्षा पेपर लीक मामले और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर छात्रों के प्रस्तावित प्रदर्शन के मद्देनजर शनिवार को बिहारशरीफ शहर को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया। शहर के प्रमुख चौक-चौराहों, संवेदनशील स्थलों और वीआईपी इलाकों में भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक आवास के आसपास बैरिकेडिंग कर सुरक्षा और कड़ी कर दी गई। सदर एसडीपीओ अमरनाथ ने बताया कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष सतर्कता बरती जा रही है। जहानाबाद में हाल ही में हुए उग्र प्रदर्शन को देखते हुए अतिरिक्त एहतियात बरता गया है। पुलिस ने बिना अनुमति प्रदर्शन के मामले में करीब 500 अज्ञात छात्रों पर एफआईआर दर्ज की है। पूरे शहर में ड्रोन से निगरानी की जा रही है तथा सोशल मीडिया पर भी नजर रखी जा रही है।

### राजगीर जू सफारी में शुरू होगा 'जू एंबेसडर प्रोग्राम'

**राजगीर।** वन्यजीव संरक्षण एवं पर्यावरण के प्रति विद्यार्थियों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से राजगीर जू सफारी ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए 'जू एंबेसडर प्रोग्राम' शुरू करने की घोषणा की है। यह कार्यक्रम कक्षा 7, 8 एवं 9 के विद्यार्थियों के लिए होगा, जिसके तहत चयनित छात्र अपने विद्यालयों में वन्यजीव संरक्षण के युवा दूत की भूमिका निभाएंगे। कार्यक्रम के लिए आवेदन जू सफारी की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन किए जाएंगे। इसके बाद विद्यालयों को अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी तथा विद्यालय स्तर पर आयोजित परीक्षा में प्रत्येक कक्षा के सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले एक-एक छात्र का चयन जू एंबेसडर के रूप में होगा। इनका कार्यकाल एक शैक्षणिक वर्ष का रहेगा। चयनित विद्यार्थियों को वन्यजीव संरक्षण, जैव विविधता एवं पर्यावरण संरक्षण से संबंधित प्रशिक्षण दिया जाएगा। जू सफारी के निदेशक राम सुंदर एम. ने कहा कि यह पहल विद्यार्थियों को प्रकृति से जोड़ने और भविष्य के जिम्मेदार पर्यावरण संरक्षक तैयार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने विद्यालयों से कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी की अपील की।

### बेकाबू टोटो की टक्कर से चार वर्षीय बच्ची की मौत

**इस्लामपुर।** इसलामपुर प्रखंड के रानीपुर पंचायत अंतर्गत विशुनपुर गांव में तेज रफ्तार और अनियंत्रित टोटो की टक्कर से चार वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। घटना के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया। मृत बच्ची की पहचान विशुनपुर निवासी पंकज पासवान की पुत्री सानवी कुमारी उर्फ संध्या के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, बच्ची अपनी दादी के साथ सड़क किनारे खड़ी थी। इसी दौरान अनियंत्रित टोटो ने उसे जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर इसलामपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, बिहारशरीफ भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है तथा फरार चालक की तलाश में छापेमारी जारी है।

### एसयू कॉलेज में सभी विषयों में पीजी की पढ़ाई शुरू कराने की मांग

**हिलसा।** एसयू कॉलेज में सभी विषयों में स्नातकोत्तर (पीजी) की पढ़ाई शुरू कराने की मांग को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) हिलसा इकाई का धरना-प्रदर्शन दूसरे दिन भी जारी रहा। कार्यकर्ताओं ने विश्वविद्यालय प्रशासन पर छात्रों की वर्षों पुरानी मांग की अनदेखी करने का आरोप लगाया। धरने को संबोधित करते हुए एबीवीपी के जिला संयोजक नीतीश कुमार ने कहा कि हिलसा और आसपास के हजारों विद्यार्थियों की लंबे समय से मांग है कि कॉलेज में सभी विषयों में पीजी की पढ़ाई शुरू की जाए, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है। उन्होंने एमएससी के अंतर्गत जूलॉजी, केमिस्ट्री, बॉटनी, फिजिक्स, फिजियोलॉजी तथा पाली, संस्कृत, अंग्रेजी, उर्दू समेत अन्य विषयों में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम जल्द शुरू करने की मांग की। उनका कहना था कि कॉलेज में आवश्यक आधारभूत संसाधन और योग्य शिक्षक उपलब्ध होने के बावजूद पीजी की पढ़ाई शुरू नहीं होना विद्यार्थियों के हितों के विपरीत है।

# सोगरा हाई स्कूल की छात्राओं से डीएम का संवाद

## सुरक्षित तरीके से हक की आवाज उठाने का दिया संदेश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** जिला पदाधिकारी ने सोगरा हाई स्कूल की छात्राओं के साथ आयोजित विशेष संवाद कार्यक्रम में उन्हें अपने अधिकारों के लिए निर्भीक होकर आवाज उठाने, लेकिन किसी भी हिंसक आंदोलन या उपद्रव से दूर रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक तरीके से विरोध करना नागरिक अधिकार है, पर हिंसा में शामिल होने से कानूनी कार्रवाई और भविष्य के करियर पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है।कार्यक्रम में छात्राओं ने अपना परिचय देते हुए डॉक्टर, शिक्षक और पुलिस अधिकारी बनने की इच्छा जताई। डीएम ने उनकी महत्वाकांक्षाओं की सराहना करते हुए मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। छात्राओं ने विद्यालय में सैनिटरी पैड वेंडिंग मशीन नहीं होने की समस्या उठाई, जिस पर डीएम ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल मशीन स्थापित कराने का निर्देश दिया।संवाद के बाद छात्राओं को पुलिस कंट्रोल रूम और लोक शिकायत निवारण केंद्र का भ्रमण कराया गया। कंट्रोल रूम में उन्हें सीसीटीवी निगरानी, आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली और डायल-112 की कार्यप्रणाली से अवगत कराया गया। वहीं लोक शिकायत केंद्र में शिकायत दर्ज करने, उसकी ऑनलाइन मॉनिटरिंग तथा समयबद्ध निस्तारण की प्रक्रिया समझाई गई। कार्यक्रम के अंत में छात्राओं ने जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

# बिहार बंद का बिहारशरीफ में व्यापक असर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** नीट पेपर लीक मामले में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे, दोषियों पर कार्रवाई तथा आंदोलनरत छात्रों पर पुलिस कार्रवाई के विरोध में शनिवार को आइसा और आरवाईए के आह्वान पर बिहार बंद का बिहारशरीफ में व्यापक असर देखने को मिला। सैकड़ों छात्र-युवा सड़कों पर उतर आए और केंद्र व राज्य सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। आरवाईए के जिलाध्यक्ष बिरेश कुमार के नेतृत्व में श्रम कल्याण केंद्र मैदान से मार्च निकाला गया। जुलूस सरकारी बस स्टैंड होते हुए भराव पर चैराहा पहुंचा और वहां से वापस श्रम कल्याण केंद्र मैदान लौटकर सभा में तब्दील हो गया। प्रदर्शन के दौरान धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दो पेपर लीक बंद करो और छात्र विरोधी सरकार मुर्दाबाद जैसे नारे लगाए गए। सभा को संबोधित करते हुए बिरेश कुमार ने आरोप लगाया कि नीट पेपर लीक देश का बड़ा घोटाला




है, लेकिन दोषियों पर कार्रवाई के बजाय आंदोलन कर रहे छात्रों पर लाठीचार्ज, गिरफ्तारी और फर्जी मुकदमे किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब तक केंद्रीय शिक्षा मंत्री इस्तीफा नहीं देते और पेपर लीक के दोषियों पर सख्त कार्रवाई नहीं होती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। बंद में ब्रह्मदेव प्रसाद, कमलेश पासवान, राजेश रविदास, धर्मेंद्र आजाद, बिरेन कुमार रविदास, दीपक कुमार, भज्जु दास, किशोर साव, जतन मांझी, मंगल यादव और पिंटू मांझी सहित बड़ी संख्या में छात्र-युवा शामिल हुए।

# हथियार दिखाकर दहशत फैलाने वाला गिरफ्तार

**हरनौत/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के रामसंग डिहरा गांव में ग्रामीणों को हथियार दिखाकर डराने-धमकाने वाले एक व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के घर से तलाशी के दौरान एक जंग लगा देशी कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।पुलिस के अनुसार, शुक्रवार को देर शाम डायल-112 टीम को सूचना मिली कि रामसंग डिहरा गांव में एक व्यक्ति शराब के नशे में हंगामा कर रहा है और कई दिनों से अवैध हथियार दिखाकर ग्रामीणों में दहशत फैला रहा है। सूचना मिलते ही डायल-112 की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस को देखते ही आरोपी अपने घर में घुसकर छिप गया, लेकिन पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए उसका पीछा किया और घर के भीतर बिछावन के नीचे छिपे आरोपी को पकड़ लिया।पूछताछ में उसकी पहचान बीरन पंडित पिता स्व. जगेश्वर पंडित, निवासी रामसंग डिहरा के रूप में हुई। तलाशी के दौरान बिछावन के नीचे काले प्लास्टिक में छिपाकर रखा गया एक जंग लगा देशी कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया।इस संबंध में पुलिस अवर निरीक्षक अनिल कुमार सिंह के लिखित आवेदन पर हरनौत थाना कांड संख्या 338/26 दर्ज किया गया है।छापेमारी दल में हरनौत थानाध्यक्ष मुकेश कुमार वर्मा, पुलिस अवर निरीक्षक अनिल कुमार सिंह, पुलिस अवर निरीक्षक मो. तसलीम तथा डायल-112 के चालक उमलेश यादव शामिल थे।

# बाजार समिति में जुआ का जाल तीन तसिया वालों के आतंक से सहमे किसान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** स्थानीय बाजार समिति में इन दिनों अवैध गतिविधियों के बढ़ने से किसानों में भय और नाराजगी का माहौल है। आरोप है कि समिति परिसर में खुलेआम जुआ और कथित तीन तसिया का खेल चल रहा है, जिसका सबसे अधिक शिकार अपनी मेहनत की फसल बेचने आने वाले सीधे-साधे किसान बन रहे हैं। स्थानीय लोगों का दावा है कि यह सब पुलिस की कथित अनदेखी या संरक्षण में हो रहा है, जिससे व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं।सूत्रों के अनुसार, बाजार समिति के कुछ हिस्सों में देर रात तक जुआड़ियों का जमावड़ा लगा रहता है। इनके कारण असामाजिक तत्वों की आवाजाही भी बढ़ गई है। किसानों से ठगी, जेब काटने और धमकाने जैसी घटनाओं की भी चर्चा है। कई किसानों का कहना है कि रात के समय फसल लेकर मंडी पहुंचने में अब डर लगने लगा है।स्थानीय लोगों ने प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि यदि समय रहते जुआ और अवैध गतिविधियों पर रोक नहीं लगी तो किसानों का भरोसा बाजार समिति से उठ जाएगा। लोगों ने पुलिस प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और मंडी परिसर को सुरक्षित बनाने की मांग की है।

# बिहार को टेक्नोलॉजी और स्टार्टअप हब बनाने की दिशा में तीन रणनीतिक रिपोर्ट जारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व वाली बिहार सरकार के 'सेवा, संकल्प, समर्पण' के 100 दिन पूरे होने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उद्योग विभाग ने बिहार की नई अर्थव्यवस्था और प्रौद्योगिकी आधारित विकास की दिशा तय करने वाली तीन महत्वपूर्ण रणनीतिक पुस्तिकाओं का विमोचन किया। विमोचित पुस्तिकाओं में स्टार्टअप और नई अर्थव्यवस्था पर कार्य समिति की रिपोर्ट, बिहार को वैश्विक बैकएंड हब एवं वैश्विक कार्यस्थल के रूप में स्थापित करने संबंधी कार्य समिति की रिपोर्ट तथा बिहार को पूर्वी भारत का प्रौद्योगिकी केंद्र बनाने संबंधी कार्य समिति की रिपोर्ट शामिल हैं। उद्योग विभाग के अनुसार इन रिपोर्टों में बिहार को स्टार्टअप, नवाचार, डिजिटल अर्थव्यवस्था, सूचना प्रौद्योगिकी, सूचना प्रौद्योगिकी सक्षम सेवाओं, वैश्विक क्षमता केंद्र, बैक-ऑफिस सेवाओं तथा उभरती प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाने के लिए विस्तृत दृष्टि, नीतिगत सुझाव और कार्ययोजना प्रस्तुत की गई है। विभाग का कहना है कि ये रणनीतिक दस्तावेज राज्य में निवेश आकर्षित करने, उच्च गुणवत्ता वाले रोजगार सृजित करने, उद्यमिता को बढ़ावा देने और बिहार को ज्ञान आधारित तथा प्रौद्योगिकी संचालित अर्थव्यवस्था के रूप में विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल हैं। उद्योग मंत्री श्रेयसी सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बिहार नई अर्थव्यवस्था, नवाचार और प्रौद्योगिकी आधारित विकास की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि इन रणनीतिक रिपोर्टों के माध्यम से राज्य ने स्टार्टअप, सूचना प्रौद्योगिकी, वैश्विक क्षमता केंद्र और डिजिटलीकरण के क्षेत्र में अपनी दूरदर्शी विकास नीति को स्पष्ट किया है। उनके अनुसार इन योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से बिहार निवेश, उद्यमिता और गुणवत्तापूर्ण रोजगार सृजन का राष्ट्रीय केंद्र बनकर उभरेगा। उद्योग विभाग के सचिव कुंदन कुमार ने कहा कि रिपोर्टें व्यापक परामर्श, विशेषज्ञों के सुझाव और भविष्य की औद्योगिक एवं प्रौद्योगिकी आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर तैयार की गई हैं। उन्होंने बताया कि विभाग इन रणनीतिक पहलों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सभी संबंधित हितधारकों के साथ समन्वित रूप से कार्य करेगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, उपमुख्यमंत्री विजेंद्र प्रसाद यादव, राज्य मंत्रिपरिषद के सदस्य, जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी और विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

# बिहार विधानसभा सचिवालय में डिजिटल मुद्रणालय स्थापित करने की तैयारी

## विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने की समीक्षा बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार विधानसभा सचिवालय में आधुनिक डिजिटल मुद्रणालय (प्रिंटिंग प्रेस) स्थापित करने की दिशा में शुक्रवार को महत्वपूर्ण पहल की गई। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार की अध्यक्षता में विधानसभा स्थित उनके कार्यालय कक्ष में सचिवालय के वरीय पदाधिकारियों, गुलजारबाग प्रेस के प्रतिनिधियों तथा बिहार विधान परिषद के पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में सचिवालय में मुद्रणालय स्थापित करने से जुड़े विभिन्न तकनीकी एवं प्रशासनिक पहलुओं पर विस्तार से चर्चा हुई। डॉ. प्रेम कुमार ने बताया कि वर्तमान में विधानसभा सत्र से संबंधित औपचारिक कार्यक्रम पुस्तिका, अल्पसूचित प्रश्न, तारांकित प्रश्न, बजट संबंधी कटौती प्रस्ताव, अनुमोदन मांगों पर वाद-विवाद, महत्वपूर्ण विपत्र, समिति प्रतिवेदन, लंबित आश्वासनों की सूची, दलगत सूची, मेमो पैड, बड़े-छोटे लिफाफे, सदस्यों की उपस्थिति पंजी और कैलेंडर सहित अनेक दस्तावेजों का मुद्रण बिहार सचिवालय मुद्रणालय, गुलजारबाग, पटना में कराया जाता है। वहीं लेटर पैड, डायरी, दूरभाष निर्देशिका, कार पास, विभिन्न प्रकार के बीटीसी प्रपत्र, वेतन रजिस्टर और अन्य सामग्री का मुद्रण स्थानीय एजेंसियों के माध्यम से कराया जाता है। उन्होंने कहा कि मौजूदा व्यवस्था में आकस्मिक और अत्यावश्यक दस्तावेजों की समय पर छपाई में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। साथ ही मुद्रणालय दूर होने के कारण मुद्रित सामग्री उपलब्ध होने में भी अनावश्यक विलंब होता है। इसे देखते हुए सचिवालय परिसर में ही बिहार सचिवालय मुद्रणालय, गुलजारबाग के अनुरूप डिजिटल प्रेस स्थापित करने का प्रस्ताव रखा गया है। बैठक के दौरान गुलजारबाग प्रेस के प्रतिनिधियों ने बताया कि इस प्रकार की प्रेस की स्थापना के लिए लगभग 2,500 वर्ग फुट क्षेत्रफल वाले भवन तथा स्टोर की आवश्यकता होगी। इस पर डॉ. प्रेम कुमार ने सचिवालय के वरीय पदाधिकारियों को उपयुक्त स्थान का चयन करने के निर्देश दिए। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि डिजिटल प्रेस स्थापित होने से ए-3 आकार तक के रंगीन और श्वेत-श्याम दस्तावेजों की छपाई और बाइंडिंग सचिवालय परिसर में ही संभव होगी। इससे प्रशासनिक कार्यों में तेजी आएगी, लागत कम होगी, संवेदनशील और गोपनीय सरकारी दस्तावेजों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी तथा प्रिंट ऑन डिमांड सुविधा के माध्यम से आवश्यक दस्तावेज तत्काल उपलब्ध कराए जा सकेंगे।

# राज्य के 5,446 भूमिहीन परिवारों को मिला बंदोबस्ती प्रमाण पत्र : डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल

## गया, नालंदा और पटना में सर्वाधिक प्रमाण-पत्र वितरित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने कहा कि राज्य सरकार भूमिहीन परिवारों को सम्मानजनक जीवन और सुरक्षित आवास का अधिकार सुनिश्चित करने के अपने संकल्प को तेजी से साकार कर रही है। अभियान बसेरा-2 के अंतर्गत 25 जुलाई को राज्यभर के 5,446 पात्र भूमिहीन परिवारों को बंदोबस्ती प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। उन्होंने बताया कि 15 अगस्त तक 30,000 पात्र भूमिहीन परिवारों को बंदोबस्ती प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराने का लक्ष्य निर्धारित है जिसे समयबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए विभाग लगातार कार्य कर रहा है। मंत्री ने बताया कि गया जिले में सर्वाधिक 407 बंदोबस्ती प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। इसके बाद नालंदा में 378, पटना में 363, औरंगाबाद में 296, बांका में 282, कटिहार में 222, बेगूसराय में 210, किशनगंज में 209, मुंगेर में 204, समस्तीपुर में 189, गोपालगंज में 187, वैशाली में 178, मधुबनी में 175, भागलपुर में 172, खगड़िया में 161, नवादा में 157, सारण में 151, सहरसा में 147, मुजफ्फरपुर में 138, रोहतास में 130, दरभंगा में 119, जमुई में 111, मधेपुरा में 99, सुपौल में 98, कैमूर में 81, पूर्वी चंपारण में 70, अररिया में 69, लखीसराय में 61, भोजपुर में 57, शेखपुरा में 57, जहानाबाद में 56, सीतामढ़ी में 48, पश्चिमी चंपारण में 47, शिवहर में 28, सीवान में 25, पूर्णिया में 24, बक्सर में 23 तथा अरवल में 17 पात्र भूमिहीन परिवारों को बंदोबस्ती प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार का स्पष्ट उद्देश्य है कि कोई भी पात्र भूमिहीन परिवार वास भूमि के अधिकार से वंचित न रहे। अभियान बसेरा-2 के माध्यम से गरीब एवं वंचित परिवारों को आवासीय भूमि उपलब्ध कराकर उन्हें सामाजिक सुरक्षा, स्थायित्व और सम्मानजनक जीवन का आधार प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल भूमि आवंटन तक सीमित नहीं है, बल्कि हजारों परिवारों के सुरक्षित भविष्य और सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# बिहार बंद पूरी तरह फ्लॉप : मंगल पांडेय



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि आज का बिहार बंद पूरी तरह असफल रहा। जनता ने इसे नकार दिया है। उन्होंने कहा कांग्रेस, राजद एवं अन्य विपक्षी दल मिलकर सरकार और सत्ता पक्ष को बदनाम करने की साजिश में लगे हैं। ये वही ताकतें हैं जो हमेशा बिहार को भ्रम और अराजकता में धकेलना चाहती है। श्री पांडेय ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार युवाओं के साथ खड़ी है।

# बी.डी. कॉलेज में एनसीसी कैडेटों का टीबी उन्मूलन जागरूकता अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बी.डी. कॉलेज, पटना की एनसीसी इकाई के तत्वावधान में 'टीबी मुक्त भारत अभियान' के अंतर्गत क्षय रोग (टीबी) के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से व्यापक जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत पेंटिंग-पोस्टर प्रतियोगिता और स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें एनसीसी कैडेटों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को यह संदेश देना था कि टीबी पूरी तरह इलाज योग्य बीमारी है और समय पर जांच, नियमित दवा तथा उचित पोषण के माध्यम से इसे पूरी तरह ठीक किया जा सकता है। कैडेटों ने आकर्षक पोस्टरों और प्रभावशाली स्लोगनों के जरिए टीबी के कारण, लक्षण, बचाव और उपचार की जानकारी दी। साथ ही समाज में टीबी को लेकर फैली भ्रांतियों और भेदभाव को समाप्त करने का संदेश भी दिया। कैडेटों ने अपने स्लोगनों के माध्यम से टीबी से प्रभावित लोगों के प्रति सहानुभूति रखने, उनके साथ किसी प्रकार का भेदभाव नहीं करने तथा सही जानकारी के व्यापक प्रचार-प्रसार की अपील की। उन्होंने कहा कि टीबी उन्मूलन केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पूरे समाज की सामूहिक भागीदारी से ही संभव है। कार्यक्रम के दौरान कैडेटों द्वारा तैयार किए गए पोस्टरों और स्लोगनों का अवलोकन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दिवाकर प्रसाद तथा अन्य शिक्षकों ने किया। इस अवसर पर डॉ. दिवाकर प्रसाद ने एनसीसी कैडेटों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि टीबी उन्मूलन के राष्ट्रीय लक्ष्य को हासिल करने में युवाओं की सक्रिय भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रम समाज में स्वास्थ्य संबंधी चेतना विकसित करने और लोगों को गंभीर बीमारियों के प्रति सचेत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में डॉ. अमित कुमार (बरसर), डॉ. विशाल विजय (राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी), डॉ. बिनोद कुमार, डॉ. शत्रुघ्न शरण सिंह, डॉ. राजीव कुमार, लेफ्टिनेंट राहुल कुमार सिंह सहित महाविद्यालय के अन्य शिक्षक तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# एसबीआई लेडीज क्लब ने वार्षिक उत्सव 'उल्लास 2026' का किया आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया लेडीज क्लब, पटना द्वारा अपने वार्षिक सांस्कृतिक समारोह 'उल्लास 2026' का भव्य एवं गरिमामयी आयोजन 25 जुलाई 2026 को किया गया। इस समारोह के मुख्य अतिथि अनुराग जोशी, मुख्य महाप्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक, पटना मंडल रहे। पूजा जोशी, अध्यक्ष, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया लेडीज क्लब, पटना एवं मुख्य अतिथि अनुराग जोशी ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में एसबीआई लेडीज क्लब, पटना परिवार के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आनंद लिया। समारोह का मुख्य आकर्षण 'वैदेही' शीर्षक पर आधारित एक भावपूर्ण एवं विषयगत नाट्य-सांस्कृतिक प्रस्तुति रही। इस विशेष प्रस्तुति में माता सीता (वैदेही) के जीवन के विभिन्न आयामों–त्याग, धैर्य, आत्मसम्मान, नारी शक्ति एवं मर्यादा– को नृत्य, संगीत, अभिनय एवं प्रभावशाली मंचन के माध्यम से अत्यंत मार्मिक ढंग से प्रस्तुत किया गया। प्रस्तुति ने उपस्थित दर्शकों को भावविभोर कर दिया तथा सभी ने कलाकारों की सराहना करते हुए जोरदार तालियों से उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के दौरान क्लब की सदस्यों द्वारा मनमोहक समूह एवं एकल नृत्य, मधुर गीत, हास्य एवं सामाजिक संदेशों से परिपूर्ण नाटक तथा अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गईं। प्रत्येक प्रस्तुति ने प्रतिभा, समर्पण, रचनात्मकता एवं टीम भावना का उत्कृष्ट परिचय दिया। 'उल्लास 2026' केवल एक सांस्कृतिक कार्यक्रम ही नहीं, अपितु एसबीआई लेडीज क्लब, पटना परिवार के बीच आपसी स्नेह, एकता, सांस्कृतिक मूल्यों तथा महिला सशक्तिकरण की भावना को और अधिक सुदृढ़ करने का एक सशक्त माध्यम भी बना।

# जीवनशैली से जुड़ी बीमारियां भारत की सबसे बड़ी स्वास्थ्य चुनौती : डॉ. बी एस राजपूत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** सोशल एंड इकोनॉमिक सस्टेनेबिलिटी रिसर्च फाउंडेशन अनुसंधान एवं ज्ञान मंच के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित स्पार्क हेल्थ डायलॉग में देश के वरिष्ठ चिकित्सक और स्टेम सेल शोधकर्ता डॉ बी एस राजपूत ने कहा कि भारत में लाइफस्टाइल डिजीज और नॉन-कम्युनिकेबल डिजीज का लगातार बढ़ता बोझ देश की सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यवस्था के सामने सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक बनकर उभर रहा है। उन्होंने कहा कि भारत तेजी से एपिडेमियोलॉजिकल ट्रांजिशन के दौर से गुजर रहा है। संक्रामक रोगों की तुलना में क्रॉनिक डिजीज, डिजेनेरेटिव डिजीज और लाइफस्टाइल से जुड़ी बीमारियां स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए अधिक बड़ी चुनौती बन रही है। स्टेम सेल थेरेपी, सेलुलर थेरेपी और रिजेनेरेटिव मेडिसिन पर चर्चा करते हुए डॉ. राजपूत ने स्पष्ट किया कि ये उभरती हुई चिकित्सा पद्धतियां पारंपरिक उपचार का विकल्प नहीं, बल्कि चयनित मरीजों के लिए एक अतिरिक्त चिकित्सीय विकल्प हो सकती है।

# बांकीपुर में अहंकार बनाम संस्कार की लड़ाई : ऋतुराज सिन्हा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा ने बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव के जनसंपर्क अभियान के दौरान कहा कि यह चुनाव केवल एक सीट का नहीं, बल्कि अहंकार बनाम संस्कार की लड़ाई है। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता सदैव विनम्रता, सम्मान और लोकतांत्रिक मूल्यों को प्राथमिकता देती है तथा अभद्र राजनीति को कभी स्वीकार नहीं करती। श्री सिन्हा ने कहा कि लोकतंत्र में जनता सर्वोपरि होती है और चुनाव के समय प्रत्याशी याचक के रूप में आशीर्वाद मांगने जाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशांत किशोर चुनाव प्रचार में ऐसी भाषा का प्रयोग कर रहे हैं जो लोकतांत्रिक मर्यादा के विपरीत है। चुनावी सभा में उनका यह कहना कि पिछले चुनाव में आपने भाजपा को वोट दिया था, इस बार हमें वोट नहीं देंगे तो पछताना पड़ेगा, जनसम्मान और संवाद के सिद्धांतों के खिलाफ है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भाजपा कार्यकर्ता संस्कार और लोकतांत्रिक मूल्यों में विश्वास रखते हैं। किसी प्रतिद्वंद्वी पर अशोभनीय टिप्पणी करना हमारी संस्कृति नहीं है। श्री सिन्हा ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी नीरज कुमार सिन्हा के विरुद्ध अभद्र भाषा का प्रयोग लाखों संघर्षशील युवाओं का अपमान है। किसी की आर्थिक पृष्ठभूमि या शिक्षा का उपहास उड़ाना भारतीय संस्कृति के सर्वथा विपरीत है। बिहार भगवान बुद्ध, महावीर और चाणक्य की पावन भूमि है जिसने विश्व को शालीनता का संदेश दिया है। बांकीपुर की जनता अहंकार नहीं, बल्कि संस्कार और विकास के पक्ष में जनादेश देगी।

# रोटरी क्लब ऑफ पाटलिपुत्रा नेक्स्टजेन का इंस्टॉलेशन समारोह संपन्न

## अभिषेक बिदासरिया ने अध्यक्ष पद संभाला



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** रोटरी क्लब ऑफ पाटलिपुत्रा नेक्स्टजेन का इंस्टॉलेशन समारोह एवं डिस्ट्रिक्ट गवर्नर के आधिकारिक क्लब दौरे का आयोजन शुक्रवार को होटल पनाश, पटना में 'क्षितिज' थीम के साथ संपन्न हुआ। समारोह में रोटरी के जिला पदाधिकारी, क्लब के सदस्य, विशिष्ट अतिथि एवं अन्य आमंत्रित लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रीय गान, दीप प्रज्ज्वलन एवं गणेश वंदना से हुई। इसके बाद अतिथियों का सम्मान किया गया तथा निवर्तमान पदाधिकारियों ने अपने कार्यकाल की रिपोर्ट प्रस्तुत की। कॉलर एक्सचेंज सेरेमनी के माध्यम से वर्ष 2026-27 के लिए नए नेतृत्व ने औपचारिक रूप से पदभार ग्रहण किया। समारोह में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन अनु नारंग मुख्य अतिथि तथा पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन संदीप नारंग विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए।

# बाजार प्रांगणों को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए दिया गया निर्देश : विजय कुमार सिन्हा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने सभी अनुमंडल पदाधिकारी सह विशेष पदाधिकारी, कृषि बाजार समिति (वि.) को उनके क्षेत्राधिकार अंतर्गत स्थित सभी बाजार प्रांगणों का नियमित निरीक्षण कर यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि बाजार प्रांगण में किसी भी व्यक्ति, संस्था अथवा संगठन द्वारा बिना विधिवत अनुमति के किसी प्रकार का अवैध हाट, मेला अथवा अन्य अनाधिकृत गतिविधि संचालित न हो। साथ ही बाजार प्रांगण में कोई अतिक्रमण न हो, यदि ऐसी कोई गतिविधि संज्ञान में आती है तो उसके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई करते हुए उसे तत्काल बंद कराना सुनिश्चित किया जाय। श्री सिन्हा के कहा कि ऐसी सूचना प्राप्त हो रही है कि बाजार समिति के प्रांगणों में विभिन्न प्रकार का आयोजन बिना अनुमति किया जा रहा है। कृषि विपणन निदेशालय के अधीनस्थ बाजार प्रांगणों में बिना सक्षम प्राधिकार की अनुमति के किसी भी प्रकार का अवैध हाट, मेला, अस्थायी बाजार अथवा अन्य अनाधिकृत व्यावसायिक गतिविधियों का संचालन किया जाना अनुमान्य नहीं है। उन्होंने कहा कि निरसन अधिनियम की धारा-4 के अन्तर्गत विशेष पदाधिकारी को बाजार समिति की सभी अचल सम्पत्तियों का जिनमें भूमि भवन शामिल है का प्रभार लेना है। साथ ही उनको बाजार समिति की चल सम्पत्तियों, जिनमें बैंक या अन्य स्थानों पर जमा अथवा हाथ में रखी गयी नगद राशि, गाड़ियां, उपकरण, संयंत्र, उपस्कर आदि शामिल है, का प्रभार भी ले लेना है। विशेष पदाधिकारी इस प्रकार प्रभार में ली गयी सभी चल एवं अचल सम्पत्तियों को राज्य सरकार की ओर से तथा राज्य सरकार के लिए अपने प्रभार में रखेंगे तथा बाजार पर्षद के प्रशासक एवं सरकार के निदेशों के अनुसार कार्य करेंगे। उल्लेखनीय है कि इन सम्पत्तियों का उपयोग कृषि तथा किसानों से संबंधित कार्यों में ही किया जा सकता है जिसमें कृषि आधारित उद्योगों की स्थापना, बागवानी, कृषि सेवा, कृषि विपणन, कृषि उत्पादन, भंडारण आदि शामिल होंगे। कृषि मंत्री ने निर्देश दिया कि इस बात का विशेष ध्यान रखा जाय की किसी अन्य प्रयोजनार्थ इनका व्यवहार गैर कानूनी होगा।

# धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा विपक्षी दलों के दबाव का नतीजा : राजद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के प्रवक्ता एजाज अहमद ने कहा कि शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा छात्र आंदोलन और विपक्षी दलों के दबाव का नतीजा है। इन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इतना किरकिरी करवा कर छात्र आंदोलनकारी पर अत्याचार और अन्यायपूर्ण व्यवहार करवा कर जिस तरह से छात्र आंदोलन को बदनाम करवाने की साजिश की गई थी, उसकी परवाह किए बिना छात्रों ने अपनी मांगों को लेकर जो जनआक्रोश और एकता दिखाया और जिस तरह से विपक्षी दलों ने आंदोलनकारी छात्रों का साथ दिया उससे नरेंद्र मोदी सरकार घबरा गई और केंद्र सरकार ने आंदोलन को दबाने के लिए जितना भी दबाव बनाया और आंदोलन को बदनाम करने के लिए चाहे जो भी कार्य किया हो उसकी परवाह किए बिना आंदोलन चलता रहा।

# शिक्षा सुधार आंदोलन में इस्तीफा के बाद भी न्याय अधूरा : राजेश राम



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** नीट यूजी परीक्षा पेपर लीक, सीबीएसई परीक्षा में अनियमितता और देश में लीक प्रूफ परीक्षा प्रणाली और बेहतर शिक्षा की मांग को लेकर चल रहे छात्र आंदोलनों और देश के नेता विपक्ष राहुल गांधी के द्वारा प्रधानमंत्री को सदन में बैकफुट पर डालने से विवश होकर केंद्र की दंभी और अहंकारी मोदी सरकार के अकर्मण्य शिक्षा मंत्री ने अंततः इस्तीफा दे दिया। ये बातें प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में आयोजित विजय मार्च बिहार कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने कही। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि 22 नीट अभ्यर्थियों को आत्महत्या के लिए विवश करने वाली यह सरकार लगातार पेपर लीक के मुद्दे पर मौन धारण किए रही और छात्रों की वाजिब मांगों को लगातार दरकिनार करती रही। भाजपा सरकार के नेतृत्व वाली सरकार ने रोजगार और शिक्षा के मामले में छात्रों की हकमारी की है। लगातार छात्रों ने बेहतर शिक्षा व्यवस्था के लिए आंदोलन किया और उसे देश के नेता प्रतिपक्ष ने छात्रों की गूंज के माध्यम से व्यापक फलक प्रदान किया।

# मंडल अध्यक्ष ही भाजपा में विधायक उम्मीदवार बन सकता है : मिथिलेश तिवारी

## मातृ शक्ति के आशीर्वाद से भाजपा बेहतर परिणाम के साथ जीतेगी प्रो. रणवीर नंदन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने कहा कि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जहां एक मंडल अध्यक्ष भी विधायक का उम्मीदवार बन सकता है यही बीजेपी और अन्य पार्टियों में अंतर है। श्री तिवारी बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव के लिए बुद्धा कॉलोनी स्थित मॉडर्न कॉम्पिटेटिव स्कूल परिसर में एक चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बात बांकीपुर के लोगों का सेना तब गर्व से चौड़ा हो जाता है जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहते हैं नितिन नवीन इज माय बॉस। उन्होंने कहा कि बांकीपुर के क्षेत्र में युद्ध के लिए यहां विरोधियों के द्वारा द्वारा एक उम्मीदवार लाया गया है जो पैसा लेकर नेताओं के लिए पहले काम करता था उसे उम्मीदवार के द्वारा बंगाल में हिंदुओं को प्रताड़ित करने वाले पार्टी के लिए काम किया गया था। इसलिए बांकीपुर के लोगों से आग्रह है कि वे लोग मतदान में ज्यादा से ज्यादा हिस्सा लेकर भाजपा के उम्मीदवार नीरज सिंह को विजयी बनाएं। इस मौके पर बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष प्रोफेसर रणवीर नंदन ने कहा कि मतदान में सबसे अधिक महिलाएं सक्रिय होती है उनका मतदान अनुपात पुरुषों की तुलना में तीन से चार परसेंट हर चुनाव में ज्यादा होता है।

# पांच वर्ष में डीएल बनवाने वाली महिलाओं की संख्या में डेढ़ गुना की बढ़ोतरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राज्य में महिलाएं अब दोपहिया और चारपहिया वाहनों की कमान बेझिझक संभालते हुए शिक्षा, नौकरी, व्यवसाय और अन्य गंतव्यों पर पहुंच रही हैं। परिवहन विभाग के आंकड़ों से पता चलता है कि पिछले पांच वर्षों में एक लाख से अधिक महिलाओं ने ड्राइविंग लाइसेंस (डीएल) बनवाया है। यह संख्या हर वर्ष बढ़ती जा रही है जो महिलाओं में बढ़ती जागरूकता और सशक्तिकरण का प्रमाण है। आंकड़ों के अनुसार इन पांच वर्षों में महिलाओं के डीएल लेने की संख्या में डेढ़ गुना बढ़ोतरी हुई है। प्रति वर्ष कुल डीएल में महिलाओं की हिस्सेदारी अब 3 प्रतिशत के करीब पहुंच गई है। परिवहन विभाग के सचिव राज कुमार ने कहा कि बिहार की महिलाएं अब अधिक आत्मविश्वासी होकर वाहनों का संचालन कर रही है। महिलाओं के डीएल की संख्या में निरंतर वृद्धि सरकार की महिला सशक्तिकरण नीतियों का प्रत्यक्ष परिणाम है। आगे बताया कि वर्ष 2021 में जनवरी से दिसंबर के बीच 18 हजार से अधिक महिलाओं ने ड्राइविंग लाइसेंस बनवाया है। वर्ष 2022 और 2023 में यह संख्या लगभग 20-20 हजार रही। वर्ष 2024 में आंकड़ा 21 हजार 400 था।

# चार माह से बंद केवाइपी केंद्र खोलने की मांग को लेकर जन्दाहा में प्रदर्शन, सरकार से तत्काल निर्णय की अपील

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**जन्दाहा (वैशाली)।** कुशल युवा कार्यक्रम के चार माह से बंद पड़े प्रशिक्षण केंद्रों को पुनः शुरू करने की मांग को लेकर शनिवार को जन्दाहा में छात्र-छात्राओं, प्रशिक्षकों, केंद्र संचालकों एवं युवाओं ने विरोध-प्रदर्शन किया। 'केवाईपी बचाओ अभियान' के तहत आयोजित प्रदर्शन में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेते हुए सरकार से प्रशिक्षण व्यवस्था तत्काल बहाल करने की मांग की। प्रदर्शन का नेतृत्व केवाईपी वेलफेयर सोसाइटी, वैशाली के अध्यक्ष एवं कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी, जन्दाहा के निदेशक डॉ. आनन्द रंजन झा ने किया। उन्होंने कहा कि केंद्रों के बंद रहने से हजारों युवाओं की पढ़ाई और कौशल प्रशिक्षण प्रभावित हो रहा है। नए नामांकन भी पूरी तरह बंद है जिससे बड़ी संख्या में छात्र योजना का लाभ लेने से वंचित हैं। उन्होंने कहा कि केवाईपी योजना ने वर्षों तक ग्रामीण एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के युवाओं को कौशल विकास और रोजगार से जोड़ने का कार्य किया है। वर्तमान स्थिति से न केवल विद्यार्थियों का भविष्य प्रभावित हुआ है, बल्कि प्रशिक्षकों एवं केंद्र संचालकों के सामने भी आर्थिक संकट गहरा गया है। प्रदर्शन के दौरान प्रतिभागियों ने सरकार के समर्थन में कौशल विकास को मजबूत करने तथा बंद केंद्रों को शीघ्र चालू करने की मांग उठाई।

# संपादकीय

## नीट पेपर लीक के बाद उठे सवाल- क्या सिर्फ आश्वासन से लौटेगा युवाओं का भरोसा?

नीट 2026 के प्रश्नपत्र लीक होने के बाद अब यह मामला इतना तूल पकड़ चुका है कि सरकार को कई स्तर पर स्पष्टीकरण देने की जरूरत पड़ रही है। किसी भी मसले पर सरकार के रुख की वजह से अगर जनता या उसके एक हिस्से के बीच असंतोष फैलता है, तो उसका हल निकालना सरकार का ही दायित्व है। इस लिहाज से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवाओं को संबोधित करते हुए अगर यह कहा कि प्रश्नपत्र लीक के दोषियों को सजा दिलाने के लिए सरकार ने त्वरित अदालतें स्थापित करने का फैसला किया है और युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाले किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा, तो यह वक्त का तकाजा है।मगर सदिच्छाओं से ही अगर समस्याओं का समाधान निकल पाता, तो आज देश में बड़ी तादाद में युवाओं के सामने शायद सड़क पर उतरने की नौबत नहीं आती। निश्चित तौर पर नीट 2026 के प्रश्नपत्र लीक होने और इसकी वजह से समूची परीक्षा का रद्द होना विद्यार्थियों के बीच असंतोष भड़कने का तात्कालिक कारण बना है, लेकिन सवाल है कि क्या यह प्रश्नपत्र लीक होने का कोई पहला मामला था! ऐसा क्यों है कि देश भर में इससे उपजे आंदोलन और उसमें पुलिस कार्रवाई के रुख को लेकर तीखे सवाल उठे हैं और इसके बावजूद सरकार को किसी की जिम्मेदारी तय करना जरूरी नहीं लगता।प्रदर्शनकारियों की एक बुनियादी मांग है कि इसके लिए केंद्रीय शिक्षा मंत्री से इस्तीफा लिया जाए, लेकिन ऐसा लगता है कि सरकार की नजर में इस सवाल की कोई अहमियत नहीं है। वरना क्या वजह है कि इस मुद्दे पर देश के अन्य हिस्सों में भी आंदोलन का दायरा फैलने के बावजूद सरकार अब तक कोई ठोस कार्रवाई करती नहीं दिखी है। यह एक बड़ा कारण हो सकता है कि विद्यार्थियों के एक बड़े तबके के बीच सरकार की कथनी पर भरोसा नहीं बन पा रहा है।सच यह है कि पिछले कई वर्षों से अक्सर किसी न किसी परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक होने के मामले सामने आते रहे और अगर किसी घटना ने तूल पकड़ लिया, तो सरकार की ओर से सबसे पहली कार्रवाई परीक्षा को रद्द करने की हुई। मगर न तो परीक्षा आयोजित कराने वाली एजेंसी को कठघरे में खड़ा किया गया, न ही संबंधित महकमे के मंत्री से जवाब-तलब किया गया। विपक्ष के एक आरोप के मुताबिक, वर्ष 2014 में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के सत्ता में आने के बाद से अब तक 152 प्रश्नपत्र लीक हो चुके हैं और इससे करीब साढ़े सात करोड़ विद्यार्थी प्रभावित हुए।ऐसे में अगर प्रदर्शनकारियों से लेकर विपक्षी दलों की ओर से भी केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग की जा रही है, तो यह अनायास नहीं है। नीट 2026 के प्रश्नपत्र लीक होने के बाद अब यह मामला इतना तूल पकड़ चुका है कि सरकार को कई स्तर पर स्पष्टीकरण देने की जरूरत पड़ रही है।

# राष्ट्रीय ध्वज- राष्ट्र की अखंडता का अमर प्रतीक

(ललित गर्ग)

**राष्ट्रीय ध्वज किसी भी राष्ट्र का सबसे गौरवपूर्ण प्रतीक होता है। वह केवल रंगों से सजा हुआ एक वस्त्र नहीं, बल्कि करोड़ों लोगों की सामूहिक चेतना, उनके संघर्ष, उनके बलिदान, उनकी संस्कृति और उनके भविष्य के सपनों का सजीव स्वरूप होता है। जब कोई राष्ट्र अपने ध्वज को सम्मानपूर्वक फहराता है, तब वह केवल एक झंडा नहीं लहराता, बल्कि अपने इतिहास, अपने स्वाभिमान और अपनी राष्ट्रीय अस्मिता को विश्व के समक्ष प्रतिष्ठित करता है। भारत में हर साल 22 जुलाई को राष्ट्रीय ध्वज दिवस मनाया जाता है। इस दिन को मनाने का मुख्य कारण यह है कि 22 जुलाई 1947 को संविधान सभा द्वारा स्वतंत्र भारत के राष्ट्रीय ध्वज (तिरंगे) को आधिकारिक रूप से अपनाया गया था। यह दिवस हमें अपने राष्ट्रीय गौरव, स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान और ध्वज रूपी प्रतीक-जैसे साहस, शांति और समृद्धि की याद दिलाता है।**

राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान इसलिए भी आवश्यक है क्योंकि वह केवल वर्तमान पीढ़ी का नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों की राष्ट्रीय चेतना का आधार है। यदि किसी समाज में राष्ट्रीय प्रतीकों के प्रति सम्मान कम होने लगे, तो धीरे-धीरे राष्ट्रीय एकता, सामाजिक विश्वास और सामूहिक उत्तरदायित्व भी कमजोर होने लगते हैं।

राष्ट्रीय ध्वज किसी भी राष्ट्र का सबसे गौरवपूर्ण प्रतीक होता है। वह केवल रंगों से सजा हुआ एक वस्त्र नहीं, बल्कि करोड़ों लोगों की सामूहिक चेतना, उनके संघर्ष, उनके बलिदान, उनकी संस्कृति और उनके भविष्य के सपनों का सजीव स्वरूप होता है। जब कोई राष्ट्र अपने ध्वज को सम्मानपूर्वक फहराता है, तब वह केवल एक झंडा नहीं लहराता, बल्कि अपने इतिहास, अपने स्वाभिमान और अपनी राष्ट्रीय अस्मिता को विश्व के समक्ष प्रतिष्ठित करता है। भारत में हर साल 22 जुलाई को राष्ट्रीय ध्वज दिवस मनाया जाता है। इस दिन को मनाने का मुख्य कारण यह है कि 22 जुलाई 1947 को संविधान सभा द्वारा स्वतंत्र भारत के राष्ट्रीय ध्वज (तिरंगे) को आधिकारिक रूप से अपनाया गया था। यह दिवस हमें अपने राष्ट्रीय गौरव, स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान और ध्वज रूपी प्रतीक- जैसे साहस, शांति और समृद्धि की याद दिलाता है। भारत का तिरंगा भी इसी गौरव, त्याग, एकता और आत्मविश्वास का प्रतीक है। इसकी प्रत्येक लहराती हुई धारा स्वतंत्रता संग्राम के उन असंख्य ज्ञात-अज्ञात वीरों की स्मृति को जीवित करती है, जिन्होंने अपने प्राणों का उत्सर्ग कर इस ध्वज को सम्मान दिलाया। भारतीय राष्ट्रीय ध्वज हमारे संविधान की मूल भावना, लोकतांत्रिक मूल्यों और विविधता में एकता की महान परंपरा का प्रतिनिधि है। भारत अनेक भाषाओं, धर्मों, संस्कृतियों और परंपराओं वाला विशाल देश है, लेकिन जब तिरंगा आकाश में लहराता है तो सारी विविधताएं एक राष्ट्रीय पहचान में समाहित हो जाती हैं। यही उसकी सबसे बड़ी शक्ति है। वह हमें यह स्मरण कराता है कि हमारी व्यक्तिगत पहचान से ऊपर हमारी राष्ट्रीय पहचान है और राष्ट्र सर्वोपरि है।



राष्ट्रीय ध्वज का महत्व केवल राष्ट्रीय पर्वों तक सीमित नहीं है। यह प्रत्येक नागरिक के जीवन में राष्ट्रभक्ति, अनुशासन और कर्तव्यबोध का संस्कार जगाने वाला प्रेरणा-स्रोत है। विद्यालयों में ध्वजारोहण, सेना के शिविरों में तिरंगे को सलामी, खिलाड़ियों द्वारा अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में तिरंगे के साथ विजय-उत्सव तथा वैज्ञानिकों द्वारा अंतरिक्ष अभियानों में राष्ट्रीय ध्वज का प्रदर्शन-ये सभी दृश्य हमें यह अनुभव कराते हैं कि ध्वज केवल एक प्रतीक नहीं, बल्कि राष्ट्रीय गौरव की जीवंत अभिव्यक्ति है। भारतीय तिरंगे का प्रत्येक रंग अपने भीतर एक गहन संदेश समेटे हुए है। केसरिया रंग हमें त्याग, साहस और निस्वार्थ नेतृत्व की प्रेरणा देता है। यह बताता है कि राष्ट्र के निर्माण में व्यक्तिगत स्वार्थों का नहीं, बल्कि समर्पण और बलिदान का महत्व है। सफेद रंग सत्य, शांति और पारदर्शिता का प्रतीक है। यह हमें जीवन और शासन दोनों में नैतिकता तथा सद्भाव बनाए रखने का संदेश देता है। हरा रंग समृद्धि, प्रकृति, कृषि और विकास का प्रतीक है, जो भारत की जीवनदायिनी धरती और उसके उज्ज्वल भविष्य की ओर संकेत करता है। इन तीनों रंगों के मध्य स्थित गहरे नीले रंग का अशोक चक्र गतिशीलता, न्याय, धर्म और सतत प्रगति का संदेश देता है। यह हमें याद दिलाता है कि ठहराव मृत्यु है और निरंतर आगे बढ़ना ही जीवन का नियम है।

राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान इसलिए भी आवश्यक है क्योंकि वह केवल वर्तमान पीढ़ी का नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों की राष्ट्रीय चेतना का आधार है। यदि किसी समाज में राष्ट्रीय प्रतीकों के प्रति सम्मान कम होने लगे, तो धीरे-धीरे राष्ट्रीय एकता, सामाजिक विश्वास और सामूहिक उत्तरदायित्व भी कमजोर होने लगते हैं। राष्ट्र पहले भावनाओं से जुड़ता है, बाद में व्यवस्थाओं से। राष्ट्रीय ध्वज उन्हीं भावनाओं का सबसे शक्तिशाली माध्यम है। दुर्भाग्य की बात है कि समय-समय पर कुछ सामाजिक और राजनीतिक तत्व अपने तात्कालिक स्वार्थों, राजनीतिक प्रतिस्पर्धा या वैचारिक कटुता के कारण राष्ट्रीय प्रतीकों को विवाद का विषय बना देते हैं। कभी राष्ट्रीय ध्वज को राजनीतिक मंचों पर अनावश्यक विवादों में घसीटा जाता है, कभी उसकी गरिमा को कम करने वाले वक्तव्य दिए जाते हैं और कभी उसे केवल दलगत दृष्टि से देखने का प्रयास किया जाता है। यह प्रवृत्ति अत्यंत चिंताजनक है, क्योंकि राष्ट्रीय प्रतीक किसी दल, सरकार या विचारधारा के नहीं होते, वे पूरे राष्ट्र की साझा धरोहर होते हैं। सरकारें बदलती रहती हैं, राजनीतिक दल आते-जाते रहते हैं, लेकिन राष्ट्रीय ध्वज सदैव राष्ट्र की स्थायी पहचान बना रहता है।

जब राष्ट्रीय प्रतीकों का उपयोग राजनीतिक लाभ या विरोध का माध्यम बन जाता है, तब सबसे अधिक क्षति राष्ट्र की सामूहिक चेतना को होती है। लोकतंत्र में सरकार की आलोचना करना नागरिक का अधिकार है, नीतियों पर प्रश्न उठाना स्वस्थ परंपरा है, किंतु राष्ट्रीय ध्वज, राष्ट्रगान, संविधान और अन्य राष्ट्रीय प्रतीकों को विवाद का विषय बनाना लोकतांत्रिक मर्यादाओं के विपरीत है। राजनीतिक मतभेद राष्ट्रभक्ति के स्थान पर नहीं आ सकते। राष्ट्र से ऊपर कोई दल, कोई नेता और कोई विचारधारा नहीं हो सकती। कुछ लोग यह भूल जाते हैं कि राष्ट्रीय ध्वज पर आक्षेप वास्तव में उन लाखों बलिदानों का अनादर है, जिनके कारण यह ध्वज आज स्वतंत्र आकाश में लहरा रहा है। भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, नेताजी सुभाषचंद्र बोस, महात्मा गांधी, सरदार पटेल, रानी लक्ष्मीबाई और असंख्य स्वतंत्रता सेनानियों का संघर्ष किसी दल के लिए नहीं, बल्कि इसी तिरंगे के सम्मान के लिए था। इसलिए राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान करना केवल संवैधानिक दायित्व नहीं, बल्कि ऐतिहासिक उत्तरदायित्व भी है। आज आवश्यकता इस बात की है कि राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान केवल औपचारिक अवसरों तक सीमित न रहे। यह हमारे व्यवहार, विचार और सार्वजनिक जीवन का स्थायी संस्कार बने। विद्यालयों में राष्ट्रीय ध्वज के इतिहास और उसके मूल्यों का समुचित अध्ययन कराया जाए। युवाओं को यह बताया जाए कि तिरंगा केवल स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस का प्रतीक नहीं, बल्कि प्रत्येक दिन राष्ट्र के प्रति उत्तरदायित्व का स्मरण कराने वाला प्रेरक ध्वज है। सामाजिक संगठनों, सांस्कृतिक संस्थाओं और मीडिया को भी इस दिशा में सकारात्मक भूमिका निभानी चाहिए।

आज डिजिटल युग में भी राष्ट्रीय ध्वज का महत्व और बढ़ गया है। सोशल मीडिया पर उसकी गरिमा बनाए रखना, उसके उपयोग में संवैधानिक मर्यादाओं का पालन करना और राष्ट्रीय प्रतीकों को राजनीतिक प्रचार का साधन न बनने देना हम सभी का दायित्व है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता लोकतंत्र की आत्मा है, लेकिन स्वतंत्रता के साथ जिम्मेदारी भी जुड़ी होती है। राष्ट्रीय सम्मान की रक्षा उसी जिम्मेदारी का सर्वोच्च स्वरूप है। राष्ट्रीय ध्वज हमें यह भी सिखाता है कि सच्चा राष्ट्रप्रेम केवल नारों में नहीं, बल्कि आचरण में दिखाई देता है। ईमानदारी से अपना कार्य करना, कानून का पालन करना, सामाजिक सौहार्द बनाए रखना, पर्यावरण की रक्षा करना, करों का ईमानदारी से भुगतान करना, समाज के कमजोर वर्गों के प्रति संवेदनशील रहना और राष्ट्रहित को व्यक्तिगत हित से ऊपर रखना-ये सभी तिरंगे के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि हैं। केवल ध्वज फहराना पर्याप्त नहीं, उसके आदर्शों को जीवन में उतारना अधिक आवश्यक है।

भारत आज विश्व मंच पर नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर है। विज्ञान, प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष, खेल, अर्थव्यवस्था और कूटनीति के क्षेत्र में भारत की उपलब्धियां तिरंगे की प्रतिष्ठा को और ऊंचा कर रही हैं। जब भारतीय वैज्ञानिक चंद्रमा पर सफलता का इतिहास रचते हैं, जब कोई खिलाड़ी ओलंपिक में तिरंगा लहराता है, जब सेना का जवान सीमा पर तिरंगे की रक्षा करते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान देता है, तब यह स्पष्ट हो जाता है कि राष्ट्रीय ध्वज केवल कपड़े का एक टुकड़ा नहीं, बल्कि करोड़ों भारतीयों की आशाओं, आकांक्षाओं और आत्मगौरव का अमर प्रतीक है। अंततः राष्ट्रीय ध्वज हमारी राष्ट्रीय आत्मा का दृश्य रूप है। वह हमें जोड़ता है, प्रेरित करता है और यह विश्वास दिलाता है कि मतभेदों के बावजूद हम एक हैं। उसकी गरिमा की रक्षा करना केवल सरकार का नहीं, प्रत्येक नागरिक का नैतिक और राष्ट्रीय दायित्व है। जिस दिन प्रत्येक भारतीय यह समझ लेगा कि तिरंगे का सम्मान वास्तव में अपने राष्ट्र, अपने इतिहास और अपने भविष्य का सम्मान है, उस दिन राष्ट्रीय एकता और लोकतांत्रिक चेतना की जड़ें और अधिक सुदृढ़ होंगी। तिरंगा हमारी आन है, हमारी बान है, हमारी शान है और हमारे अमर राष्ट्रीय स्वाभिमान का सर्वोच्च प्रतीक है। इसकी प्रतिष्ठा में ही भारत की प्रतिष्ठा निहित है।(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# टीवी प्रसारण की भूमिका राष्ट्र निर्माण में अहम

(डॉ. रमेश ठाकुर)

भारत में प्रसारण का कलर 25 अप्रैल 1982 में बदला गया। यहीं से रंगीन टीवी की शुरुआत हुई, वरना इससे पहले तक पर्दा सफेद ही था। ये वह वक्त था जब दिल्ली में एशियाई खेलों का महाकुंभ आरंभ होना था। तब तेजी से वैश्विक स्तर पर मांग उठ रही थी कि खेलों का प्रसारण रंगीन पर्दे पर किया जाए।

भारत में 'राष्ट्रीय प्रसारण दिवस' प्रत्येक 23 जुलाई को मनाया जाता है। सूचना विधाओं के लिहाज से आज का दिन रेडियो क्रांति और प्रसारण का प्रतीक भी है। दिवस की शुरुआत वर्ष-1927 में हुई थी जिसका आज का 99 वां संस्करण है। सर्वविदित है कि 23 जुलाई 1927 को 'इंडियन ब्रॉडकास्टिंग कंपनी' नाम से एक प्राइवेट संस्था ने 'बॉम्बे रेडियो क्लब' स्टेशन से हिंदुस्तान में पहला प्रसारण किया गया था जो ब्रिटिश औपनिवेशिक हुकूमत द्वारा लाइसेंस प्राप्त थी। कुछ वर्षों बाद 'ऑल इंडिया रेडियो' और फिर आकाशवाणी के रूप में स्थापित हुई। वैसे, विधिवत रूप से प्रसारण मंच का शुभारंभ 8 जून 1936 से हुआ था। इसी दिन से विविध भाषाओं, संस्कृतियों और विचारों को एक सूत्र में पिरोने का चलन आरंभ हुआ। आकाशवाणी का नाम प्रसिद्व रचनाधर्मी 'एमबी गोपालस्वामी' द्वारा दिया गया था, जो संस्कृत शब्द से गढ़ा गया था। जिसका शाब्दिक मतलब होता है 'आकाश से आवाज'। इस शब्द को आधिकारिक रूप से 1935 में मैसूर में भारत के पहले निजी रेडियो स्टेशन की स्थापना के वक्त इस्तेमाल हुआ, जिसे बाद में भारत सरकार ने सार्वजनिक और आधिकारिक रूप से सरकारी रेडियो के लिए प्रयोग किया। भारतीयवायु सेना भर्ती प्रसार भारती के नाम से प्रचलित भारतीय प्रसारण तंत्र आज विश्व का बससे बड़ा ब्रॉडकास्ट डिविजन है। 15 सिंतबर 1959 को, दिल्ली स्थित ऑल इंडिया रेडियो के स्टूडियों में, भारत का पहला टीवी चैनल शुरू किया गया था जो आज 'दूरदर्शन' यानी डीडी न्यूज के नाम से प्रसिद्व है। प्रसारण के विस्तार पर अगर नजर डालें, तो वर्तमान में आकाशवाणी के कुल 591 रेडियो केंद्र और प्रसारण के 230 स्टेशन संचालित हैं। वहीं, सूचना एंव प्रसारण मंत्रालय के नवीनतम आंकड़ो के अनुसार, भारत में इस समय 908 निजी सैटेलाइट टीवी न्यूज चैनल सार्वजनिक प्रसारण सेवा में हैं। इनमें 40 फीसदी यानी करीब 350-400 के बीच केवल समाचार श्रेणी के हैं, जो हिंदी, अंग्रेजी के अलावा विभिन्न राज्यस्तरीय भाषाओं में संचालित हैं। निजी प्रसारण में आगमन सबसे पहले 1992 में 'जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज' से हुआ, उसके बाद तो निजी क्षेत्र में प्रसारणों की बाढ़ आ गई। करीब 3 हजार से अधिक नए लाइसेंसों के लिए मंत्रालय में आवेदन आवेदित हैं।

भारत में प्रसारण का कलर 25 अप्रैल 1982 में बदला गया। यहीं से रंगीन टीवी की शुरुआत हुई, वरना इससे पहले तक पर्दा सफेद ही था। ये वह वक्त था जब दिल्ली में एशियाई खेलों का महाकुंभ आरंभ होना था। तब तेजी से वैश्विक स्तर पर मांग उठ रही थी कि खेलों का प्रसारण रंगीन पर्दे पर किया जाए। इसके बाद 'ब्लैक एंड व्हाइट' के दौर का अंत हुआ और टीवी का पर्दा रातों-रात कलरफुल हो गया। टीवी प्रसारण का मतलब होता है ऑडियो और वीडियो सामग्री को विधुत चुम्बकीय तरंगों जैसे केबल, सैटेलाइट या इंटरनेट के जरिए जन जन तक पहुंचाना। प्रसारण आज के समय में सभी के जीवन का हिस्सा बन गया है। प्रसारण ऐसी संचार प्रणाली है जो दर्शकों को घर बैठे न्यूज से लेकर मनोरंजन के सभी माध्यमों को परोसता है। हालांकि, तकनीकी विकास के साथ प्रसारण विधाओं में काफी बदलाव हुआ है। अब दर्शक केबल या सैटेलाइट यंत्रों पर ही निर्भर नहीं रहते। दर्शक डाटा खर्च करके मोबाइल से ही हर प्रकार के प्रसारण का लुफ्त उठा लेते हैं। फिर चाहे, मैच हो या समाचार।

प्रसारण के क्षेत्र में अब इंटरनेट, डिजिटल और ओटीटी ने और विस्तार कर दिया है। सरकार सालाना प्रसारण से विज्ञापनों और फ्रीडिश से करीब 1200 से 1600 करोड़ रूपए कमाती है। वित्त वर्ष 2024-25 में प्रसार भारती का कुल राजस्व 1643 करोड़ था जिसमें से प्रमुख हिस्सा सरकारी डीटीएच प्लेटफार्म का था। साल 2025 के शीतकालीन सत्र में लोकसभा में सूचना एंव प्रसारण मंत्रालय द्वारा बताया गया था कि ऑल इंडिया रेडियो और दूरदर्शन ने निजी विज्ञापनों से तीन साल यानी 2022 से 2025 के बीच कुल 587.78 करोड़ कमाए। वहीं, 2025-2026 के अतं तक 650 करोड़ कमाने का लक्ष्य प्रसार भारती ने रखा हुआ है। ये ऐसा लक्ष्य है जिसे भी आसानी से हासिल किया जा सकता है। राष्ट निर्माण में प्रसारण की जो स्वर्णिम यात्रा सदियों पहले आरंभ हुई थी वह आज भी निरंतर जारी है। प्रसारण का क्षेत्र जनमानस के मन के तारों को छूता है। प्रसारण के जरिए ही बदलती तकनीकों के साथ संवाद भी निरंतर जारी हैं। केंद्र सरकार ने फ्री और निशुल्क चैनलों का वर्गीकरण भी बीते कुछ सालों से किया है, ताकि कोई भी दर्शक प्रसारण के रस से अछूता न रहे। 'बहुजन हिताय, बहुजन सुखाय' ऐसा प्रसारण नारा है ।

# घटती नदियां, बढ़ता जल संकट- पानी के कुप्रबंधन की कीमत चुका रहा है भारत

(अंशुल उपाध्याय)

आज विश्व की जनसंख्या लगभग आठ अरब है। जलवायु परिवर्तन के कारण जल संकट के बीच पानी की बढ़ती मांग इस समय बड़ी चुनौती बनती जा रही है।

नदियों का घटता जल स्तर गंभीर चिंता का विषय है। यह स्थिति जलवायु परिवर्तन और पानी के अत्यधिक दोहन के कारण पैदा हो रही है। केंद्रीय जल आयोग की रिपोर्ट के अनुसार, भारत की प्रमुख नदियों के बेसिन की क्षमता तेजी से गिरी है। कुछ प्रमुख नदियों के जलस्तर में गिरावट आई है। इस श्रेणी में नर्मदा नदी को देखें, तो जबलपुर में इसके जल स्तर में भारी कमी आई है। ग्वारीघाट और बरगी जैसे क्षेत्रों में पानी काफी कम हो गया है। अलग-अलग हिस्सों में पानी का स्तर एक से तीन मीटर तक कम हुआ है, जिससे कई जगहों पर घाट और टापू नजर आने लगे हैं।

दिल्ली और हरियाणा में भी यमुना का जल स्तर अक्सर अपने सामान्य स्तर से नीचे चला जाता है, जिससे जल शोधन संयंत्रों की क्षमता प्रभावित होती है। गर्मियों में भूजल का स्तर लगभग पचास फीसद तक कम हो जाता है। छत्तीसगढ़ और ओडिशा के बीच बहने वाली महानदी का प्रवाह भी अपेक्षाकृत कम हुआ है और इसके बेसिन में भी पानी का स्तर पचास फीसद से भी कम दर्ज किया गया है। दक्षिण भारत की प्रमुख नदियों कावेरी और कृष्णा के जल स्तर में पिछले वर्ष की तुलना में भारी गिरावट (लगभग 33 फीसद) दर्ज की गई है। अपर्याप्त वर्षा और अत्यधिक गर्मी के कारण दक्षिणी क्षेत्र के प्रमुख जलाशयों में जल स्तर घटकर उनकी कुल क्षमता का मात्र बीस फीसद रह गया है।

जल स्तर में कमी के कारणों में कम वर्षा और जलवायु परिवर्तन अधिक जिम्मेदार हैं। वैश्विक तापमान में वृद्धि और कम वर्षा के कारण प्राकृतिक जल चक्र प्रभावित हो रहा है। इससे नदियों को पर्याप्त वर्षा जल नहीं मिल पाता। वहीं बांधों ने भी स्थिति बिगाड़ी है। इससे जलग्रहण क्षेत्र कम हुआ है। दरअसल, नदियों पर अधिक बांध बनाने और जलग्रहण क्षेत्रों में पेड़ों की कटाई से नदियों का प्राकृतिक प्रवाह बाधित होता है।




एक समस्या अनियंत्रित सिंचाई की भी है। गौरतलब है कि कृषि में भारी मात्रा में पानी का उपयोग होता है, जो कई बार नदियों के प्राकृतिक प्रवाह से ही खींच लिया जाता है, जिससे जल स्तर तेजी से गिरता है। वहीं बोरवेल और नलकूपों के माध्यम से अत्यधिक भूजल निकालने के कारण नदियों का प्राकृतिक जलभरण घट जाता है। इससे गर्मी के महीनों में नदियों का पानी सूखने लगता है। कारखानों के लिए नदियों से बड़ी मात्रा में पानी निकाले जाने से भी असर पड़ा है। दूषित पानी वापस छोड़ने से जल की गुणवत्ता और मात्रा दोनों घटती हैं।

इसके अलावा, पानी का एक वस्तु के रूप में जिस तरह से कारोबार शुरू हुआ है, यह भी चिंता का विषय है। मीठे जल के स्रोतों में भारी कमी के कारण अब पानी को बोतलों और टैंकरों में भरकर बेचा जाने लगा है। मुंबई, दिल्ली, पुणे, अहमदाबाद और हैदराबाद जैसे बड़े शहरों में तो पानी बेचना एक आम बात हो गई है। शहरी लोग अपने दैनिक उपभोग के लिए भी पानी खरीदते हैं। पानी को वस्तुओं की श्रेणी में शामिल किया गया है। इससे यह आशंका पैदा हो गई है कि बाजार पानी की कमी के प्रभावों को और बढ़ा सकता है।

शहरों से गुजरने वाली नदियों का पानी अब इतना प्रदूषित हो चुका है कि उसका दैनिक क्रियाकलापों में भी उपयोग नहीं किया जा सकता। ऐसा लगता है कि बड़ी नदियों में शहरों का गंदा पानी छोड़ा जाना भी प्रायोजित प्रतीत होता है, ताकि पानी के व्यापार को बढ़ावा मिल सके।

जिन देशों में मीठे जल के स्रोत नहीं हैं, वहां समझ आता है कि पानी का व्यापार हो। लेकिन भारत जैसे देश में, जहां मीठे जल के पर्याप्त स्रोत रहे हैं, उनमें कमी आना और पानी का बढ़ता कारोबार अपने पीछे कई सवाल खड़े करता है। नदियों को प्रायोजित तरीकों से प्रदूषित किए जाने की आखिर क्या वजह हो सकती है? क्या इसलिए कि लोग नदी के पानी का सीधे इस्तेमाल न कर सकें? मीठे जल की अन्य देशों में अधिक मात्रा में आपूर्ति क्यों की जा रही है? जगह-जगह बोरिंग की इजाजत देने का मतलब है कि इससे भूजल स्तर लगातार कम होता जाएगा।

आज विश्व की जनसंख्या लगभग आठ अरब है। जलवायु परिवर्तन के कारण जल संकट के बीच पानी की बढ़ती मांग इस समय बड़ी चुनौती बनती जा रही है। दूसरी ओर, शहरीकरण से पानी की मांग में तेजी से वृद्धि हुई है। दोनों ही जल संकट के प्रमुख कारण हैं, विशेष रूप से उन क्षेत्रों में जहां जल आपूर्ति अनिश्चित है। उदाहरण के लिए, वर्ष 2018 में दक्षिण अफ्रीका के केपटाउन शहर में जल संकट पैदा हुआ और यह चरम सूखे, खराब जल प्रबंधन तथा अत्यधिक खपत के कारण पीने के पानी की कमी का सामना करने वाला पहला बड़ा शहर बना। चीन में भी पानी की कमी का खतरा मंडरा रहा है।

हर साल युद्ध और अन्य प्रकार की हिंसा से होने वाली मौतों से कहीं अधिक लोगों की जान जल प्रदूषण की वजह से जाती है। पृथ्वी के जल का केवल एक फीसद से भी कम हिस्सा हमारे उपयोग के लिए उपलब्ध है। इसलिए मानवीय गतिविधियां हमारे जल संसाधनों के लिए गंभीर खतरा बन रही हैं। जल प्रदूषण के कई स्रोत हैं, जिनमें अपशिष्ट जल खास तौर पर शामिल है। विश्व में अस्सी फीसद से अधिक अपशिष्ट जल बिना शोधित हुए नदियों में वापस चला जाता है। वहीं कीटनाशक और विषैले रसायन भूजल तथा आसपास के जल स्रोतों में रिस जाते हैं। परिणामस्वरूप, बहुमूल्य जल संसाधन दूषित हो जाते हैं। इससे पीने के पानी की उपलब्धता कम होती जाती है।

कहा जा सकता है कि जलवायु में हो रहे उथल-पुथल के बीच सूखा एक प्राकृतिक घटना है, जिसमें कुछ क्षेत्रों में एक निश्चित अवधि के लिए शुष्क परिस्थितियां और वर्षा की कमी बनी रहती है। हालांकि वर्षा की मात्रा विभिन्न क्षेत्रों और वर्ष के अलग-अलग समय में स्वाभाविक रूप से भिन्न हो सकती है। जलवायु परिवर्तन और वैश्विक तापमान वर्षा के स्वरूप को बदल रहे हैं। बढ़ते तापमान का मतलब है कि मिट्टी में मौजूद नमी तेजी से वाष्पित हो जाती है और भीषण लू चलने से सूखे की स्थिति और बिगड़ जाती है। इससे जल संकट बढ़ता है।

जलवायु परिवर्तन, जल प्रबंधन में गड़बड़ी और अत्यधिक खपत के कारण विश्व के कई हिस्सों में जल संकट उत्पन्न हो रहा है। ये परिस्थितियां अगर लगातार बनी रहीं, तो भारत में भी समुद्री जल को शोधित करके पीने की नौबत आ सकती है। जल संकट के दुष्परिणाम खाद्य असुरक्षा से लेकर मानवीय संघर्षों में वृद्धि के रूप में सामने आ सकते हैं। ऐसे में वैश्विक जल संसाधनों के संरक्षण के महत्त्व को समझा जा सकता है। आज पृथ्वी का कोई भी महाद्वीप जल संकट से अछूता नहीं रहा है, विशेषकर शुष्क क्षेत्रों में। अनुमान है कि आने वाले समय में विश्व की लगभग दो-तिहाई आबादी को जल संकट का सामना करना पड़ेगा। यह चिंताजनक प्रवृत्ति कई लोगों को यह प्रश्न पूछने पर मजबूर कर रही है कि भविष्य में जल की उपलब्धता की सीमा क्या होगी?

# धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग पर बिहार बंद का पालीगंज में व्यापक असर

**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर छात्र संगठनों एवं विभिन्न राजनीतिक दलों के आह्वान पर शनिवार को आयोजित बिहार बंद का पालीगंज अनुमंडल में व्यापक असर देखने को मिला। बंद पूरी तरह शांतिपूर्ण रहा। सुबह से ही नगर बाजार की अधिकांश दुकानें स्वतः बंद रहीं, जबकि सड़कों पर वाहनों का परिचालन लगभग ठप रहा। सुबह से ही आइसा एवं इंकलाबी नौजवान सभा के बैनर तले कार्यकर्ताओं ने जुलूस निकालकर पूरे बाजार में भ्रमण किया। इस दौरान बंद समर्थकों ने नारेबाजी करते हुए नगर बाजार में घूम घूम कर बंद का समर्थन मांगा तथा खुली दुकानों को बंद कराया। अधिकांश दुकानदारों ने स्वेच्छा से अपनी दुकानें बंद रखीं। बंद के कारण सड़कों पर




केवल एंबुलेंस एवं अन्य आवश्यक सेवाओं से जुड़े इक्का-दुक्का वाहन ही चलते दिखाई दिए। बंद कराने माले, आइसा,इंकलाबी नौजवान सभा के कार्यकताओं के अलावा किसी दल के कार्यकर्ता ने सड़क पर नहीं दिखाई दिये। बंद समर्थकों ने बिहटा मोड़ के समीप मुख्य सड़क पर बैठकर केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और सभा को संबोधित किया। दोपहर बाद प्रदर्शनकारियों ने अपना आंदोलन समाप्त कर सड़क खाली कर दीया, जिसके बाद यातायात सामान्य होने लगा। बंद को लेकर पूरे अनुमंडल क्षेत्र में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। अनुमंडल कार्यालय, प्रखंड कार्यालय सहित सभी प्रमुख चौक-चौराहों पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी। अनुमंडल पदाधिकारी चंदन कुमार एवं एसडीपीओ राजीव चंद्र सिंह स्वयं बिहटा मोड़ पर मौजूद रहकर स्थिति की निगरानी करते रहे। अतिरिक्त सुरक्षा के लिए पटना से भी पुलिस बल मंगाया गया था। इसके अलावा पालीगंज थाने में पदस्थापित सभी पुलिस पदाधिकारियों एवं जवानों को विभिन्न स्थानों पर तैनात किया गया था। एसडीपीओ राजीव चंद्र सिंह पूरे समय सुरक्षा व्यवस्था की मॉनिटरिंग करते रहे और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते रहे। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के कारण बंद के दौरान कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली और पूरा आंदोलन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। बंद का नेतृत्व करने वालों में प्रमुख रूप से भाकपा माले जिला कमेटी सदस्य विनेश चौधरी, सुरेंद्र पासवान, कृष नंदन कुमार, अविनाश कुमार, संतलाल सिंह, इंकलाबी नौजवान सभा के राष्ट्रीय परिषद के सदस्य राजेश कुमार सहित दर्जनों नेता इस आंदोलन का नेतृत्व कर रहे थे।

## संक्षिप्त समाचार

### सम्राट सरकार के 100 दिन पूरे, कार्यक्रम का आयोजन

**अथमलगोला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड सभागार में शनिवार को सम्राट सरकार के सौ दिन पूरे होने के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी राजेश कुमार, प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि राजकिशोर सिंह, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी श्वेता आनंद, बीस सूत्री अध्यक्ष मृगेंद्र प्रताप मंटू सहित सभी जनप्रतिनिधि एवं प्रखंड व अंचल कर्मी मौजूद रहे। इस संबंध में जानकारी देते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि सेवा संकल्प समर्पण के साथ वर्तमान सरकार के 100 दिन पूरा होने के उपलक्ष्य में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का उद्बोधन वेब कास्ट के माध्यम से सुना गया।इस मौके पर जिला प्रशासन के निर्देश के आलोक में बेहतर कार्य करने वाले प्रखंड एवं अंचल कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि राजकिशोर सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा कई लाभकारी योजनाएं चलाई जा रही है। प्रखंड के अधिसंख्यक निवासी इससे लाभान्वित हों, इसे सुनिश्चित करने का हरसंभव प्रयास किया जा रहा है। अब किसी भी समस्या के निष्पादन के लिए अत्यंत सरल व्यवस्था की गई है। जिसका आमजनों को लाभ उठाना चाहिए।



### जमीन विवाद में मारपीट, बाप-बेटों समेत 3 गिरफ्तार

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पिपरा थाना पुलिस ने जमीन विवाद में जानलेवा हमला और महिलाओं से छेड़छाड़ के मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में बजरंगी चौधरी, पिता स्वर्गीय शिव गोविंद चौधरी, अरविंद कुमार, पिता बजरंगी चौधरी और नीरज कुमार, पिता बजरंगी चौधरी, सभी निवासी ग्राम चामुचक शामिल हैं। पीड़ित औरंगजेब चौधरी, उम्र 67 वर्ष, पिता स्वर्गीय शिव गोविंद चौधरी ने पिपरा थाना कांड संख्या 81/26 दिनांक 08.07.26 में आवेदन देकर बताया कि 3 जुलाई 2026 को दोपहर करीब 2 बजे उनकी पत्नी विवादित जमीन पर ईंट से दीवार बना रही थी। इसी दौरान उपरोक्त तीनों लोग वहां पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर तीनों घर में घुस गए और लाठी-डंडे से मारपीट की। आवेदन में आरोप लगाया गया है कि आरोपितों ने पीड़ित की पत्नी के साथ अभद्र व्यवहार और छेड़छाड़ की तथा जान से मारने की धमकी भी दी।

### मथुरा प्रसाद बिहार प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत

**पालीगंज(पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** उज्ज्वल आयरन प्रतिष्ठान के संस्थापक एवं प्रख्यात समाजसेवी मथुरा प्रसाद को अखिल भारतीय रौनियार वैश्य महासभा का बिहार प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर पटना जिले सहित पूरे क्षेत्र के रौनियार समाज में खुशी की लहर दौड़ गई है। उनके मनोनयन की घोषणा के बाद बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। इस अवसर पर अखिल भारतीय रौनियार वैश्य महासभा के राष्ट्रीय संगठन मंत्री एवं रौनियार वैश्य न्यास परिषद, पटना के आजीवन सदस्य मुन्ना कुमार गुप्ता ने कहा कि मथुरा प्रसाद का मनोनयन उनके लंबे सामाजिक योगदान, कुशल नेतृत्व एवं समाज सेवा के प्रति समर्पण का सम्मान है। उन्होंने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में संगठन और अधिक मजबूत होगा तथा समाज के हितों की प्रभावी ढंग से रक्षा एवं विकास के लिए कार्य करेगा। मुन्ना कुमार गुप्ता एवं पालीगंज वैश्य नेता जवाहर गुप्ता ने मथूरा प्रसाद को नई जिम्मेदारी मिलने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की। उन्होंने कहा कि ईश्वर से प्रार्थना है कि उनके कुशल नेतृत्व में रौनियार समाज नई ऊंचाइयों को प्राप्त करे और संगठन निरंतर प्रगति एवं सशक्तिकरण के मार्ग पर अग्रसर रहे।



### लग्जरी कार से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्थानीय पुलिस ने एक उजले रंग की लग्जरी कार से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब को बरामद करने के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। डीएसपी अजीत कुमार ने बताया कि विगत संध्या में पुलिस को गुप्त सूचना मिली की एक उजला रंग का कार अवैध शराब लेकर सगुना मोड़ की तरफ से आ रहा है। थानाध्यक्ष रूपसपुर थाना के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए सघन वाहन जांच के क्रम में आरपीएस मोड़ के पास एक उजला रंग का कार रूकने का ईशारा किया गया। जो पुलिस बल को देख भागने लगें। जिसे छापामारी दल द्वारा पीछा कर गणेश दत्त मोड से आगे मैदान के पास पकड़ा गया तथा कार का विधिवत तालाशी लिया गया तो कार से कुल-300.750 ली० विदेशी शराब बरामद कर उक्त वाहन के चालक भदौर का रहने वाला आदित्य चौहान को गिरफ्तार किया गया। पूछ ताछ के क्रम में चालक द्वारा बताया गया कि ये हरियाणा से शराब लेकर बिहार के सगुना मोड़ पटना आ रहा था। उन्होंने बताया कि कर को भी जप्त कर लिया गया है और अभियुक्त पर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### बिहार सरकार के 100 दिनका हुआ लाइव प्रसारण

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार सरकार के 100 दिन पूरे होने के उपलक्ष्य में शनिवार को नगर परिषद, मोकामा के सभागार में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाना था। इस अवसर पर राज्यस्तरीय समारोह का एलईडी स्क्रीन के माध्यम से सीधा प्रसारण किया गया, जिसे बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों ने देखा।लाइव प्रसारण के दौरान सरकार की ओर से पिछले 100 दिनों में विभिन्न क्षेत्रों में किए गए कार्यों और उपलब्धियों की विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में सड़क एवं आधारभूत संरचना, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, ग्रामीण विकास, महिला सशक्तिकरण, सामाजिक सुरक्षा, रोजगार सृजन सहित कई महत्वपूर्ण योजनाओं पर प्रकाश डाला गया।कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित लोगों को कॉपी एवं कलम भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नगर परिषद मोकामा के सभापति नीलेश कुमार, ब्राण्ड एम्बेसडर छितेंद्र कुमार सिंह ,प्रवक्ता महेश सिंह, पार्षद धीरज कुमार के साथ कई वार्ड पार्षद, सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ता तथा अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।



### ट्रेन में चोरी हुआ मोबाइल बरामद, एक गिरफ्तार

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मोकामा रेल थाना क्षेत्र में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मोबाइल चोरी के एक मामले का उद्भेदन किया है।सोमवार को ट्रेन संख्या 63571 जसीडीह - मोकामा पैसेंजर में यात्रा कर रहे छोटन कुमार सिंह पिता चंद्रदेव सिंह, निवासी गिरिडीह का टेक्नो स्पार्क कंपनी का मोबाइल चार्ज में लगा हुआ था। इसी दौरान अज्ञात चोर ने मोबाइल चोरी कर लिया। पीड़ित द्वारा इसकी सूचना मोकामा रेल थाना को दी गई।मामले को गंभीरता से लेते हुए मोकामा रेल थानाध्यक्ष नीतीश कुमार ने त्वरित कार्रवाई की। उन्होंने सीसीटीवी फुटेज को खंगाला और पद्धऋकी मदद से संदिग्ध की पहचान की।पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी सतीश सिंह, पिता स्व. महेंद्र सिंह, साकिन बर्मा, थाना शेखपुरा, जिला शेखपुरा को पकड़ लिया। उसके पास से चोरी गया मोबाइल बरामद कर लिया गया है।रेल थानाध्यक्ष ने बताया कि आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद प्राथमिकी अभियुक्त को माननीय न्यायालय में भेज दिया गया है।

### एनसीसी कैडेट्स ने निकाली टीबी जागरूकता रैली

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** 29 बिहार बटालियन एनसीसी के तत्वावधान में शनिवार को एसएमडी कॉलेज, पुनपुन, पटना की एनसीसी इकाई के कैडेट्स ने पुनपुन बाजार में टीबी यानी क्षय रोग जागरूकता रैली निकाली। रैली का नेतृत्व एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट मुकेश कुमार ने किया।रैली के दौरान कैडेट्स ने हाथों में बैनर और पोस्टर लेकर 'टीबी हारेगा, देश जीतेगा', 'टीबी का इलाज संभव है, समय पर जांच कराएं' और 'दो सप्ताह से अधिक खांसी होने पर तुरंत जांच कराएं' जैसे संदेशों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। कैडेट्स ने आम लोगों को बताया कि टीबी एक संक्रामक बीमारी है लेकिन इसका पूरी तरह इलाज संभव है। समय पर जांच, नियमित दवा और डॉक्टर की सलाह मानने से मरीज पूरी तरह स्वस्थ हो सकता है।लेफ्टिनेंट मुकेश कुमार ने कहा कि टीबी जैसी गंभीर बीमारी के प्रति समाज में जागरूकता फैलाना हम सभी की जिम्मेदारी है। एनसी कैडेट्स सामाजिक सेवा और जनजागरूकता अभियानों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं और लोगों को स्वास्थ्य, स्वच्छता और सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति प्रेरित करते हैं। रैली के दौरान स्थानीय लोगों ने भी अभियान की सराहना की और टीबी मुक्त भारत के संकल्प को सफल बनाने में सहयोग देने का संकल्प लिया।

## नीट पेपर लीक के विरोध में बिहार बंद मसौढ़ी

# धनरूआ और पुनपुन में दुकानें बंद, जोरदार प्रदर्शन, शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नीट पेपर लीक मामले और पटना में छात्रों पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में शनिवार को आइसा और आरवाईए के संयुक्त तत्वाधान में बिहार बंद का आह्वान किया गया। इसका असर मसौढ़ी अनुमंडल के मसौढ़ी, धनरूआ और पुनपुन में देखने को मिला। मसौढ़ी शहर में सुबह से ही आइसा और इंकलाब नौजवान कमेटी के राज पार्षद शशि रंजन के नेतृत्व में कार्यकताओं ने बाजार में विरोध प्रदर्शन किया और सभी दुकानें बंद करवायीं। मसौढ़ी बाजार की तकरीबन 80 प्रतिशत दुकानें स्वतः बंद रहीं। धनरूआ बाजार भी पूरी तरह बंद रहा। पुनपुन में भी चंद दुकानों के अलावा सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। धनरूआ में प्रदर्शन का नेतृत्व प्रखंड अध्यक्ष अकलू पासवान और कमलेश कुमार ने किया। प्रदर्शन में माले नेता जितेंद्र राम, रिंकू कुमारी आदि शामिल रहे हैं वहीं मसौढ़ी में नागेश्वर पासवान, संजय कुमार, प्रखंड सचिव राकेश कुमार समेत सैकड़ों लोग शामिल रहे,प्रदर्शन कारीयों ने कहा कि नीट पेपर लीक मामले में शिक्षा मंत्री को हर हाल में इस्तीफा देना होगा। छात्रों और छात्राओं पर जिस तरह बर्बरतापूर्वक लाठियां चलाई गईं, जैसे मानो वे आतंकवादी हों, यह बेहद शर्मनाक घटना है। स्थानीय पुलिस प्रशासन की इस करतूत पर कार्रवाई होनी चाहिए, प्रदर्शनकारियों ने शिक्षा मंत्री और दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर मसौढ़ी, धनरूआ और पुनपुन में जोरदार नारेबाजी की। कार्यकताओं ने हाथों में बैनर पोस्टर लेकर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया।बंद के कारण बाजारों में आवागमन प्रभावित रहा। पुलिस प्रशासन ने स्थिति पर नजर रखने के लिए अतिरिक्त बलों की तैनाती की थी।

# रेलवे के सिग्नल का कॉपर तार काटा, 45 मिनट तक ठप रहा परिचालन

## वंदे भारत, जनशताब्दी समेत कई ट्रेनें जहां-तहां खड़ी रहीं, मैनुअल सिग्नल से बहाल हुआ परिचालन

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मोकामा रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार शाम करीब 9:20 बजे उचक्कों ने सिग्नल सिस्टम का कॉपर वायर काट कर चोरी कर लिया। इससे अप लाइन का ऑटोमैटिक सिग्नल सिस्टम फेल हो गया और करीब एक घंटे तक ट्रेनों का परिचालन ठप रहा।जानकारी के अनुसार चोरों ने मोकामा स्टेशन के होम सिग्नल के पास अप लाइन के ट्रैक वन टी का कॉपर वायर काट दिया। तार कटते ही सिग्नल को करंट मिलना बंद हो गया और सिग्नल लाल हो गया। इससे अप लाइन से गुजरने वाली सभी ट्रेनें जहां-तहां रुक गईं।इस दौरान हावड़ा-पटना वंदे भारत एक्सप्रेस टाल जंक्शन पर रोक दी गई, जबकि 12023 हावड़ा-पटना जनशताब्दी एक्सप्रेस 45 मिनट तक मोकामा के होम सिग्नल पर ही खड़ी रही। इसके अलावा साहिबगंज इंटरसिटी एक्सप्रेस को हाथीदह स्टेशन पर रोका गया, वहीं हावड़ा-देहरादून उपासना एक्सप्रेस का परिचालन भी प्रभावित हुआ।स्थिति की गंभीरता को देखते हुए मोकामा स्टेशन मास्टर जीतेंद्र कुमार ने सूझबूझ दिखाते हुए जनशताब्दी एक्सप्रेस को मैनुअल प्रक्रिया से प्लेटफॉर्म पर लिया। उसके बाद वंदे भारत एक्सप्रेस को टाल से मोकामा लाया गया। सिग्नल विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद तार को जोड़ा, तब जाकर परिचालन सामान्य हो सका।मोकामा आरपीएफ प्रभारी मृणाल कुमार ने बताया कि सिग्नल विभाग के अभियंता द्वारा अज्ञात चोरों के विरुद्ध कॉपर तार चोरी का मामला दर्ज कराया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



### बिहार बंद के आह्वान पर शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर शनिवार को दानापुर बीएस कॉलेज के पास बिहार बंद के आह्वान पर शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन किया गया। विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे समाजिक कार्यकर्ता पीटी गजेन्द्र कुमार ने कहा कि हमारी संख्या,जो मोदी जी के द्वारा छात्रों के साथ पुलिसिया दमन एवं साथ-साथ जनप्रतिनिधियों में डर के माहौल से भले ही कम तो जरूर थी परंतु क्रांति के लिए तो कुछ लोग ही धारा के विपरीत जानें का काम करते हैं। पंचायत समिति सदस्य मुस्कान कुमार ने कहा कि छात्र एवं युवा एकता के कारण ही धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा सम्भवत हो सका है। इस अवसर पर मौलवी हसन उर्फ मक्खन, प्रदीप कुमार, राजीव रंजन, विकास कुमार, पृथ्वी राज सिंह आदि उपस्थित थे।

### जमीन विवाद में मारपीट, महिला से बाली छीनी, पुलिस से भी की बदसलूकी

**मसौढ़ी के कुम्हारटोली में 8-9 लोगों ने घर में घुसकर किया हमला, एक की उंगली टूटी**

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के कुम्हारटोली गांव में जमीन विवाद को लेकर जमकर मारपीट हुई। आरोपियों ने घर में घुसकर एक व्यक्ति और उसकी पत्नी की पिटाई कर दी। इस दौरान महिला के गले से सोने की बाली भी छीन ली गई। हमलावरों ने डायल 112 पर पहुंची पुलिस के साथ भी बदसलूकी की पीड़ित जगत चौधरी ने मसौढ़ी थाने में आवेदन देकर बताया कि दोपहर करीब 12 बजे गांव के ही सिबोधी चौधरी, गोलू कुमार, चुन्नू चौधरी और अन्य 6-7 अज्ञात लोग एकमत होकर उसके घर आए। पहले गाली-गलौज की, मना करने पर लाठी-डंडे और चाकू से हमला कर दिया। हमले में जगत चौधरी के बाएं हाथ की एक उंगली टूट गई और शरीर पर कई जगह चोटें आईं। आवेदन में कहा गया है कि बीच-बचाव करने आई पत्नी कुंती देवी की भी पिटाई की गई और उसके गले से सोने की बाली जबरन तोड़ ली गई। शोर सुनकर पुत्र ने डायल 112 पर सूचना दी। पुलिस के पहुंचने पर आरोपित पुलिसकर्मियों से भी उलझ गए और जान से मारने की धमकी दी।

## खगौल में पटना विश्वविद्यालय के छात्र नेता सैयद ईमाम और विकास सिंह के नेतृत्व में शांतिपूर्ण ढंग से निकला आक्रोश मार्च

**खगौल/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर के चारों तरफ शांतिपूर्ण ढंग से प्रदर्शन करते हुए बड़ी संख्या में छात्र एवं छात्राओं शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन के घटनाक्रम को स्पष्ट रूप से दशार्ती है कि इस आंदोलन से जुड़े मुख्य बिंदु और संदेश इस प्रकार हैं।आंदोलन की मुख्य वजहें नीट नेशनल एलिजिबिलिटी एंट्रेंस टेस्ट पेपर लीक । परीक्षा में हुई धांधली और पेपर लीक के खिलाफ देशव्यापी गुस्से को दर्ज कराना। दिल्ली पुलिस की कार्रवाई का विरोधः दिल्ली के जंतर-मंतर पर लोकतांत्रिक तरीके से प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर पुलिसिया बर्बरता और उसमें घायल हुए सैकड़ों छात्रों के समर्थन में आवाज उठाना।बिहार पुलिस की कार्रवाई का विरोधः पटना में भी आंदोलनकारी छात्रों पर हुए बल प्रयोग और बर्बरता का विरोध करना।खगौल आंदोलन का रूट और स्वरूपरूटः यह शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक मार्च खगौल के गाड़ीखाना से शुरू होकर जगत नारायण लाल कॉलेज तक निकाला गया।एकता का संदेशः इस मार्च के जरिए खगौल में छात्र एकता की एक मजबूत मिसाल पेश की गई, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र और छात्राएं शामिल हुए।छात्र नेता सैयद ईमाम एवं विकाश सिंह का मुख्य संदेशकलम और किताब ही हथियार हैं । इस आंदोलन में पूरे छात्रों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों का असली हथियार सिर्फ और सिर्फ उनकी कलम और किताब है।अहिंसा का मार्गः उन्होंने सभी साथियों से अहिंसावादी बने रहने और शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांगें उठाने की अपील की। और पूरे देश के छात्र-छात्राओं कोआभार प्रकट किया और उन्होंने आंदोलन को सफल और शांतिपूर्ण बनाने के लिए सभी छात्र-छात्राओं का धन्यवाद किया।



# बिहार बंद के दौरान तरेगना रेलवे स्टेशन छावनी में तब्दील

## आरपीएफ, जीआरपी और मजिस्ट्रेट की तैनाती, उपद्रव की आशंका के बीच अलर्ट

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार बंद को लेकर शनिवार को पूरे राज्य में पुलिस प्रशासन अलर्ट रहा। सड़कों पर चौकसी के साथ-साथ रेलवे स्टेशनों को भी खास टारगेट पर रखा गया। उपद्रव की आशंका के मद्देनजर तारेगना रेलवे स्टेशन को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया। वरीय पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर तारेगना स्टेशन पर आरपीएफ, जीआरपी और स्थानीय पुलिस की भारी तैनाती की गई। दिनभर जवान मुस्तैदी के साथ ड्यूटी करते नजर आए। किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए प्लेटफॉर्म, टिकट काउंटर और प्रवेश द्वारों पर सघन जांच अभियान चलाया गया। अनुमंडल प्रशासन की ओर से विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्टेशन पर मजिस्ट्रेट की भी प्रतिनियुक्ति की गई। अधिकारियों ने यात्रियों से शांति बनाए रखने की अपील की और अफवाहों पर ध्यान न देने को कहा। रेलवे सूत्रों के अनुसार बंद के दौरान ट्रेनों का परिचालन सामान्य रहा, लेकिन सुरक्षा कारणों से कुछ ट्रेनों की अतिरिक्त निगरानी की गई। पुलिस का कहना है कि बंद शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए सभी जरूरी इंतजाम किए गए थे। इस मौके पर तरेगना रेल थानाध्यक्ष सोनू कुमार,आरपीएफ की पूरी टीम, मसौढ़ी सर्किल इंस्पेक्टर एवं दंडाधिकारी के तौर पर प्रखंड कल्याण पदाधिकारी और रंजीत कुमार आदि के साथ पूरी पुलिस टीम शामिल रहे।



### धनरूआ पुलिस ने 2 महीने की बच्ची बेचने वाले गिरोह की 2 महिलाओं को किया गिरफ्तार

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ थाना कांड संख्या 434/26 में 2 महीने की बच्ची साधना कुमारी को बेचने के आरोप में पुलिस ने दो महिलाओं को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार महिलाओं की पहचान मिता भौमिक, पति विकास भौमिक, निवासी खरसिया, जिला रायगढ़ छत्तीसगढ़ और सुनीता भट्टाचार्य, पति पार्थ भट्टाचार्य, निवासी दुर्गानगर, जिला नार्थ 24 परगना पश्चिम बंगाल के रूप में हुई है। दरअसल पीड़िता पूजा कुमारी, पति राजू गिरि, ग्राम पभेड़ा ने आवेदन में बताया कि 23 जून 2026 को गांव की ही सुशीला देवी उसे पटना में काम दिलाने के बहाने बच्चों समेत ले गई। वहां सुनीता देवी और उसके पति अनिल राम तथा नीलू देवी के साथ मिलकर उसे राजस्थान कोटा में नौकरी का झांसा दिया। इसी दौरान उसकी 2 महीने की बेटी साधना कुमारी को रिश्तेदार के पास रखने के नाम पर ले लिया और बाद में किसी अन्य महिला को सौंप दिया था,पूजा ने बताया कि कोटा पहुंचने के बाद आरोपितों ने कहा कि बच्ची को बेच दिया गया है और अब उसे लाना संभव नहीं है।

# मोकामा में 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के तहत कला उत्सव का भव्य आयोजन





**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, सीआरपीएफ मोकामा घाट में 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' कार्यक्रम के अंतर्गत कला उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार जैसवारा ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर विद्यालय के कला शिक्षक मृत्युंजय कुमार, सुमंतो गंगोपाध्याय, नवीन झा, रणबिजय कुमार तथा अनुराधा मैम सहित विद्यालय के समस्त शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य श्री सुनील कुमार जैसवारा ने कहा कि कला एवं संस्कृति किसी भी राष्ट्र की अमूल्य धरोहर होती है। इस तरह के आयोजन विद्यार्थियों में सृजनात्मकता, सांस्कृतिक चेतना, राष्ट्रीय एकता तथा विभिन्न राज्यों की कला एवं परंपराओं के प्रति सम्मान की भावना विकसित करते हैं।कार्यक्रम के संयोजक एवं कला शिक्षक मृत्युंजय कुमार ने बताया कि इस कला उत्सव का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में कला एवं संस्कृति के प्रति रुचि जागृत करना, उनकी रचनात्मक प्रतिभा को मंच प्रदान करना तथा 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की भावना को सुदृढ़ करना है।उत्सव के दौरान विद्यार्थियों ने चित्रकला, लोक कला सहित विभिन्न कलात्मक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। पूरे परिसर में कला और संस्कृति के रंगों से उत्साह का माहौल रहा।कार्यक्रम का समापन सभी प्रतिभागियों के उत्साहवर्धन एवं धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

### जमीन विवाद में मारपीट और लूट, महिला का मंगलसूत्र छीना, 3 लोग घायल

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के अदलचक गांव में जमीन विवाद को लेकर जमकर मारपीट हुई। आरोपितों ने घर में घुसकर एक ही परिवार के तीन लोगों को लाठी-डंडे और बंदूक से पीटा। इस दौरान एक महिला के गले से मंगलसूत्र भी छीन लिया गया।पीड़ित दीना प्रसाद ने मसौढ़ी थाने में आवेदन देकर बताया कि वह अपने खेत से घर लौटे थे। इसी दौरान गांव के ही कामता प्रसाद और उनके पुत्र संजय कुमार, मुकेश कुमार अपने अन्य सहयोगियों के साथ उनके घर पर चढ़ आए और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर कामता प्रसाद ने लाठी से उनके सिर पर वार कर दिया जिससे सिर फट गया और खून बहने लगा। आवेदन के अनुसार मुकेश कुमार ने बंदूक लहराकर धमकाया और उनकी पुत्रवधू ललिता देवी पति सुभाष के गले से लगभग 65 हजार रुपये का मंगलसूत्र छीन लिया।

# एक पीपल का पेड़ करोड़ों की ऑक्सीजन फैक्ट्री

## युवाओं व बुद्धिजीवियों को इसके संरक्षण और नए पीपल वृक्ष लगाने के लिए आगे आने की जरूरत

**दनियावां(पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पर्यावरण संरक्षण और आयुर्वेद में पीपल के वृक्ष को सबसे महत्वपूर्ण माना गया है। इसका वानस्पतिक नाम Ficus religiosa है और इसे संस्कृत में 'अश्वत्थ' तथा 'गुह्यपुष्पक' भी कहा जाता है। हिलसा ब्लॉक परिसर में शिवालय के पास स्थित यह विशाल पीपल वृक्ष इसी का जीता-जागता उदाहरण है।

**वैज्ञानिक तथ्य**

वानस्पतिक विशेषज्ञों के अनुसार पीपल दीघार्यु वृक्षों की श्रेणी में आता है। यह सैकड़ों वर्षों तक जीवित रह सकता है। पीपल का फल बरगद-गूलर की तरह बीजों से भरा होता है और आकार में मूंगफली के दाने जैसा दिखता है। इसके बीज राई के दाने से भी छोटे होते हैं, लेकिन इन्हीं से विशाल वृक्ष बनता है। पीपल की





सबसे खास बात यह है कि यह 24 घंटे ऑक्सीजन छोड़ने वाला वृक्ष माना जाता है। इसके पत्ते कोमल, सुंदर और चंचल होते हैं। वसंत में इस पर धानी रंग की नई कोपलें आती हैं जो बाद में गहरे हरे रंग की हो जाती हैं। इसकी छाया भले ही बरगद से कम हो, लेकिन पर्यावरणीय महत्व बहुत अधिक है।

**आयुर्वेदिक उपयोग**

### हिलसा ब्लॉक परिसर का विशाल वृक्ष पर्यावरण और आस्था दोनों का केंद्र

आयुर्वेद में पीपल को औषधीय गुणों का भंडार माना गया है। इसकी टहनी, लकड़ी, पत्तियों, कोपलों और सीकों का प्रयोग पीलिया, रतौंधी, मलेरिया, खांसी, दमा, सर्दी और सिरदर्द जैसी बीमारियों में किया जाता है। इसके पत्ते जानवरों विशेषकर हाथियों के लिए उत्तम चारा भी माने जाते हैं।

**संरक्षण की जरूरत**

पर्यावरणविद एक बड़े पीपल वृक्ष की कीमत करोड़ों रुपये आंकते हैं क्योंकि यह वायु शुद्धिकरण, भूजल संरक्षण और जैव विविधता में अहम भूमिका निभाता है। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि ब्लॉक परिसर जैसे सार्वजनिक स्थानों पर और अधिक फलदार व छायादार पौधों का रोपण कर इनका संरक्षण किया जाए।

जानिए पीपल के बारे में

- **वानस्पतिक नामः** Ficus religiosa
- **परिवारः** Moraceae
- **विशेषताः** 24 घंटे ऑक्सीजन देने वाला वृक्ष
- **जीवनः** सैकड़ों वर्ष तक जीवित,धार्मिक महत्व,हिन्दू धर्म में आस्था सोमवती अमावस्या व अन्य कर्मकांड में उपयोगी!

## 60000 लगाकर मंदिर के बालों से बना दिया करोड़ों का ब्रांड

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अगर आपके पास सही सोच और कड़ी मेहनत करने का जज्बा है, तो एक छोटा सा बिजनेस भी बहुत बड़ा बन सकता है। हैदराबाद की दो बहनों, ऋचा ग्रोवर (31) और रैना ग्रोवर (28) ने यह साबित करके दिखाया है। साल 2019 में दोनों ने घर से सिर्फ 60,000 रुपये लगाकर नाम से हेयर एक्सटेंशन का काम शुरू किया था। साल 2023 में उनकी कंपनी का सालाना टर्नओवर 26 करोड़ रुपये से भी ज्यादा का था।



### पिता के बिजनेस से मिली प्रेरणा

ऋचा और रैना के पिता साल 2008 से ही नकली और असली बालों (हेयर एक्सटेंशन) को बनाने और उन्हें विदेशों में बेचने का काम करते थे। हालांकि, उनका खुद का कोई बड़ा ब्रांड नाम नहीं था। दोनों बहनों ने इसी मौके को समझा। उन्होंने अपने पिता के काम के अनुभव का फायदा उठाया और सीधे ग्राहकों को सामान बेचने वाला अपना खुद का ब्रांड शुरू कर दिया। उन्होंने लगभग 10,000 रुपये वेबसाइट बनाने में लगाए और 50,000 रुपये के सामान के साथ ऑर्डर मिलने पर सामान बनाने का काम शुरू किया। इनके प्रोडक्ट्स- जैसे क्लिप-इन हेयर, पोनीटेल एक्सटेंशन और विग 100 प्रतिशत असली इंसानी बालों से बनते हैं।

**इंस्टाग्राम से मिला बड़ा फायदा-** बिजनेस शुरू करने के सिर्फ दो महीने बाद ही कोरोना महामारी (कोविड-19) के कारण लॉकडाउन लग गया। जहां कई बिजनेस बंद होने लगे, वहीं इन दोनों बहनों के लिए सोशल मीडिया बहुत फायदेमंद साबित हुआ। इंस्टाग्राम पर अच्छे फोटो और वीडियो पोस्ट करने की वजह से 1 साल में ही उनके 1 लाख से ज्यादा फॉलोअर्स हो गए। मुंबई, दिल्ली, बेंगलुरु और हैदराबाद जैसे बड़े शहरों से उनके सामान की मांग तेजी से बढ़ी।

**खेल के मैदान से बिजनेस की दुनिया तक-** ऋचा और रैना ने हैदराबाद के नसर स्कूल और सेंट फ्रांसिस कॉलेज से अपनी पढ़ाई पूरी की है। बिजनेस में आने से पहले दोनों बहनें नेशनल लेवल की टेनिस खिलाड़ी भी रह चुकी हैं। उनका मानना है कि खेल से मिली अनुशासन और टीम वर्क की सीख ने ही आज उनकी टीम को इस मुकाम तक पहुंचाने में मदद की है।

## रंग ला रही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील! लगातार तीसरे हफ्ते बढ़ा विदेशी मुद्रा भंडार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 17 जुलाई को समाप्त सप्ताह में 1.08 अरब डॉलर बढ़कर 676.24 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के शुक्रवार को जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। इससे पिछले सप्ताह में भी विदेशी मुद्रा भंडार 96.4 करोड़ डॉलर बढ़कर 675.16 अरब डॉलर हो गया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हाल में कई बार देश के नागरिकों से विदेशी मुद्रा



बचाने की अपील कर चुके हैं। आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार, 27 फरवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर रिकॉर्ड 728.49 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। हालांकि, पश्चिम एशिया में संघर्ष शुरू होने के बाद रुपये पर दबाव बढ़ा और आरबीआई को डॉलर की बिक्री के जरिये विदेशी मुद्रा बाजार में हस्तक्षेप करना पड़ा, जिससे कई सप्ताह तक भंडार में गिरावट दर्ज की गई।

### फॉरेन करेंसी एसेट्स

केंद्रीय बैंक के आंकड़ों के मुताबिक, 17 जुलाई को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का प्रमुख हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां (एफसीए) 4.55 अरब डॉलर बढ़कर 551.06 अरब डॉलर हो गईं।

## सर्गेई ब्रिन है सुपरयाट के मालिक

# 450 मिलियन डॉलर कीमत, प्राइवेट ऑफिस-हेलीकॉप्टर हैंगर...



**नई दिल्ली, एजेंसी।** गूगल के को-फाउंडर सर्गेई ब्रिन दुनिया के तीसरे बड़े रईस हैं। ब्लूमबर्ग बिलिनेयर इंडेक्स के मुताबिक उनकी नेटवर्थ 256 अरब डॉलर है। अमीरों की लिस्ट में उनसे आगे उनके जोड़ीदार लैरी पेज (276 अरब) और एलन मस्क (719 अरब) हैं। ब्रिन अपने काम के प्रति इतने समर्पित रहते हैं कि समुद्र में जाने पर भी काम करना नहीं छोड़ते। उनकी 466-फीट यानी 142-मीटर लंबी मेगायाट 'ड्रैगनफ्लाई' इसका सबूत है। 450 मिलियन डॉलर (करीब 43,45,53,75,000 रुपये) की इस सुपरयाट को जर्मन शिपबिल्डर ने बनाया है। दुनिया के कई अमीरों के पास सुपरयाट हैं लेकिन ड्रैगनफ्लाई की बात ही अलग है। ज्यादातर सुपरयाट में पूरे डेक स्पा, पूल या मनोरंजन के लिए रखे जाते हैं लेकिन ड्रैगनफ्लाई के डिजाइन में प्रोडक्टिविटी को सबसे ज्यादा अहमियत दी गई है। इसमें एक खास बिजनेस डेक है। इसमें प्राइवेट ऑफिस, हेलीकॉप्टर हैंगर, जिम और गेम्स रूम है। यह किसी लग्जरी याट पर बने सबसे अनोखे वर्कस्पेस में से एक है।

### रिटायरमेंट से वापसी

ब्रिन 2019 में गूगल के डे टु डे मैनेजमेंट से हट गए थे, लेकिन के लॉन्च के बाद एआई के तेजी से बढ़ने पर वह फिर से सक्रिय रूप से शामिल हो गए। 2025 के एक चर्चित इंटरनल मेमो में ब्रिन ने हफ्ते में 60 घंटे को प्रोडक्टिविटी के लिए सबसे सही समय बताया और कर्मचारियों को हर दिन ऑफिस में रहने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने तर्क दिया कि एआई की दौड़ के लिए असाधारण कमिटमेंट की जरूरत है।

### याट की खासियत

हालांकि जर्मन शिपबिल्डर कंपनी ने कभी भी सर्गेई ब्रिन के ऑफिस का सही साइज नहीं बताया है। लेकिन याट के डाइमेंशन के आधार पर इंडस्ट्री का अनुमान है कि यह लगभग 70 से 110 वर्ग मीटर में फैला है। अगर इसमें हेलीकॉप्टर फैसिलिटी, आने-जाने की जगह, जिम, गेम्स रूम और टेक्निकल स्पेस को मिला लिया जाए तो पूरे बिजनेस डेक का एरिया 1,000 वर्ग मीटर से ज्यादा होने का अनुमान है।

ड्रैगनफ्लाई का गुप्त हेलीकॉप्टर हैंगर सिर्फ लग्जरी के लिए नहीं है, बल्कि यह एक प्रैक्टिकल मकसद भी पूरा करता है। याट के स्लीक लुक को बनाए रखने के लिए इसके ऊपरी हिस्से में स्थित यह हैंगर यात्रियों को हेलीकॉप्टर के जरिए आने-जाने की सुविधा देता है। याट की इंजीनियरिंग भी इसके काम पर केंद्रित सोच को दिखाती है। ड्रैगनफ्लाई में लुर्सेसेन का डीजल-इलेक्ट्रिक हाइब्रिड प्रपल्शन सिस्टम इस्तेमाल किया गया है।

## ई 20 से माइलेज घटने की बात लोगों से क्यों छिपाई

# समिति ने बड़े अधिकारियों से किया जवाब तलब




**नई दिल्ली, एजेंसी।** इथेनॉल मिले पेट्रोल से गाड़ियों के इंजन खराब होने और माइलेज प्रभावित होने का मुद्दा पिछले कुछ दिनों से गर्म है। इस बीच ट्रांसपोर्ट पर बनी संसदीय समिति के सदस्यों ने इस बारे में सरकार के बड़े अधिकारियों से जबाव तलब किया है। उनसे पूछा गया है कि ई 20 पेट्रोल को लॉन्च करने से पहले यह बताने की कोशिश क्यों नहीं की गई कि इसके इस्तेमाल से पुरानी गाड़ियों में माइलेज कम होने की आशंका है।

टीओआई की एक रिपोर्ट के मुताबिक समिति के कुछ सदस्यों ने अधिकारियों से पूछा कि क्या इस बात का पता लगाने के लिए कोई आर्थिक विश्लेषण किया गया था कि वाहन मालिकों को श्व20 ईंधन से कोई फायदा हुआ या नहीं। हालांकि समिति के सदस्य इस बात से सहमत थे कि पेट्रोल में इथेनॉल की मात्रा बढ़ाने से देश को आयातित कच्चे तेल पर निर्भरता कम करने में मदद मिली है।

**अधिकारियों का तर्क-** अधिकारियों ने कहा कि अचानक उभरे विवाद के दो कारण हो सकते हैं। पहला कारण ज्यादा इथेनॉल मिश्रण वाले ई22, ई25 और ई30 के लिए बीआइएस का नोटिफिकेशन। और दूसरा कारण मिलावटी ईंधन की बिक्री। यह मुद्दा इतना बढ़ गया था कि संसद के शीतकालीन सत्र में भी इसकी गूंज सुनाई दी।

### अचानक क्यों हुआ विरोध

जेडीयू के संजय झा की अध्यक्षता वाली इस समिति ने गुरुवार को सड़क परिवहन और पेट्रोलियम मंत्रालयों के अधिकारियों, वाहन टेस्टिंग एजेंसियों और तेल मार्केटिंग कंपनियों के प्रतिनिधियों को बुलाया था। कुछ सदस्यों ने पूछा कि जब सरकार ने कहा कि 19 प्रतिशत से ज्यादा इथेनॉल-मिश्रित ईंधन दो साल से ज्यादा समय से बेचा जा रहा है, तो अचानक विरोध और आलोचना क्यों हुई। एक सूत्र ने कहा, 'कुछ सदस्यों का कहना था कि जब विवाद चरम पर पहुंचा, तो सभी विभाग, वाहन निर्माता, तेल कंपनियां और टेस्टिंग एजेंसियां एक साथ आ गईं। उन्होंने माइलेज में होने वाली कमी के सटीक आंकड़े भी मांगे। सड़क परिवहन मंत्रालय के अधिकारियों ने कहा कि यह 2-6 प्रतिशत के बीच है, जबकि 25 प्रतिशत की कमी का दावा किया जा रहा था।'

## सफल लोगों में एक खास पैटर्न होता है, वे बहुत ज्यादा सोचते या योजना नहीं बनाते

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आरपीजी एंटरप्राइजेज के चेयरमैन और भारत के दिग्गज उद्योगपति हर्ष गोयनका व्यापारिक दुनिया में अपनी नेतृत्व क्षमता के साथ-साथ सोशल मीडिया पर अपने प्रेरक विचारों और जीवन के अनुभवों को साझा करने के लिए जाने जाते हैं। हर्ष गोयनका साल 1988 से आरपीजी एंटरप्राइजेज का नेतृत्व कर रहे हैं। इंफ्रास्ट्रक्चर, टायर, आईटी और फार्मास्युटिकल्स जैसे क्षेत्रों में फैले इस ग्रुप को उन्होंने एक नई ऊंचाई पर पहुंचाया है। फोर्ब्स के अनुसार, उनकी नेटवर्थ 4 अरब डॉलर से ज्यादा है। यहां हर्ष गोयनका के बिजनेस से जुड़े 10 अनमोल विचार दिए गए हैं:

उन चीजों पर ध्यान दें जो आपसे कभी नहीं छीनी जा सकतीं- आपका ज्ञान, चरित्र, कार्य नैतिकता, मानसिकता, जुनून, कौशल, स्वास्थ्य, ईमानदारी, अनुभव और आंतरिक शांति।

सफल लोगों में एक खास पैटर्न होता है- रफ्तार। वे बहुत ज्यादा सोचते या योजना नहीं बनाते और न ही किसी सही समय का इंतजार करते हैं। वे तुरंत कदम उठाते हैं और आगे बढ़ते हैं।

एक अच्छा लीडर वह नहीं है जो खुद सबसे ज्यादा काम करता है, बल्कि वह है जो भरोसे, दृष्टिकोण और सहानुभूति के जरिए दूसरों से सबसे बेहतरीन काम करवाता है।

# 1 शेयर पर 30 रुपये का डिविडेंड दे रही कंपनी, रिकॉर्ड डेट हुआ तय



**नईदिल्ली, एजेंसी।** निवेशकों के लिए 12वीं बार डिविडेंड देने का फैसला किया है। कंपनी ने शुक्रवार को इसकी जानकारी शेयर बाजारों को दी थी। कंपनी की तरफ से बताया गया था कि 1 शेयर पर योग्य निवेशकों को 30 रुपये का डिविडेंड मिलेगा। स्टॉक एक्सचेंज को दी जानकारी में कंपनी ने बताया है 10 रुपये के फेस वैल्यू वाले एक शेयर पर 30 रुपये का डिविडेंड दिया जाएगा। इस डिविडेंड के लिए कंपनी ने 31 जुलाई 2026 की तारीख को रिकॉर्ड डेट घोषित कर दिया है।

**कंपनी के शेयरों का प्रदर्शन कैसा है -** शुक्रवार को बाजार के बंद होने के समय पर शेयर बीएसई में 2 प्रतिशत की गिरावट के बाद 820.70 रुपये के स्तर पर बंद हुए थे। कंपनी के शेयरों की कीमतों में पिछले एक महीने के दौरान 0.93 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है।

### इस साल दूसरी बार डिविडेंड दे रही है कंपनी


शेयर इससे पहले फरवरी 2026 में एक्स-डिविडेंड ट्रेड किए थे। तब कंपनी ने एक शेयर पर 30 रुपये का डिविडेंड दिया था। 2025 में भी कंपनी 30 रुपये का डिविडेंड दे चुकी है। बता दें, कंपनी ने अबतक निवेशकों को 11 बार डिविडेंड दिया है।

# अमेरिका-ईरान युद्ध में चीन की 'एंट्री' से कच्चे तेल में गिरावट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पश्चिम एशिया में शांति की उम्मीद बढ़ने से शुक्रवार को कच्चे तेल की कीमत में गिरावट आई। सूत्रों का कहना है कि अमेरिका और ईरान के बीच रुकी बातचीत को बहाल करने के लिए चीन ने एंट्री की है। इससे हफ्ते के अंतिम दिन कच्चे तेल की कीमत में करीब 4 फीसदी की गिरावट आई। हालांकि इस हफ्ते यह 10 फीसदी बढ़ा। पश्चिम एशिया में हूती विद्रोहियों के लाल सागर में सऊदी जहाजों को निशाना बनाने से कच्चे तेल में उछाल आई।

हालांकि भारत की सरकारी तेल कंपनियों ने आज यानी शनिवार, 25 जुलाई 2026 को भी पेट्रोल और डीजल के दाम में कोई बदलाव नहीं किया। देश में 25 मई 2026 के बाद इनके दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ है। 28 फरवरी को ईरान युद्ध शुरू होने के बाद सरकारी कंपनियों ने कीमत बढ़ाने से परहेज किया था। लेकिन मई में उन्होंने चार बार कीमत बढ़ाई। हालांकि अब भी उन्हें काफी नुकसान हो रहा है।

**कब-कब बढ़ी कीमत-** सरकारी पेट्रोलियम कंपनियों ने सबसे पहले 15 मई 2026 को पेट्रोल 3 रुपये और डीजल 3.29 पैसे महंगा किया था। इसके बाद 19 मई को पेट्रोल 87 पैसे तो डीजल 91 पैसे, 23 मई 2026 को पेट्रोल 87 पैसे




तो डीजल 91 पैसे और 25 मई 2026 को पेट्रोल 2.61 रुपये और डीजल 2.71 रुपये महंगा किया था। दिल्ली में आज पेट्रोल 102.12 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है। कोलकाता में इसकी कीमत 113.51 रुपये, मुंबई में 111.21 रुपये और चेन्नई में 107.77 रुपये है।

### डीजल का रेट

सरकारी ऑयल कंपनियों के मुताबिक शुक्रवार 24 जुलाई, 2026 को दिल्ली में डीजल का प्रति लीटर दाम 95.20 रुपये है। वहीं कोलकाता में यह 99.02 रुपये, मुंबई में 97.83 रुपये और चेन्नई में 99.55 रुपये प्रति लीटर है।

कच्चे तेल की कीमत में बढ़ोतरी से सरकारी तेल कंपनियों बीपीसीएल और एचपीसीएल को जून तिमाही में भारी घाटा हुआ है। हालांकि आईओसीएल ने अब तक अपना रिजल्ट जारी नहीं किया है।

**पेट्रोल-डीजल के ऐसे चेक करें भाव-** भारत में पेट्रोल-डीजल के भाव जब भी बदलते हैं, तब सुबह 6 बजे अपडेट हो जाते हैं। पेट्रोल-डीजल का रोज का रेट आप के जरिए भी जान सकते हैं। इंडियन ऑयल के कस्टमर के बाद स्पेस देकर अपने शहर का कोड लिखकर 9224992249 नंबर पर और बीपीसीएल उपभोक्ता के बाद स्पेस देकर अपने शहर का कोड लिखकर 9223112222 नंबर पर भेज जानकारी हासिल कर सकते हैं।

### कच्चे तेल की कीमत

इस हफ्ते कच्चे तेल की कीमत में करीब 10 फीसदी उछाल आई है। शुक्रवार को ब्रेंट क्रूड 3.88 प्रतिशत या 3.91 डॉलर की गिरावट के साथ 96.78 डॉलर प्रति बैरल पर बंद हुआ। इसी तरह अमेरिका का डब्ल्यूटीआई क्रूड भी 3.12 प्रतिशत या 2.88 डॉलर की गिरावट के साथ 89.31 डॉलर प्रति बैरल पर बंद हुआ। जानकारों का कहना है कि अगर पश्चिम एशिया में हालात नहीं सुधरे तो कच्चे तेल की कीमत 120 डॉलर प्रति बैरल तक जा सकती है।

## स्पेस इकॉनमी में लहराएगा तिरंगा, स्काईरूट ने खोला अवसरों का द्वार

# अमेरिका को मिलेगी कड़ी टक्कर!

**नई दिल्ली, एजेंसी।** हैदराबाद की स्पेस-टेक कंपनी स्काईरूट एयरोस्पेस ने हाल में बड़ी उपलब्धि हासिल की। स्काईरूट सफलतापूर्वक रॉकेट लॉन्च करने वाली देश की पहले कंपनी है। इसके साथ ही भारत उन चंद देशों की लिस्ट में शामिल हो गया है जिनके पास प्राइवेट रॉकेट ऑपरेटर हैं। हालांकि भारत के प्राइवेट स्पेस सेक्टर को अभी लंबा रास्ता तय करना है लेकिन इस उपलब्धि ने भारतीय कंपनियों के लिए अवसरों का एक बड़ा मौका खोल दिया है। इसकी वजह यह है कि दुनियाभर में सैटेलाइट लॉन्च की मांग बढ़ रही है और भारतीय कंपनियां इस मौके का फायदा उठा सकती हैं।

भारत ने साल 2020 में प्राइवेट कंपनियों के लिए स्पेस सेक्टर के दरवाजे खोले थे।




इसका मकसद ग्लोबल मार्केट में भारत की हिस्सेदारी को मौजूदा 2 प्रतिशत से बढ़ाकर 2030 तक 10 प्रतिशत करना था। इसके तहत कंपनियों को रॉकेट और सैटेलाइट बनाने और इसरो की लॉन्च सुविधाओं का इस्तेमाल करने की इजाजत दी गई। सरकार का दावा है कि देश में 400 से ज्यादा स्पेस स्टार्टअप शुरू हुए हैं। इनमें स्काईरूट सबसे सफल रही है और यह इस सेक्टर की इकलौती यूनिकॉर्न कंपनी है।

ग्लोबल सैटेलाइट लॉन्च सर्विस मार्केट की वैल्यू लगभग 12.1 अरब से 25.3 अरब अमेरिकी डॉलर के बीच है। इसके 14 प्रतिशत से 15.6 प्रतिशत छ्वत्रक्र के साथ 2030 तक 41 अरब अमेरिकी डॉलर से ज्यादा होने का अनुमान है। इस इंडस्ट्री में अभी नॉर्थ अमेरिका का दबदबा है, जो ग्लोबल रेवेन्यू का 40 प्रतिशत से ज्यादा हिस्सा रखता है। इसमें अमेरिका का कमर्शियल सेक्टर लॉन्च वॉल्यूम और टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट, दोनों में सबसे आगे है।

### किससे है मुकाबला

स्काईरूट की स्थापना 2018 को पवन चांदना और नाग भरत डाका ने की थी। चांदना ने एक इंटरव्यू में कहा था कि सैटेलाइट के लॉन्च के लिए प्रति किलोग्राम कॉस्ट 10 डॉलर तक नीचे लाई जा सकती है जो अभी हजारों डॉलर है। अभी अमेरिका दुनिया की सबसे बड़ी स्पेस इकॉनमी है। दुनिया के सबसे बड़े रईस एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स दुनिया की सबसे बड़ी स्पेस कंपनी है। इसके अलावा अमेरिका की रॉकेट लैब, बोइंग और लॉकहीड मार्टिन, फ्रांस के एरियन ग्रुप और जर्मनी की कंपनी के पास भी लॉन्च कैपेबिलिटीज विकसित कर रही हैं। चीन और जापान जैसे देशों में स्पेस सेक्टर पर सरकार का दबदबा है। जानकारों का कहना है कि स्पेस इंडस्ट्री की सबसे बड़ी चुनौती पूंजी जुटाना है और भारत भी इससे अछूता नहीं है।

उदाहरण के लिए, स्काईरूट ने अब तक लगभग 160 मिलियन डॉलर जुटाने के बाद एक सब-ऑर्बिटल टेस्ट फ्लाइट और एक ऑर्बिटल कमर्शियल मिशन पूरा किया है। इसकी तुलना में, जर्मनी की ने ऑर्बिटल लॉन्च पूरा न करने के बावजूद सिर्फ अपने पिछले चार फंडिंग राउंड में 580 मिलियन डॉलर से ज्यादा जुटाए हैं। एक और चुनौती टैलेंट की है, क्योंकि भारत में स्पेस इंजीनियरों की संख्या सीमित है।

### सफलता के मायने

स्काईरूट अगले साल अपना कमर्शियल ऑपरेशन शुरू करेगी और उसकी हर महीने एक उड़ान लॉन्च करने की योजना है। कम लागत भारत की स्पेस टेक्नोलॉजी की सबसे बड़ी खासियत रही है। इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गनाइजेशन ने पश्चिमी देशों के मुकाबले बहुत कम खर्च में मंगल और चंद्रमा मिशन पूरे किए हैं। डाका का कहना है कि स्पेसएक्स बेहतर तरीके से फेल होने और तेजी से आगे बढ़ने की रणनीति अपनाती है। इससे टेक्नोलॉजी में तेजी से तरक्की होती है, लेकिन इसमें बहुत ज्यादा पैसा खर्च होता है। स्काईरूट को पैसे के मामले में बहुत सावधान रहना पड़ा और कंपनी का फोकस पहली बार में ही सही काम करने पर था। हाल में खबर आई थी कि भारत के स्पेस रेगुलेटर ने रिलायंस जियो के करीब 1,600 लो अर्थ ऑर्बिट सैटेलाइट तैनात करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

### कैसे मिलेगा फायदा

भारत की स्पेस इकॉनमी 2022 में 8.4 अरब डॉलर थी और 2033 तक इसके 44 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। हालांकि छोटे सैटेलाइट लॉन्च करने के सेक्टर में दुनिया में पहले से ही कई कंपनियां मौजूद हैं। उनके पास जिनका कई साल का अनुभव है। मसलन रॉकेट लैब के इलेक्ट्रॉन रॉकेट के लॉन्च का खर्च लगभग 25,000 डॉलर प्रति किलो है। इसी तरह फायरफ्लाई एयरोस्पेस के अल्फा का खर्च लगभग 14,560 डॉलर प्रति किलो है।

इसरो का अपना स्मॉल सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल का खर्च करीब 7,050 डॉलर से 8,270 डॉलर प्रति किलो है। स्पेसएक्स के फाल्कन 9 ने डेडिकेटेड लॉन्च की कीमत लगभग 3,000 डॉलर प्रति किलो तक कम कर दी है। हालांकि स्काईरूट ने अपने विक्रम-1 रॉकेट की कोई आधिकारिक कीमत जारी नहीं की है। लेकिन माना जा रहा है कि यह इलेक्ट्रॉन और अल्फा की तुलना में काफी कम है। यानी आने वाले दिनों में कंपनी के लिए संभावनाओं के द्वार खुल सकते हैं।

# नाली समस्या के समाधान हेतु कार्यपालक अभियंता ने किया स्थल निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अंबा (औरंगाबाद)।** अंबा में एनएच-139 के किनारे जर्जर व जाम नाली की समस्या के समाधान को लेकर प्रशासनिक पहल तेज हो गई है। भाजपा मंडल अध्यक्ष सह 20 सूत्री अध्यक्ष प्रवीण कुमार के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह से मुलाकात कर समस्या से अवगत कराया। प्रतिनिधिमंडल में कंचन गुप्ता, सत्येंद्र कुमार, विवेक कुमार एवं दिलीप कुमार शामिल थे। पूर्व सांसद ने एनएच के कार्यपालक अभियंता से दूरभाष पर बात कर अंबा की नाली समस्या का अविलंब समाधान करने का निर्देश दिया तथा स्थल निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई करने को कहा। इसके बाद प्रवीण कुमार ने जिला पदाधिकारी से भी मुलाकात कर समस्या की जानकारी दी। डीएम ने मामले में तत्काल कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसी क्रम में गुरुवार को करीब दोपहर एनएच के कार्यपालक अभियंता अंबा पहुंचे और विभिन्न स्थानों का निरीक्षण किया। अंबा पेट्रोल पंप के पास जेसीबी से मिट्टी की परत हटाकर नाली की स्थिति देखी गई, जहां नाली कचरे से पूरी तरह भरी मिली। अभियंता ने नाली की सफाई कराने का निर्देश दिया और पेट्रोल पंप के पास पहले नाली का ढक्कन लगाने को कहा। इसके बाद सतबहिनी मंदिर और मध्य विद्यालय चिल्हकी के बीच सड़क के पश्चिम टूट चुकी नाली का निरीक्षण कर उसे जोड़ने का निर्देश दिया गया। अंबा बाजार से हरदत्ता तक निरीक्षण के दौरान नाली सड़क के स्तर से करीब 2-3 फीट नीचे मिट्टी में दबा पाया गया। कार्यपालक अभियंता ने बताया कि तत्काल राहत के लिए औरंगाबाद रोड से अंबा चौक तक शुक्रवार से नाली की सफाई कराई जाएगी। वहीं, अंबा की जर्जर और काफी गहराई में दब चुकी नाली के स्थायी समाधान के लिए नई नाली निर्माण का प्रस्ताव विभाग को भेजा जाएगा। इससे स्थानीय लोगों को जलजमाव और नाली जाम की समस्या से राहत मिलने की उम्मीद जगी है।




## शहर को जोडने वाले रेल ऊपरी पुल का कायारंभ शुरू

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद ने रेलवे ऊपरी पुल साहब पाड़ा से संतोषी कॉलोनी तक जाकर शहर के बाटा चौक से सड़क मार्ग द्वारा जुड़ेगी का कार्यारंभ नारियल फोड़कर किया। इस अवसर पर भाजपा, एनडीए नेताओं के साथ ही बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। इस रेल ऊपरी पुल का शिलान्यास मुख्यमंत्री ने किया था । पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रगति यात्रा के दौरान लगभग दो अरब की लागत से इस रेल ऊपरी पुल के निर्माण की घोषणा की थी। यह रेल ऊपरी पुल शहर के दो भागों को जोड़ता है। इस रेल ऊपरी पुल के निर्माण से मिरचाईबाड़ी एवं इस क्षेत्र की अन्य मोहल्ले के नागरिकों को आवागमन में काफी सुविधा हो जाएगी। अभी इस क्षेत्र के नागरिकों का आवागमन मात्र एक रेलवे ऊपरी पुल जो  कई वर्ष पूर्व बना था से हो रहा है। इस पुल पर जाम की स्थिति बन जाती है।

# छात्र आंदोलन के समर्थन में आइसा व आरवाईए का प्रदर्शन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** नीट पेपर लीक के खिलाफ देशभर में उठ रही छात्रों की आवाज को दबाने, छात्र आंदोलनों पर लगातार हो रहे पुलिसिया दमन तथा छात्र नेताओं की गिरफ्तारियों के विरोध में शनिवार को ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा) एवं इंकलाबी नौजवान सभा (आरवाईए) के राज्यव्यापी आह्वान पर यहां भखरुआं मोड़ चौराहा पर छात्र-युवाओं ने शांतिपूर्ण ढंग से सड़क जाम कर बिहार बंद को सफल बनाया। बताया गया कि इस आंदोलन को स्थानीय नागरिकों, वाहन चालकों और आम जनता का व्यापक समर्थन मिला। आंदोलन पूरी तरह शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से आयोजित किया गया, जिसमें छात्रों ने स्पष्ट संदेश दिया कि शिक्षा और लोकतांत्रिक अधिकारों पर हमला किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। शिक्षा बचाओ-भविष्य बचाओ, नीट पेपर लीक के दोषियों को सजा दो, गिरफ्तार छात्र नेताओं को अविलंब रिहा करो और लोकतांत्रिक अधिकारों पर दमन बंद करो जैसे नारे लगाए गए। इस प्रतिवाद कार्यक्रम में कैश खान, शमशाद आलम, गणेश कुमार, विकास कुमार, अरमान अंसारी, मिन्हाज शाह, दीपक कुमार, अमानत अंसारी, हसनैन अंसारी, राजा खान, जाहिद अंसारी, बब्लू कुरैशी, संजय कुमार शामिल हुए। कहा गया कि पेपर लीक ने लाखों मेहनतकश, गरीब एवं मध्यमवर्गीय छात्रों के सपनों और भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि पेपर लीक के असली दोषियों और शिक्षा माफियाओं पर कठोर कार्रवाई करने के बजाय सरकार छात्र आंदोलन को कुचलने, आवाज उठाने वाले छात्रों को गिरफ्तार करने और लोकतांत्रिक अधिकारों का दमन करने में लगी हुई है। कहा गया कि नीट पेपर लीक की निष्पक्ष, समयबद्ध एवं न्यायिक जांच कराई जाए। शिक्षा माफिया और सभी दोषियों को कठोर सजा दी जाए। शिक्षा व्यवस्था को भ्रष्टाचार और पेपर लीक के गिरोह से मुक्त किया जाए। पटना आंदोलन के दौरान गिरफ्तार दीपांकर मिश्रा, धनंजय पासवान, सबा आफरीन, कुमार दिव्यम, नौशाद अहमद, कुमार परवेज तथा विधायक संदीप सौरभ सहित सभी आंदोलनकारियों को बिना शर्त तत्काल रिहा किया जाए।




## संक्षिप्त समाचार

### राजगीर की ऐतिहासिक जगन्नाथ रथ यात्रा शांतिपूर्ण संपन्न, सभी को दी बधाई

**राजगीर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** ऐतिहासिक भगवान श्री जगन्नाथ रथ यात्रा के सफल, भव्य एवं शांतिपूर्ण आयोजन पर श्री जगन्नाथ रथ यात्रा समिति के कार्यकारी अध्यक्ष उपेंद्र कुमार विभूति ने समस्त राजगीरवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने आयोजन को सफल बनाने में अनुमंडल पदाधिकारी सूर्य प्रकाश गुप्ता, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संजीत कुमार गुप्ता, थाना अध्यक्ष अभिजीत कुमार, सिलाव थाना अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार, अपर थाना अध्यक्ष पप्पू कुमार सिंह, समिति के सदस्यों, प्रशासन, पुलिस बल, स्वयंसेवकों और श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने विशेष रूप से एसडीपीओ संजीत कुमार गुप्ता की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने रथ यात्रा की शुरूआत से समापन तक स्वयं मैदान में रहकर सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था की लगातार निगरानी की। उनके कुशल नेतृत्व में भारी भीड़ के बावजूद कहीं भी अव्यवस्था या जाम की स्थिति नहीं बनी।

### जहरीला पदार्थ खाने से शिक्षक की मौत

**हरनौत (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** वेना थाना क्षेत्र के बनवारीपुर मोरा गांव निवासी 50 वर्षीय शिक्षक कृष्णनंदन कुमार सिन्हा उर्फ गोपाल की जहरीला पदार्थ खाने के बाद इलाज के दौरान पावापुरी स्थित भगवान महावीर आयुर्विज्ञान संस्थान (विम्स) में मौत हो गई। घटना से पूरे गांव और शिक्षा जगत में शोक की लहर दौड़ गई है।परिजनों के अनुसार, कृष्णनंदन कुमार सिन्हा ने दो दिन पूर्व किसी कारणवश जहरीला पदार्थ खा लिया था। तबीयत बिगड़ने पर उन्हें पहले बिहारशरीफ सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से बेहतर इलाज के लिए पावापुरी विम्स रेफर किया गया। दो दिनों तक चले उपचार के बावजूद चिकित्सक उन्हें बचा नहीं सके।मृतक हरनौत प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय रामसंग डिहरा में शिक्षक के पद पर कार्यरत थे। उनके मामू मोहन प्रसाद ने बताया कि कृष्णनंदन शांत, मिलनसार और कर्तव्यनिष्ठ शिक्षक थे। उनकी असामयिक मृत्यु से परिवार और परिचितों में गहरा शोक व्याप्त है।

### कॉमनवेल्थ गेम्स में झंडू कुमार ने जीता कांस्य, हरनौत और नालंदा का बढ़ाया मान

**हरनौत (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बिहार के गौरव और अंतरराष्ट्रीय पैरा पावरलिफ्टर झंडू कुमार ने कॉमनवेल्थ गेम्स में कांस्य पदक जीतकर भारत, बिहार, नालंदा और हरनौत का नाम अंतरराष्ट्रीय मंच पर रोशन किया है। पुरुष हैवीवेट वर्ग में 190 किलोग्राम भार उठाकर उन्होंने यह ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। उनकी सफलता से पूरे जिले में खुशी का माहौल है और खेलप्रेमियों ने इसे बिहार के पैरा खेलों के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताया है।झंडू कुमार इससे पहले भी विश्व और एशियाई स्तर की पैरा पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिताओं में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद उनकी मेहनत, अनुशासन और संघर्ष ने उन्हें अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाई है।नालंदा पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. ए.के. सिन्हा ने कहा कि झंडू की सफलता पूरे बिहार के खिलाडियों के लिए प्रेरणा है। सचिव एवं कोच कुंदन कुमार पांडे ने इसे वर्षों की कठिन मेहनत का परिणाम बताते हुए भविष्य में स्वर्ण पदक जीतने का विश्वास जताया। कोषाध्यक्ष रवि कुमार ने कहा कि झंडू का संघर्ष दिव्यांग खिलाडियों के लिए नई प्रेरणा है। इस अवसर पर बिहार पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सचिव संदीप कुमार समेत कई गणमान्य लोगों ने झंडू कुमार को बधाई दी।

### छात्राओं ने किया थानाध्यक्ष को सम्मानित

**दाउदनगर/औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पुराना शहर स्थित ज्ञान ज्योति शिक्षण केन्द्र में थानाध्यक्ष विकास कुमार को बेहतर कार्य हेतु इन्टर की छात्राओं द्वारा सम्मानित किया गया। जानकारी देते हुए संस्था के निदेशक सह सम्पूणार्नंद एजुकेशनल एन्ड सोशल डेवलपमेंट ट्रस्ट के सचिव डा.चंचल कुमार ने बताया कि वर्तमान समय में थानाध्यक्ष का कार्य प्रशंसनीय है। उनके कुशल  नेतृत्व में छात्रायें सुरक्षित पढ़ाई हेतु शिक्षण संस्थान जाते एवं आते है। लड़कियों की सुरक्षा के लिए कदम उठाने हेतु थानाध्यक्ष को सम्मानित किया गया। छात्रायें थानाध्यक्ष पर गर्व महसूस कर रही हैं। थानाध्यक्ष विकास कुमार ने भरोसा दिलाया कि उनके कार्य काल में सभी छात्रायें सुरक्षित पढ़ाई करेगें। इसके लिए सभी छात्रायें थानाध्यक्ष को धन्यवाद दियें।

### सीडीपीओ को भावभीनी विदाई, आंगनबाड़ी कर्मचारी यूनियन ने किया सम्मानित

**रफीगंज/औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बिहार राज्य आंगनबाड़ी कर्मचारी यूनियन, शाखा रफीगंज के तत्वावधान में शनिवार को बाल विकास परियोजना पदाधिकारी (सीडीपीओ) ओणम कुमारी के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह भावुक माहौल में संपन्न हुआ, जिसमें आंगनबाड़ी सेविकाओं, कार्यालय कर्मियों, अभिभावकों एवं यूनियन सदस्यों ने उन्हें भावपूर्ण विदाई दी। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने कहा कि सीडीपीओ अपने सरल व्यवहार, कार्यकुशलता एवं सेवाभाव के कारण सेविकाओं, कार्यालय कर्मियों तथा आम लोगों के बीच काफी लोकप्रिय रहे। उनके कार्यकाल में बेहतर समन्वय और प्रशासनिक दक्षता देखने को मिली, जिसकी सभी ने सराहना की। इस अवसर पर सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य एवं सफल जीवन की कामना करते हुए सम्मानपूर्वक विदाई दी। कार्यक्रम में यूनियन की अध्यक्ष सविता कुमारी यादव, कार्यकारी अध्यक्ष सुधा कुमारी, कोषाध्यक्ष प्रीति कुमारी, सरिता कुमारी, पूनम कुमारी, चिंता कुमारी, रेखा कुमारी, जिला महासचिव रंजीत कुमार सिंह, मीडिया प्रभारी मुन्ना रजक, चंदन राम, रिंकू कुमार, रामबाबू, राजा राम, मनोज कुमार, जगनंदन राम, सुनील कुमार, सभी महिला पर्यवेक्षक, बड़ा बाबू, डाटा ऑपरेटर हर्ष, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर मुस्तफा सहित कार्यालय कर्मी एवं बिहार राज्य आंगनबाड़ी कर्मचारी यूनियन के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

### घायल युवक की मौत

**रफीगंज (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** रफीगंज शहर के पाठक टोला निवासी  स्व कमलेश मिश्र के 45 वर्षीय पुत्र बबलु मिश्र का जमुहार मेडिकल कॉलेज अस्पताल मे निधन हो गया है। 21 जूलाई को अपने  घर के छत पर गिर गये थे। जिसमे रड पेट मे काफी गहराई तक चला गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रफीगंज मे ईलाज कराया गया। चिकित्सक स्थिति गंभीर देखते हुये औरंगाबाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया। वहां से रेफर करने के बाद जमुहार मेडिकल कॉलेज मे ले गये। इलाज के दौरान शुक्रवार की रात की मौत हो गयी।

# बरारी नगर पंचायत कार्यालय में बिहार सरकार के सौ दिनों की उपलब्धियों का लाइव प्रसारण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरारी (कटिहार)।** बरारी नगर पंचायत कार्यालय परिसर में मुख्य पार्षद बबीता कुमारी के द्वारा एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बिहार सरकार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में सरकार के कार्यकाल के प्रथम एक सौ दिनों में किए गए जनहित में विकास कार्यो को लेकर शिविर में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सजीव प्रसारण लाइव टेलीकास्ट दिखाया गया।जिसमें सरकार द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में किए गए विकास कार्यो और जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी साझा की गई। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों नगर पंचायत के पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने लाइव प्रसारण के माध्यम से सरकार की उपलब्धियों को देखा और सुना।प्रसारण के दौरान बताया गया कि सरकार ने अपने पहले एक सौ दिनों में सड़क पुल-पुलिया शिक्षा स्वास्थ्य कृषि सिंचाई रोजगार महिला सशक्तिकरण शहरी एवं ग्रामीण विकास सहित कई क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य किए हैं।सरकार की ओर से यह भी बताया कि विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पारदर्शिता तथा आम लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए सभी विभागों को समयबद्ध तरीके से कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं।मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बिहार को विकसित आत्मनिर्भर और समृद्ध राज्य बनाने के संकल्प को दोहराते हुए अधिकारियों को योजनाओं की नियमित निगरानी एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने सरकार की विभिन्न योजनाओं एवं उपलब्धियों की जानकारी प्राप्त की तथा जनहित से जुड़े विकास कार्यो को लेकर अपने विचार भी साझा किए।नगर पंचायत कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मियों ने कार्यक्रम के सफल आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाई।इस अवसर पर मुख्य पार्षद बबीता कुमारी प्रतिनिधि नीरज कुमार उर्फ हिटलर यादव, नगर पंचायत कार्यालय के विशाल कुमार, जीविका का बीपीएम सविता कुमारी, अरुणा कुमारी, पुनम कुमारी, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि राज कुमार राय, जित्तन यादव, मो. मैयमूर, रामनाथ चौधरी, आजाद अंसारी आदि लोग उपस्थित रहे ।



# 95 हजार रुपये रिश्वत के वायरल वीडियो पर राजस्व कर्मचारी निलंबित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बारसोई (कटिहार)।** सोशल मीडिया पर 95 हजार रुपये रिश्वत लेने का कथित वीडियो वायरल होने के मामले में जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। समाहरणालय के जिला स्थापना प्रशाखा से जारी आदेश के अनुसार बारसोई अंचल कार्यालय में कार्यरत राजस्व कर्मचारी रविकांत रंजन को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय अनुमंडलीय राजस्व कार्यालय मनिहारी निर्धारित किया गया है।जारी आदेश में कहा गया है कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर व्यापक रूप से प्रसारित वीडियो में राजस्व कर्मचारी को राजस्व संबंधी कार्य के निष्पादन के एवज में अवैध रूप से रिश्वत की राशि स्वीकार करते हुए प्रदर्शित किया गया है। प्रथम दृष्टया आरोप गंभीर प्रतीत होने तथा सरकारी सेवक के आचरण, कर्तव्यनिष्ठा एवं लोकसेवा की गरिमा के प्रतिकूल पाए जाने के कारण यह कार्रवाई की गई है।मामले की विस्तृत जांच के लिए दो सदस्यीय जांच समिति का गठन किया गया है. समिति के अध्यक्ष अपर समाहर्ता लोक शिकायत निवारण मनोज कुमार बनाए गए हैं। जबकि भूमि सुधार उप समाहर्ता, बारसोई मंकेश्वर कुमार को सदस्य नामित किया गया है।जांच समिति को निर्देश दिया गया है कि वायरल वीडियो, समाचार रिपोर्ट, उपलब्ध अभिलेखों एवं संबंधित पक्षों के बयान का परीक्षण कर आरोपों की सत्यता और प्रामाणिकता की जांच करे।

# जय जगन्नाथ' के जयघोष के साथ संपन्न हुई रथयात्रा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बारसोई (कटिहार)।** बारसोई घाट स्थित अति प्राचीन नर्मदेश्वर शिव मंदिर में आयोजित भगवान श्री जगन्नाथ महाप्रभु का नौ दिवसीय धार्मिक महोत्सव भव्य उल्टा रथयात्रा के साथ श्रद्धा एवं भक्ति के वातावरण में संपन्न हो गया। नौ दिनों तक मंदिर परिसर में गीता पाठ,श्रीमद्भागवत कथा, हरिनाम संकीर्तन, भजन-कीर्तन,आरती एवं विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय बना रहा। प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान के दर्शन एवं कथा-श्रवण के लिए उमड़ते रहे। शुक्रवार को भगवान श्री जगन्नाथ, भगवान बलभद्र एवं माता सुभद्रा की वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विशेष पूजा-अर्चना के बाद उल्टा रथयात्रा निकाली गई। रथ के आगे-पीछे हजारों श्रद्धालु "जय जगन्नाथ" के जयघोष के साथ चल रहे थे। शंखध्वनि, घंटों की गूंज और भजन - कीर्तन से पूरा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत हो उठा। श्रद्धालुओं ने भगवान के रथ को खींचकर स्वयं को धन्य महसूस किया तथा मार्ग में कई स्थानों पर पुष्पवर्षा कर भगवान का भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर नगर पंचायत के उपमुख्य पार्षद प्रमोद कुमार साह, महिला नेत्री सीमा उमेश यादव, पिंटू यादव, विजय साह, समाजसेवी विमल चंदा सहित अनेक जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने भगवान श्री जगन्नाथ से क्षेत्र में सुख, समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की। मंदिर न्यास समिति के अध्यक्ष शंकर प्रसाद साह ने बताया कि भगवान श्री जगन्नाथ की रथयात्रा सनातन संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो प्रेम, समरसता, सेवा, त्याग और मानव कल्याण का संदेश देती है। उन्होंने कहा कि नौ दिनों तक चले धार्मिक अनुष्ठानों में श्रद्धालुओं की अपार भागीदारी इस बात का प्रमाण है कि क्षेत्र में धार्मिक आस्था निरंतर सशक्त हो रही है।उन्होंने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी श्रद्धालुओं, समिति सदस्यों, स्वयंसेवकों एवं क्षेत्रवासियों के प्रति आभार व्यक्त किया।



# मिनी गन फैक्ट्री का भंडाफोड़ 84 वांछित गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार ।** जिले में अपराध नियंत्रण एवं वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस अधीक्षक परिचय कुमार के निर्देश पर शुक्रवार को विशेष छापेमारी अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान बरारी थाना क्षेत्र में लेथ मशीन की आड़ में संचालित एक मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन करते हुए पुलिस ने बड़ी मात्रा में निर्मित एवं अर्द्धनिर्मित हथियार, हथियार बनाने के उपकरण तथा अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद की। इस कार्रवाई में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से कुल 84 वांछित आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। वहीं सघन वाहन जांच अभियान के दौरान  3,09,500 जुमार्ना भी वसूला गया। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि बरारी थाना क्षेत्र के बलुआ-कलिकापुर मार्ग स्थित सूजापुर के निकट टीन के घर में लेथ मशीन की आड़ में अवैध हथियार बनाए जा रहे हैं। सूचना के आधार पर बरारी पुलिस ने एसटीएफ एवं डीआईयू टीम के साथ संयुक्त छापेमारी की। इस दौरान लेथ मशीन संचालक भागने का प्रयास कर रहा था, जिसे पुलिस ने मौके पर ही दबोच लिया। तलाशी के दौरान जमीन के अंदर छिपाकर रखी गई दो बोरियों से एक बड़ा दोनाली बंदूक, चार देशी कट्टा, एक अर्द्धनिर्मित कट्टा, तीन बैरल, तीन अर्द्धनिर्मित देशी कट्टा, एक कट्टा की बॉडी, एक लोहे का फार्मा, तीन ट्रिगर, दो खोखा, एक मोटर लेथ मशीन, एक मोबाइल फोन, दो मोटरसाइकिल,16 लीटर देशी शराब तथा 91.5 लीटर विदेशी शराब बरामद की गई। पुलिस अधीक्षक परिचय कुमार ने बताया कि अपराधियों, अवैध हथियार निर्माण एवं शराब कारोबारियों के विरुद्ध जिले में विशेष अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

# पुलिस ने चलाया सघन वाहन चेकिंग अभियान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**फलका (कटिहार)।** थाना पुलिस ने कुरसेला - फारबिसगंज स्टेट हाईवे-77 पर अमरपुर बरेटा के समीप सघन वाहन जांच अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक परिचय कुमार के निर्देश पर वाहन जांच का नेतृत्व  थानाध्यक्ष प्रहलाद यादव ने किया। थानाध्यक्ष ने बताया कि अपराध नियंत्रण,संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने तथा यातायात नियमों का कड़ाई से पालन कराने के उद्देश्य से यह विशेष जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान करीब दो दर्जन से अधिक दोपहिया वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन पंजीकरण, बीमा, प्रदूषण प्रमाणपत्र सहित अन्य आवश्यक कागजात की जांच की गयी. जिन वाहन चालकों के पास आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध नहीं थे. हेलमेट नहीं पहन रखा था अथवा चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट का उपयोग नहीं किया जा रहा था. उनसे मोटर वाहन अधिनियम के तहत जुमार्ना वसूला गया। पुलिसकर्मियों ने वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए हमेशा हेलमेट और सीट बेल्ट का प्रयोग करने, वाहन के सभी आवश्यक दस्तावेज साथ रखने तथा यातायात नियमों का पालन करने की अपील की. उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए नियमों का पालन करना सभी की जिम्मेदारी है। अचानक चले इस सघन वाहन जांच अभियान से हाईवे से गुजरने वाले दोपहिया व चारपहिया वाहन चालकों में कुछ हड़कंप का माहौल रहा।



# श्रावणी मेला को लेकर कटिहार-मनिहारी के बीच दो जोड़ी स्पेशल ट्रेनें

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** श्रावणी मेला के दौरान बाबा भोलेनाथ के दर्शन के लिए आने-जाने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे ने कटिहार झ मनिहारीझकटिहार रेलखंड पर निर्धारित अवधि के लिए  दो जोड़ी श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेनों के परिचालन का निर्णय लिया है। कटिहार रेलमंडल के सीनियर मंडल वाणिज्य प्रबंधक सह मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अनूप कुमार सिंह ने बताया कि श्रावणी मेला के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए रेल प्रशासन द्वारा विशेष ट्रेनों का परिचालन शुरू किया जा रहा है, ताकि श्रद्धालुओं को यात्रा के दौरान सुरक्षित, सुगम एवं सुविधाजनक यात्रा उपलब्ध कराई जा सके। उन्होंने बताया कि ट्रेन संख्या 07540/07539 कटिहार-मनिहारी-कटिहार श्रावणी मेला स्पेशल का परिचालन 25 जुलाई से 24 अगस्त 2026 तक कुल 22  फेरों में निर्धारित दिन अप डाउन में परिचालित होगी जबकि  ट्रेन संख्या 07542/07541 कटिहारझ मनिहारीझ कटिहार श्रावणी मेला स्पेशल का परिचालन 27 जुलाई से 21 अगस्त 2026 तक कुल 8 फेरों के लिए निर्धारित किया गया है।दोनों स्पेशल ट्रेनें कटिहार, मनिहारी के बीच निर्धारित स्टेशनों पर रुकते हुए परिचालित होगी। वही इसके अलावा स्टेशन परिसर में होल्डिंग एरिया में ठहरने के साथ पेय जल, अतिरिक्त टिकट काउंट भी खोला जा रहा है। जिससे श्रद्धालुओं के साथ-साथ स्थानीय यात्रियों को भी सीधा लाभ मिलेगा। सीनियर डीसीएम श्री सिंह ने कहा कि रेलवे का उद्देश्य श्रावणी मेला के दौरान यात्रियों को भीड़भाड़ से राहत देते हुए समयबद्ध, सुरक्षित एवं आरामदायक यात्रा उपलब्ध कराना है।

# स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** विकास भवन के सभागार में जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी एवं पुलिस अधीक्षक परिचय कुमार के संयुक्त अध्यक्षता में 79 वां स्वतंत्रता दिवस समारोह को भव्य और हर्षोल्लास वातावरण के साथ मनाने एवं सफलतापूर्वक आयोजन की तैयारियों के संबंध में सभी विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक आयोजित किया गया। बैठक में सर्वप्रथम स्वतंत्रता दिवस के आयोजन को लेकर पूर्व वर्ष में की तैयारी के संबंध में सभी विभाग के पदाधिकारियों के साथ विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया। संबंधित पदाधिकारियों के द्वारा दिये गये फीडबैक के आधार पर इस वर्ष की तैयारियों को प्रारंभ करने का निर्देश जिला पदाधिकारी ने दिया।जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने संबंधित पदाधिकारियों को निदेशित करते हुए कहा कि पूर्व के वर्षो की भांति स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास से मनाया जाएगा ।उक्त अवसर पर स्वतंत्रता दिवस समारोह में  माननीय, वरीष्ठ नागरिक, जनप्रतिनिधि एवं वरीय पदाधिकारियों के साथ आम नागरिक को आमंत्रित किया जाएगा ।पूर्व की भांति आकर्षक परेड विभिन्न पुलिस की टुकड़ियों एवं एनसीसी के कैडेट्स के द्वारा किया जाएगा। सभी प्रकार की आवश्यक तैयारियां जैसे राजेंद्र स्टेडियम की साफ-सफाई, रंग रोगन, साफ - सफाई,भाषण मंच, विशिष्ट ,महानुभावों एवं सम्मानित व्यक्तियों के बैठने के लिए स्थान पर बेरिकेडिंग कर घेराबंदी इत्यादि की व्यवस्था एवं सभी प्रकार की आवश्यक तैयारी स-समय स्वतंत्रता दिवस के पूर्व ही पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया।  हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्वतंत्रता दिवस समारोह पर आयोजित कार्यक्रम का लाइव प्रसारित सोशल मीडिया,फेसबुक, वेबकास्ट, केवल टीवी आदि के माध्यम से भी किया जाएगा। इसके लिए  सभी आवश्यक तैयारियां स-समय पूरा करने हेतु निर्देशित किया गया। ताकि आमजन अपने घर पर रहकर भी स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम को देख सकें। स्वतंत्रता दिवस की तैयारी को लेकर सभी संबंधित पदाधिकारी को अपने कर्तव्यों  का निर्वहन करने तथा स-समय तैयारियों को पूरा करने का भी आदेश दिया गया। बैठक में नगर आयुक्त संतोष कुमार, अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन फिरोज अख्तर, अपर समाहर्ता डॉ.बिनोद कुमार, उप विकास आयुक्त अमित कुमार ,जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी मनोज कुमार, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय मृदूलता, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर विशाल आनंद, प्रभारी पदाधिकारी राजस्व प्रशाखा, प्रभारी पदाधिकारी सामान्य प्रशाखा, प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय प्रशाखा, निदेशक डीआरडीए जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी,समादेष्टा गृह रक्षा वाहिनी कटिहार के एवं अन्य वरीय जिला पदाधिकारीगण उपस्थित रहें।



# वेस्टइंडीज के खिलाड़ी ने टेस्ट टीम में चुने जाने से कर दिया मना

## कोच डैरेन सैमी ने जताई चिंता

**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज के मुख्य कोच डैरेन सैमी ने बताया है कि तेज गेंदबाज अल्जारी जोसेफ ने पाकिस्तान के खिलाफ शनिवार (24 जुलाई) से शुरू होने वाली दो टेस्ट मैचों की घरेलू सीरीज में खेलने से मना कर दिया। सीरीज के लिए टीम की घोषणा करते हुए क्रिकेट वेस्टइंडीज ने कहा था कि जोसेफ निजी कारणों से उपलब्ध नहीं हैं, लेकिन सैमी ने इस बारे में और जानकारी दी।



सैमी ने सीरीज के पहले मैच की पूर्व संध्या पर प्रेस कांफ्रेंस में कहा, 'हमारे लिए यह एक बड़ा नुकसान है। जोसेफ ने टीम में चुने जाने से मना कर दिया है। यही सच है। उन्हें चुना गया था। मेरा मतलब है, वह चोट से वापसी कर रहे हैं। और उसके बाद कुछ कारणों से उन्होंने चयन से मना कर दिया। यह फैसला मेरे अधिकार क्षेत्र से बाहर है। मैं इसे निदेशकों पर छोड़ता हूं कि वे इसका कोई समाधान निकालें कि अनुबंधित खिलाड़ी चुने जाने से इनकार करते हैं तो क्या होगा।'

### जोसेफ ने 130 विकेट लिए हैं

जोसेफ ने वेस्टइंडीज के लिए 42 टेस्ट खेले हैं और 130 विकेट लिए हैं। दूसरा टेस्ट दो अगस्त से पोर्ट ऑफ स्पेन में खेला जाएगा। जोसेफ की गैरमौजूदगी के बावजूद सैमी को अपनी टीम की गेंदबाजी पर भरोसा है। अटैक में शमर जोसेफ, केमर रोच, जायडन सील्स और ऑलराउंडर जस्टिन ग्रीव्स और कीमो पॉल शामिल हैं। स्पिन ऑप्शन में जोमेल वारिकन, जोशुआ बिशप और कप्तान रोस्टन चेस शामिल हैं।

Asian Games 2026

## कब होगा भारत-पाकिस्तान का महामुकाबला?

**नई दिल्ली।** एशियाई खेल 2026 में क्रिकेट का रोमांच चरम पर होने वाला है। महिला और पुरुष क्रिकेट का कार्यक्रम घोषित हो चुका है। पुरुष क्रिकेट में भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका और बांग्लादेश को रैंकिंग के आधार पर सीधे नॉकआउट में एंट्री मिली है। जबकि छह अन्य टीमें अफगानिस्तान, हांगकांग चीन, जापान, मलेशिया, सिंगापुर और यूएई के बीच राउंड 1 होगा। अब चर्चा इस बात की है कि भारत और पाकिस्तान के बीच महामुकाबला कब और कैसे हो सकता है?



तीन-तीन टीमें दो ग्रुप में बांटी जाएंगी। हर ग्रुप की टॉप 2 टीमें दूसरे राउंड में भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका और बांग्लादेश से भिड़ेंगी। वहीं महिला क्रिकेट की शुरुआत 8 टीमों के बीच सीधे क्वार्टरफाइनल से होगी।

### पुरुष क्रिकेट में कब और कैसे हो सकता है भारत-पाकिस्तान मैच?

भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका और बांग्लादेश की टीमें सीधे क्वार्टरफाइनल में नजर आएंगी। राउंड 1 के बाद अफगानिस्तान, हांगकांग चीन, जापान, मलेशिया, सिंगापुर और यूएई में से कोई चार टीमें नॉकआउट में पहुंचेंगी। क्वार्टरफाइनल में भारत और पाकिस्तान का मुकाबला एक दूसरे से संभव नहीं है। भारत और बांग्लादेश को एक हाफ में रखा गया है और पाकिस्तान व श्रीलंका को दूसरे हाफ में रखा गया है।

# कौन होगा इंग्लैंड का टेस्ट में कप्तान-कोच?

## पाकिस्तान के खिलाफ जिम्मेदारी संभाल सकते हैं रूट और ट्रेस्कोथिक

**नई दिल्ली।** बेन स्टोक्स के संन्यास और ब्रेंडन मैकुलम के हटने के बाद इंग्लैंड की टेस्ट को नए कप्तान और कोच की तलाश है। इस बीच खबर है कि जो रूट और मार्क्स ट्रेस्कोथिक अगले महीने पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए अंतरिम आधार पर इंग्लैंड के कप्तान और कोच हो सकते हैं। इंग्लैंड के मैनेजिंग डायरेक्टर रॉब की नए हेड कोच तलाश रहे हैं। उन्होंने इस हफ्ते कई उम्मीदवारों से संपर्क किया है। इस रोल के लिए दावेदारों में




स्टीफन फ्लेमिंग, जोनाथन ट्रॉट, रिचर्ड डॉसन और टॉम मूडी शामिल हैं। ब्रेंडन मैकुलम को टेस्ट कोच के पद से हटाए जाने के बाद इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड के चीफ एग्जीक्यूटिव रिचर्ड गोल्ड ने कहा था कि खाली पद 19 अगस्त को पाकिस्तान के पहले टेस्ट से पहले भर दिया जाए। साथ उन्होंने कहा था कि अंतरिम कोच को जिम्मेदारी दी जा सकती है। मैकुलम के सहायक कोच ट्रेस्कोथिक जिम्मेदारी संभाल सकते हैं।

### टीम से कोच कब जुड़ेगा

कोच कब इंग्लैंड की टीम से जुड़ेगा यह इस बात पर निर्भर करेगा कि उसका कहीं और करार है कि नहीं। फ्लेमिंग और ट्रॉट दोनों ही चेन्नई सुपर किंग्स और अफगानिस्तान के मुख्य कोच पद छोड़ने के बाद फ्री हैं। डॉसन ग्लैमरगन के हेड कोच हैं और मूडी लखनऊ सुपर जायंट्स के ग्लोबल डायरेक्टर ऑफ क्रिकेट के तौर पर काम कर रहे हैं।

21 साल का सूखा खत्म करके जोशना चिनप्पा के क्लब में शामिल

# अनाहत सिंह ने रचा इतिहास



**नई दिल्ली।** अनाहत सिंह पिछले 21 वर्ष में विश्व जूनियर स्क्वाश चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बन गई हैं। अनाहत से पहले भारतीय स्क्वाश की दिग्गज जोशना चिनप्पा ने 2005 में यह उपलब्धि हासिल की थी। दिल्ली की रहने वाली इस शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने शुक्रवार को सेमीफाइनल में मिस्र की तीसरी-चौथी वरीयता प्राप्त बार्ब समेह को 11-3, 8-11, 11-4, 11-6 से हराया।

पिछले साल सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद कांस्य पदक जीतने वाली और विश्व रैंकिंग में 20वें स्थान पर काबिज अनाहत भारत की पहली जूनियर विश्व स्क्वाश चैंपियन बनने से अब सिर्फ एक कदम दूर हैं। अनाहत ने कहा, 'मैं बहुत खुश हूं। मैं कुछ महीने पहले ब्रिटिश जूनियर ओपन में बार्ब के खिलाफ खेली थी और वह बेहद करीबी मैच था, इसलिए मुझे पता था कि मुझे वास्तव में अच्छा खेलना होगा।'

- **टूर्नामेंट अभी खत्म नहीं हुआ-** अनाहत ने कहा, 'मैंने कल अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं किया था और मुझे पता था कि मुझे आज यह दिखाना होगा कि मैं क्या कर सकती हूं। मैंने चार विश्व जूनियर टूर्नामेंट में हिस्सा लिया है ,लेकिन क्वार्टर फाइनल और सेमीफाइनल में हार गई थी, इसलिए फाइनल में पहुंचने से मेरे माता-पिता और कोच बहुत खुश हैं, लेकिन टूर्नामेंट अभी खत्म नहीं हुआ है।' फाइनल में अनाहत का मुकाबला मिस्र की दूसरी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी रुकय्या सलेम से होगा।

### सिंगापुर में भारतीय खिलाड़ियों का खराब प्रदर्शन

ओम सेमवाल, संदेश रविकुमार और रतिका सीलान शनिवार को क्वार्टर फाइनल में हार के साथ पीएसए सिंगापुर चैलेंजर स्क्वाश टूर्नामेंट से बाहर हो गये। पुरुष एकल में चौथी वरीयता प्राप्त सेमवाल आठवें वरीय जेम्स पीच से हार गए। ब्रिटिश खिलाड़ी ने 7-11, 11-6, 7-11, 11-9, 11-7 से जीत हासिल की। पुरुष एकल के एक अन्य क्वार्टर फाइनल में रविकुमार को दक्षिण कोरिया के तीसरी वरीयता प्राप्त जियोंगमिन रियू से 9-11, 11-5, 7-11, 9-11 से हार का सामना करना पड़ा। महिला एकल में तीसरी वरीयता प्राप्त रतिका छठी वरीयता प्राप्त यू जी चेन से हार गईं। मलेशियाई खिलाड़ी ने 11-7, 12-10, 9-11, 11-0 से जीत दर्ज की।

# काउंटी डेब्यू पर चमके कुलदीप यादव

## आशुतोष शर्मा ने भी गेंद से दिखाया कमाल, झटके 4 विकेट



**नई दिल्ली।** कुलदीप यादव ने शुक्रवार को इंग्लैंड में घरेलू लिस्ट ए टूर्नामेंट वन-डे कप में यॉर्कशायर के लिए ग्लेमोर्गन के खिलाफ शानदार डेब्यू किया। उन्होंने 39 रन देकर 2 विकेट लिए। बाएं हाथ के इस चाइना मैन गेंदबाज को पहले नौ ओवर में कोई विकेट नहीं मिला था, लेकिन उन्होंने आखिरी ओवर में तीन गेंदों में दो विकेट झटक लिए। कुलदीप ने 44वां ओवर फेंकते हुए पहली गेंद पर एलेक्स हॉर्टन को आउट किया। दो गेंद बाद जेमी मैक्लरॉय को आउट किया। यॉर्कशायर ने दाएं हाथ के मीडियम पेसर बेंजामिन क्लिफ के 29 रन देकर चार विकेट की मदद से ग्लेमोर्गन को सिर्फ 186 रन पर रोक दिया। कुलदीप ने बल्ले से भी 12 रन बनाए और उनकी टीम ने दो विकेट से मैच जीत लिया। इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) में बल्ले से शानदार प्रदर्शन करने वाले आशुतोष शर्मा ने काउंटी में गेंद से धाक जमाई है। आशुतोष ने मिडिलसेक्स के खिलाफ हैम्पशायर के लिए 4 विकेट झटके।




### आशुतोष का गेंद से जलवा

आशुतोष ने 22वें ओवर में नाथन फर्नांडिस को 45 रन पर आउट करके शतकीय साझेदारी तोड़ी। फिर डेथ ओवरों में गेंदबाजी करने के लिए आए और आखिरी चार विकेटों में से तीन विकेट लिए। उन्होंने 9 ओवर में 45 रन देकर 4 विकेट झटके। इससे हैम्पशायर ने मिडलसेक्स को 50 ओवर में 8 विकेट पर 284 रन पर रोक दिया।

### युजवेंद्र चहल ने झटके 2 विकेट

यॉर्कशायर के खिलाफ पिछले मैच में भी आशुतोष ने 9 ओवर फेंके थे और सिर्फ 48 रन दिए थे। उन्होंने यॉर्कशायर के खिलाफ अपने वन-डे कप डेब्यू में तीन विकेट लिए थे। भारतीय टीम से लंबे समय से बाहर चल रहे युजवेंद्र चहल ने भी अच्छा प्रदर्शन किया। उन्होंने नॉर्थम्पटनशायर के लिए दो विकेट लिए, लेकिन उनकी टीम केंट से पांच विकेट से हार गई।


शतरंज ओलंपियाड

# दबदबा कायम रखने उतरेगा भारत

- **डी गुकेश, प्रज्ञानानंदा और वैशाली पर दारोमदार**

**नई दिल्ली।** विश्व चैंपियन डी गुकेश, शानदार फॉर्म में चल रहे आर प्रज्ञानानंदा और महिला कैंडिडेट्स विजेता आर वैशाली की अगुआई में भारत ने 16 से 27 सितंबर तक उज्बेकिस्तान के समरकंद में होने वाले फिडे शतरंज ओलंपियाड के लिए मजबूत टीम की घोषणा की है। भारतीय पुरुष और महिला दोनों वर्ग में मौजूदा चैंपियन हैं। पांच-पांच सदस्यीय दोनों टीमों ने 2024 में ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए अपने-अपने वर्ग का खिताब जीता था। ओपन वर्ग की टीम में डी गुकेश, आर प्रज्ञानानंदा के अलावा अर्जुन एरिगैसी, निहाल सरीन और विदित गुजराती को शामिल किया गया है। सरीन 2024 में खिताब जीतने वाली टीम का हिस्सा नहीं थे। महिला टीम में देश की शीर्ष खिलाड़ियों को जगह मिली है। टीम में कोनेरू हम्पी, आर वैशाली, विश्व कप विजेता दिव्या देशमुख, वंतिका अग्रवाल और सविता श्रीबी शामिल हैं। इसमें से हम्पी और सविता श्रीबी 2024 में स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम में शामिल नहीं थीं।





बीस वर्षीय प्रज्ञानानंदा इस समय शानदार लय में हैं। उन्होंने जून में नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट का खिताब जीता था। इस दौरान उन्होंने विश्व के नंबर एक खिलाड़ी और पांच बार के विश्व चैंपियन मैग्नस कार्लसन सहित गुकेश को भी हराया था। गुकेश हाल के समय में अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं दिखे हैं। हाल ही में संपन्न चेन्नई ग्रैंड मास्टर्स टूर्नामेंट में उन्होंने सात में से तीन मुकाबले गंवाए और केवल दो अंक के साथ अंतिम स्थान पर रहे। इस वर्ष अप्रैल में वैशाली फिडे महिला कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतने वाली पहली भारतीय महिला शतरंज खिलाड़ी बनी थीं। इसके साथ ही उन्होंने महिला विश्व शतरंज चैंपियनशिप में चीन की जू वेनजुन को चुनौती देने का अधिकार हासिल किया।

# कॉमनवेल्थ गेम्स से पहले भारतीय जूडो टीम में उथल-पुथल



## अरुण कुमार के बाद तूलिका मान भी बाहर, पदक की थीं प्रबल दावेदार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेल 2022 की रजत पदक विजेता जूडोका तूलिका मान को ग्लासगो में चल रहे राष्ट्रमंडल खेलों से भारतीय टीम से बाहर कर दिया गया है। तूलिका मान पिछले 12 महीनों में तीन बार रहने के स्थान की जानकारी देने में नाकाम रहीं। नाडा ने इस कारण उन्हें अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है।

तूलिका मान ने 2022 के बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में 78 किग्रा से अधिक वजन वर्ग में रजत पदक जीता था। तूलिका मान इस बार भी पदक की प्रबल दावेदार थीं। एक जूडो कोच के हवाले से समाचार एजेंसी पीटीआई ने लिखा, वह 12 महीनों के भीतर तीन बार रहने के स्थान की जानकारी देने में नाकाम रहीं और नाडा ने उन्हें नोटिस भेजा है, इसलिए उन्हें टीम से बाहर किया जाएगा।

गुरुवार को एक अन्य भारतीय जूडोका अरुण कुमार (73 किग्रा से कम वजन वर्ग में) को भी बाहर कर दिया गया, क्योंकि वह प्रतियोगिता से बाहर लिए गए डोप टेस्ट में विफल पाए गए। भारतीय जूडो टीम अब तक राष्ट्रमंडल खेलों के लिए रवाना नहीं हुई है, क्योंकि उनकी प्रतियोगिताएं 31 जुलाई से शुरू होंगी। टीम के जूडो खिलाड़ियों को 27 जुलाई को रवाना होना है।

भारत ने शुरुआत में 14 सदस्यीय जूडो टीम को मंजूरी दी थी, जिसमें सात पुरुष और सात महिला खिलाड़ी शामिल थे। पिछले राष्ट्रमंडल खेलों में भारत ने कुल तीन पदक जीते थे। 2022 बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में गई 6 सदस्यीय भारतीय जूडो टीम ने दो रजत और एक कांस्य पदक अपने नाम किया था।

तूलिका मान देश की सबसे सफल जूडो खिलाड़ियों में से एक हैं। तूलिका मान ने 2024 पेरिस ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व किया था, जहां उनका अभियान राउंड ऑफ 32 में समाप्त हो गया था। तूलिका मान ने 2022 और 2024 विश्व जूडो चैंपियनशिप में भी हिस्सा लिया था।

### क्या है वाडा का नियम?

विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) के नियमों के अनुसार 12 महीनों की अवधि में तीन बार स्थल की जानकारी नहीं देने (स्थान संबंधी जानकारी जमा नहीं करना या फिर डोप जांच के लिए अनुपस्थित रहना) को डोपिंग रोधी नियमों का उल्लंघन माना जाता है। 'रजिस्टर्ड टेस्टिंग पूल' (आरटीपी) में शामिल खिलाड़ियों को रात में अपने ठहरने के स्थान का पूरा पता, ट्रेनिंग स्थल, कार्यस्थल या अन्य नियमित गतिविधियों के स्थान का पूरा विवरण तथा हर गतिविधि का सामान्य समय देना अनिवार्य होता है। इसके अलावा आरटीपी में शामिल खिलाड़ियों को हर दिन के लिए 60 मिनट का एक निश्चित समय और स्थान भी बताना होता है, जहां वे डोप जांच के लिए उपलब्ध मिलेंगे। अगर कोई खिलाड़ी इन स्थान संबंधी जानकारी और डोप जांच से जुड़ी अनिवार्यताओं का पालन नहीं करता है तो इसे डोपिंग रोधी नियमों का उल्लघंन माना जाता है।

# दिल्ली में पड़ोसियों के झगड़े में बीच-बचाव करना बना जानलेवा, अधेड़ की चाकू मारकर हत्या

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दो पड़ोसियों के झगड़े में बीच-बचाव करना एक अधेड़ व्यक्ति को भारी पड़ गया, उसे इसकी कीमत जान देकर चुकानी पड़ी। महिला के साथ झगड़ा कर रहे युवक को समझाना चाहा तो उसने अधेड़ व्यक्ति नरेश पाल की छाती में चाकू घोंप दिया। इलाज के दौरान नरेश पाल की मौत हो गई। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मूल रूप से अलीगढ़ शहर का रहने वाला आरोपित झगडालू प्रवृत्ति नशे का आदी है। यह घटना प्रेमनगर-तीन के गौरी शंकर इन्क्लेव में बृहस्पतिवार रात करीब सवा 11 बजे की बताई जा रही है। रोहिणी जिला पुलिस उपायुक्त शशांक जायसवाल ने बताया कि घटना के संबंध काल को पुलिस स्टेशन नांगलोई से ट्रांसफर किया गया था। पुलिस मौके पर पहुंची तो घायल को उसके स्वजन नांगलोई के सोनिया अस्पताल ले जा चुके थे। घायल की पहचान नरेश पाल (51) निवासी गौरी शंकर इन्क्लेव के रूप में हुई। रात 11:55 बजे उसे मृत हुआ घोषित कर दिया गया।

जिला पुलिस उपायुक्त के अनुसार, अपने घर के बाहर बर्तन धो रही महिला के साथ किसी बात को लेकर आरोपित राजेश कुमार उर्फ राकेश कुमार की कहासुनी हो गई थी।

पूछताछ में सामने आया कि कहासुनी सुनकर नरेश पाल और उसके परिवार के लोग बाहर आए और मामला शांत करने की कोशिश में बीच-बचाव किया। बीच-बचाव के दौरान आरोपित ने एक चाकू या किसी धारदार हथियार निकाला और नरेश पाल की छाती पर वार किया।

घटना के तुरंत बाद आरोपी मौके से भाग गया। उन्होंने बताया कि आरोपित राजेश कुमार उर्फ राकेश कुमार गिरफ्तार कर लिया गया। अपराध में इस्तेमाल हथियार की बरामदगी के प्रयास किए जा रहे हैं।

# प्राइवेट एफएम रेडियो के प्रसारण नियमों में बदलाव, स्थानीय भाषा के कंटेंट पर सरकार का विशेष जोर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकार ने शुक्रवार को राज्यसभा को बताया गया कि प्राइवेट एफएम रेडियो स्टेशनों को यह सुनिश्चित करना होगा कि रोजाना के प्रसारण का कम से कम 20 प्रतिशत हिस्सा स्थानीय भाषा में हों। इससे स्थानीय संस्कृति, परंपराओं और लोक संगीत को बढ़ावा मिलेगा।

सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री एल. मुरुगन ने प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि प्राइवेट एफएम रेडियो नीति का मकसद स्थानीय कंटेंट को बढ़ावा देना है, जिसमें स्थानीय संस्कृति, परंपराओं और लोक संगीत पर आधारित कार्यक्रम शामिल हैं।

इस नीति के तहत, हर प्रसारक को यह सुनिश्चित करना होता है कि उसके रोजाना के प्रसारण कंटेंट का कम से कम 20 प्रतिशत हिस्सा शहर की स्थानीय भाषा में हो।

मंत्री ने बताया कि सरकार ने नौ-10 जुलाई, 2025 को पारदर्शी व्यवस्था के जरिये 234 नए शहरों में 730 एफएम चैनलों के लिए ई-नीलामी आयोजित की और नीलामी से पहले प्रिंट और इलेक्ट्रानिक मीडिया में इसका प्रचार-प्रसार किया गया था। इस दौर में 18 सफल बोली लगाने वाले थे। अभी 386 प्राइवेट एफएम रेडियो चैनल चल रहे हैं। मुरुगन ने कहा कि प्राइवेट एफएम रेडियो चरण-तीन नीति के तहत प्रसारकों को प्रसार भारती के टावरों और साइटों का इस्तेमाल करने की भी इजाजत है ताकि सेवाओं को तेज़ी से शुरू किया जा सके। मुरुगन ने यह भी कहा कि सरकार जन-सेवा से जुड़ी घोषणाओं और सरकारी योजनाओं की जानकारी के प्रसारण पर नजर रखने के लिए कई तरह के तरीकों का इस्तेमाल करती है।

# 2 किमी लंबी सड़क निर्माण कब तक होगा पूरा? जीटी रोड पहुंचना जाना आसान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नई दिल्ली, एजेंसी। ग्रेटर नोएडा क्षेत्र के दादरी रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) से जीटी रोड तक आवागमन जल्द सुगम हो जाएगा। दो किलोमीटर लंबी निर्माणाधीन आरसीसी सड़क का काम अगले एक माह में पूरा हो जाएगा।इससे लाखों लोगों को बड़ी राहत मिलने लग जाएगी। वहीं, बेहतर जल निकासी के लिए आरसीसी नाली और पैदल यात्रियों के लिए फुटपाथ भी बनाया जाना है।दरअसल, आरओबी से जीटी रोड को जोड़ने वाली सड़क जगह-जगह पर टूट गई थी। गड्ढे होने की वजह से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। बारिश के मौसम में सबसे ज्यादा दिक्कत होती थी। दादरी में रेलवे स्टेशन होने की वजह से यात्रियों का आना- जाना लगा रहता है। लोगों की इस परेशनी को देखते हुए प्राधिकरण की तरफ से इस प्रमुख सड़क को नए सिरे से बनाया जा रहा है। इससे दादरी नगर के साथ जीटी रोड पर जाने वाले लोगों और आसपास के ग्रामीणों को भी लाभ मिलेगा। क्षेत्र के लोगों ने इस मुद्दे को प्राधिकरण के सीईओ के सामने रखा था।

# सुप्रीम कोर्ट सबके लिए खुला है...सीजेआई सूर्यकांत का बड़ा बयान, बोले- मेरे बयान को गलत तरीके से पेश किया गया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कॉकरोच जनता पार्टी के प्रदर्शन और उससे जुड़े विवाद के बीच भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई सूर्यकांत ने शुक्रवार को स्पष्ट किया कि सुप्रीम कोर्ट हर नागरिक के लिए खुला है और किसी भी मामले की सुनवाई से कभी इनकार नहीं करता। उन्होंने कहा कि उनके पहले दिए गए बयान को मीडिया में गलत संदर्भ में पेश किया गया।

यूएनसीआईटीआरएएल सम्मेलन के इतर एक न्यूज चैनल से बातचीत में ष्छ्ह्ढ सूर्यकांत ने कहा, 'सुप्रीम कोर्ट सभी लोगों के लिए खुला है। हम 24 घंटे, सातों दिन उपलब्ध हैं। सुप्रीम कोर्ट कभी भी किसी भी मुद्दे पर सुनवाई करने से इनकार नहीं करता। '



**छात्र आंदोलन से जुड़ी याचिकाएं सोमवार को होंगी सूचीबद्धः** मुख्य न्यायाधीश ने बताया कि छात्र आंदोलन से संबंधित जिन याचिकाओं का शुक्रवार को अदालत के समक्ष उल्लेख किया गया, उन्हें सोमवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि अदालत सभी के लिए खुली है, लेकिन न्यायिक प्रक्रिया का पालन करना आवश्यक है। उन्होंने कहा, 'यदि कोई केवल पत्र भेजकर यह अपेक्षा करे कि उसकी याचिका पर तत्काल सुनवाई हो जाए, तो ऐसा संभव नहीं है। अदालत तय प्रक्रिया के अनुसार ही मामलों की सुनवाई करती है। '

## किस बयान पर शुरू हुआ विवाद?

यह विवाद उस टिप्पणी के बाद शुरू हुआ था, जब बुधवार को छात्रों पर पुलिस कार्रवाई के खिलाफ तत्काल हस्तक्षेप की मांग वाली याचिका का उल्लेख सुप्रीम कोर्ट में किया गया था। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से पुलिस कार्रवाई से जुड़े वीडियो का हवाला देते हुए तत्काल सुनवाई की मांग की गई थी। उस समय सीजेआई ने कहा था, 'हमें वीडियो में दिलचस्पी नहीं है। हमारे पास वीडियो देखने का समय नहीं है।' साथ ही पीठ ने तत्काल सुनवाई से इनकार करते हुए कहा था कि केवल अदालत को पत्र भेज देने से किसी मामले को तुरंत सूचीबद्ध नहीं किया जा सकता। जब मुख्य न्यायाधीश से यह पूछा गया कि कुछ प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि उनकी पूर्व टिप्पणी के बाद ही कॉकरोच जनता पार्टी का गठन हुआ, तो उन्होंने इस पर कोई प्रतिक्रिया देने से इनकार करते हुए केवल 'नो कमेंट्स' कहा।

## अंतरराष्ट्रीय न्यायिक सहयोग पर भी रखी बात

यूएनसीआईटीआरएएल सम्मेलन में अपने संबोधन के दौरान सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि भारत अंतरराष्ट्रीय न्यायिक सहयोग के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उनके अनुसार, ऐसे सहयोग से दुनिया के सामने भारत की न्यायिक व्यवस्था, तकनीकी प्रगति और विकास को प्रदर्शित करने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि न्यायिक सहयोग सभी देशों के लिए लाभकारी है और इससे वैश्विक स्तर पर भारत की संस्थागत क्षमता और तकनीकी विकास को मजबूती से प्रस्तुत किया जा सकता है।

# दिल्ली के वसंत कुंज में नाले में गिरी कार, आर्मी अधिकारी के 20 वर्षीय बेटे की मौत, अमेरिका में कर रहा था पढ़ाई



**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली के वसंत कुंज साउथ इलाके में शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में अमेरिका में पढ़ाई कर रहे 20 वर्षीय छात्र की मौत हो गई. हादसा नांगल देवत रेड लाइट के पास हुआ, जहां फिसलन भरी सड़क पर कार अनियंत्रित होकर नाले में जा गिरी और पलट गई.

दिल्ली पुलिस के मुताबिक, 24 जुलाई की सुबह थाना वसंत कुंज साउथ में नांगल देवत रेड लाइट के पास सड़क हादसे की पीसीआर कॉल मिली. पुलिस मौके पर पहुंची तो देखा कि एक कार नाले में पलटी हुई थी. हादसे में 20 वर्षीय यशवेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया.

**अमेरिका में पढ़ाई कर रहा था 20 साल का यशवेंद्रः** जांच में पता चला कि यशवेंद्र अपनी महिला मित्र के साथ कार से जा रहा था, दोनों अमेरिका के एक ही शिक्षण संस्थान में उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं और वहीं उनकी दोस्ती हुई थी. पिछली रात दोनों एक दोस्त के घर रुके थे और शुक्रवार सुबह महिला मित्र को उसके वसंत कुंज स्थित घर छोड़ने जा रहे थे. नांगल देवत रेड लाइट के पास तेज मोड़ लेते समय सड़क पर फिसलन होने के कारण कार चालक का नियंत्रण बिगड़ गया और कार नाले में गिरकर पलट गई.

**सड़क पर फिसलन के कारण हादसा-पुलिसः** डीसीपी दक्षिण-पश्चिम के अनुसार, प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण सड़क पर फिसलन प्रतीत हो रहा हैय दुर्घटना के समय कार मृतक यशवेंद्र चला रहा था, जबकि वाहन उसकी महिला मित्र का था. महिला सहयात्री के बयान में भी सड़क पर फिसलन की बात सामने आई है. मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है और दुर्घटना के सभी पहलुओं की जांच जारी है.

# टोल टैक्स में मिलेगी बड़ी राहत, 40% तक होगा सस्ता, एनएचएआई ने बदला फॉर्मूला




**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय राजमार्गों पर सफर करने वाले करोड़ों वाहन चालकों के लिए एक बड़ी और राहत भरी खबर सामने आई है। यदि आपके रास्ते में लंबे पुल, सुरंगें, फ्लाईओवर या एलिवेटेड रोड आते हैं तो अब आपको पहले के मुकाबले कम टोल टैक्स चुकाना होगा। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क नियमों में संशोधन किया गया है। इसे लागू करते हुए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरणने अपने सभी क्षेत्रीय कार्यालयों को नए नियमों के तहत टोल दरों की समीक्षा और संशोधन प्रक्रिया शुरू करने का कड़ा निर्देश जारी कर दिया है। आमतौर पर किसी भी हाईवे पर पुल, टनल या एलिवेटेड स्ट्रक्चर का निर्माण करना और उसका रखरखाव करना बेहद खर्चीला काम होता है। यही वजह थी कि पुराने नियमों के तहत इनकी लंबाई को 10 गुना मानकर टोल की गणना की जाती थी। उदाहरण के लिए यदि किसी हाईवे पर 5 किलोमीटर लंबी टनल या एलिवेटेड स्ट्रक्चर होता था तो टोल लेते वक्त उसे 50 किलोमीटर सड़क के बराबर माना जाता था। पहाड़ी इलाकों, एक्सप्रेसवे और बड़े शहरी रास्तों में जहां कई किलोमीटर लंबे ब्रिज या एलिवेटेड हाईवे बने हैं वहां इस नियम के कारण टोल का बोझ आम जनता और वाहन चालकों की जेब पर बेहद भारी पड़ रहा था। इसी समस्या को हल करने और टोल की दरों को व्यावहारिक बनाने के लिए सरकार ने टोल संशोधन नियमों को जारी किया है। संशोधित राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क (दरों का निर्धारण और संग्रहण) नियम, 2008 के तहत अब टोल की गणना के लिए एक पारदर्शी और संतुलित फॉर्मूला पेश किया गया है। नए फॉर्मूले के अनुसार, जिन हाईवे पर एक या एक से अधिक ब्रिज, टनल, फ्लाईओवर या एलिवेटेड सेक्शन हैं वहां टोल की गणना के लिए दो तरीके अपनाए जाएंगे।

**केस स्टडी से समझें टोल का गणितः केस 1:** मान लीजिए कोई हाईवे 40 किलोमीटर लंबा है, जिसमें से 30 किलोमीटर हिस्सा एलिवेटेड या ब्रिज का है और 10 किलोमीटर सामान्य सड़क है। पुराने फॉर्मूले के मुताबिक, 30 किमी म 10 + 10 किमी = 310 किमी की दूरी पर टोल लगता है। नए फॉर्मूले के मुताबिक, कुल दूरी का 5 गुना (40 किमी म 5) यानी कि 200 किमी ही होगा। चूंकि 200 किमी की दूरी कम है, इसलिए जनता को 310 किमी के बजाय केवल 200 किमी का ही टोल देना होगा।

**केस 2:** अगर 40 किलोमीटर के हाईवे में 10 किलोमीटर ब्रिज है और 30 किलोमीटर सामान्य सड़क है। पहले तरीके से दूरी 10 किमी म 10 + 30 किमी यानी कि 130 किमी होगी। दूसरे तरीके से दूरी 40 किमी म 5 यानी कि 200 किमी होगी। आपको बता दें कि यहां 130 किलोमीटर वाली दूरी कम है, इसलिए केवल 130 किमी का टोल लागू होगा। पहले यहां 200 किमी के हिसाब से टोल देना पड़ता था। दोनों फॉर्मूले को देखें तो करीब 40 प्रतिशत तक की दूरी कम हो रही है। इस हिसाब से टोल भी 40 प्रतिशत तक सस्ता हो सकता है।

**कब से लागू होंगी नई दरें?:** नियमों में यह संशोधन लागू कर दिया गया है, लेकिन टोल प्लाजा के प्रकार के आधार पर इसका फायदा वाहन चालकों को अलग-अलग समय पर मिलेगा। वर्तमान में चल रहे ऐसे सार्वजनिक टोल प्लाजा पर नई दरें उनके अगले निर्धारित वार्षिक शुल्क संशोधन की तारीख से लागू हो जाएंगी। पीपीपी मॉडल या प्राइवेट कंपनियों द्वारा संचालित टोल प्लाजा पर यह नया नियम उनकी रियायत अवधि पूरी होने या प्रोजेक्ट एनएचएआई को वापस सौंपे जाने के बाद प्रभावी होगा। भविष्य में शुरू होने वाले सभी नए टोल प्लाजा पर टोल टैक्स की वसूली पहले दिन से ही इसी संशोधित और सस्ते फॉर्मूले के तहत की जाएगी।

# पाकिस्तान बना यूएस-ईरान बातचीत का संभावित मध्यस्थ, चीन के दबाव के बाद फिर शुरू की कोशिश



**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान अब यूएस और ईरान के बीच रुकी हुई बातचीत को फिर से शुरू कराने की कोशिश में जुट गया है। एक रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान ने यह कदम चीन के दबाव के बाद उठाया गया है। इस हफ्ते ईरान के गृह मंत्री एस्कंदर मोमेनी के इस्लामाबाद पहुंचने की भी जानकारी है। पिछले 10 दिनों में यह उनका दूसरा दौरा था। मोमेनी को ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स का करीबी माना जाता है। पाकिस्तानी सरकार के बयान के मुताबिक, उन्होंने सरकार के वरिष्ठ सदस्यों और आर्मी चीफ जनरल आसीम मुनीर से मुलाकात की।

पाकिस्तान खुद को संभावित मध्यस्य के तौर पर मुश्किल स्थिति में पा रहा है। इस हफ्ते यमन के ईरान-समर्थित हूथी आंदोलन ने सऊदी अरब के खिलाफ नेवल ब्लॉकेड की घोषणा की। सऊदी पाकिस्तान का करीबी सहयोगी है और दोनों देशों के बीच पिछले साल आपसी रक्षा संधि हुई थी। इसके अलावा पाकिस्तान सऊदी की वित्तीय मदद पर निर्भर है। इस्लामाबाद ने हूथी हमलों की कड़ी निंदा भी की है। ऐसे में ईरान का पक्ष लेने से रियाद नाराज हो सकता है।

वहीं दूसरी तरफ पाकिस्तान बीजिंग पर भी निर्भर है। चीन पाकिस्तान का बड़ा वित्तीय मददगार है और पश्चिम एशिया के जरूरी ट्रेड रूट को फिर से खोलने के लिए डिप्लोमैटिक हल चाहता है। तीनों सूत्रों ने बताया कि पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने पिछले हफ्ते चीन दौरे पर चीनी अधिकारियों के साथ इस नई कोशिश पर चर्चा की थी।

पाकिस्तान सरकार के एक अधिकारी ने कहा, चीनी नाखुश हैं क्योंकि ईरान के दूसरे खाड़ी देशों पर हमले और होर्मुज स्ट्रेट को बंद करने के लिए उनके फायदे प्रभावित हो रहे हैं। चीन के विदेश मंत्रालय ने बयान ने कहा, चीन पाकिस्तान और दूसरी पार्टियों की मध्यस्थता को कोशियों का समर्थन करता है।

तेहरान पर इंटरनेशनल बैन के बावजूद बीजिंग ईरान का सबसे बड़ा ट्रेनिंग पार्टनर और कच्चे तेल का मुख्य खरीदार है। प्रेसिडेंट डोनल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को कहा कि उन्हें नहीं लगता कि चीन या रूस ईरान के झगड़े में हिस्सा ले रहे हैं। लेकिन चेतावनी दी कि अगर वे शामिल हुए तो यह उनके लिए बहुत बुरा होगा।

# स्पेसएक्स ने स्टारशिप की 13वीं परीक्षण उड़ान सफलतापूर्वक पूरी की

**केप कैनावेरल, एजेंसी।** अरबपति बिजनेसमैन एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स ने शुक्रवार को दुनिया के सबसे बड़े और सबसे शक्तिशाली रॉकेट स्टारशिप की 13वीं परीक्षण उड़ान सफलतापूर्वक पूरी की। इस मिशन में पहली बार कंपनी ने अपने सबसे उन्नत 20 स्टारलिंक इंटरनेट उपग्रह अंतरिक्ष में तैनात किए। यह मिशन नासा के लिए भी बेहद अहम माना जा रहा है, क्योंकि भविष्य में इसी स्टारशिप का इस्तेमाल आर्टेमिस मिशन के तहत अंतरिक्ष यात्रियों को चंद्रमा पर उतारने के लिए किया जाना है। 407 फीट (124 मीटर) ऊंचे स्टारशिप ने टेक्सास के दक्षिणी छोर पर स्थित स्पेसएक्स के स्टारबेस लॉन्च साइट से उड़ान भरी। पिछले सप्ताह इंजन में आई तकनीकी समस्या के कारण लॉन्च अंतिम क्षणों में रोकना पड़ा था। इस बार उड़ान की शुरुआत सफल रही और सभी इंजन सही तरीके से चालू हुए। हालांकि, रॉकेट के पहले चरण (बूस्टर) की वापसी के दौरान सभी इंजन दोबारा चालू नहीं हो सके। इसके कारण बूस्टर नियंत्रित तरीके से लौटने के बजाय तेज गति से नीचे आया और मैक्सिको की खाड़ी में गिर गया। इसके बावजूद मिशन का मुख्य हिस्सा पूरी तरह सफल रहा। बूस्टर से अलग होने के बाद स्टारशिप अंतरिक्ष की ओर बढ़ता रहा।



और लगभग 200 किलोमीटर की ऊंचाई पर एक-एक करके 20 उन्नत स्टारलिंक उपग्रहों को अंतरिक्ष में छोड़ा। करीब एक घंटे की उड़ान के बाद स्टारशिप ने भारतीय महासागर में स्प्लैशडाउन किया।

# भीषण गर्मी नहीं झेल पा रहा रेगिस्तान का जहाज

**अदीस अबाबा , एजेंसी।** रेगिस्तान का जहाज कहे जाने वाले ऊंट भी अब गर्मी सहन नहीं कर पा रहे हैं। अफ्रीका की बढ़ती से ऊंट भी नहीं बच पा रहे हैं। उत्तर-पूर्वी इथियोपिया का अफार इलाका दुनिया की सबसे गर्म जगहों में से एक है। अब इस भीषण गर्मी की वजह से ऊंटों की जान जा रही है।

अफार इलाके के एक ऊंट पालक ने बताया कि मैं अपने ऊंटों को भीषण गर्मी से परेशान होते देख सकता हूँ। उनके पैरों में छाले पड़ जाते हैं, आंखों से पानी आता है। गर्म रेत उनकी खाल जला देती है।

ऊंट पालक अली उमर के पास 500 ऊंट हैं। उन्होंने कहा, पिछले एक महीने में गर्मी की वजह से मैंने 8 ऊंट के बच्चों को खो दिया। पहले जो हवा ठंडक देती थी अब वो भी गर्म हवा लाती है।

सिर्फ चरवाहे ही नहीं, वैज्ञानिक और पशु कल्याण कार्यकर्ता भी कह रहे हैं कि गर्मी से ऊंटों में तनाव, थकान, डिहाईड्रेशन और बीमारियां बढ़ रही हैं। उत्तर अफ्रीका और हॉर्न ऑफ अफ्रीका में 80 प्रतिशत ड्रोमेटरी ऊंट रहते हैं। सालों से किसान इन्हें इसलिए पालते थे क्योंकि ये गर्मी और सूखा झेल लेते हैं। लेकिन 2025 में दक्षिणी इथियोपिया पर हुए अध्ययन में कहा गया कि जलवायु परिवर्तन से ऊंटों की सेहत, उत्पादकता और प्रजनन क्षमता पर बुरा असर पड़ा है।



सोमालिया में हालात और खराब हैं। जून में आए शोध के अनुसार, सूखे से ऊंटों की मौत बढ़ गई है। लगभग 46 प्रतिशत पशुपालक परिवार प्रभावित हुए हैं। सूल इलाके में मौत दी दर 73 प्रतिशत तक पहुंच गई है। केन्या के पशु चिकित्सा अधिकारी हसन नुया गुयो ने बताया, हम हाइपरथर्मिया के केस ज्यादा देख रहे हैं। पिछले 2 साल की गर्मी से ऊंटों की मौत 15 प्रतिशत बढ़ी हैं। अल्जीरिया में भी गर्मियों में लू के दौरान ऊंटों की मौत बढ़ी है। वैज्ञानिक डॉक्टर मोहम्मद बेंगौमी ने बताया कि ऊंट 40 डिग्री तक की गर्मी आसानी से झेल लेते हैं। वे शरीर का तापमान बदलकर पसीना रोके रखते हैं। लेकिन जब तापमान 41-45 डिग्री से ऊपर चला जाता है तो दिक्कत शुरू होती है। अल्जीरिया के प्रोफेसर अब्देलमजीद चेहमा ने कहा, लगातार इतनी गर्मी से कोशिकाओं को नुकसान होता है। रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होती है। इससे ऊंट कम खाते हैं, सुस्त हो जाते हैं। दूध उत्पादन घटता है और बीमारियां बढ़ती हैं। मोरक्को के प्रोफेसर मोहम्मद अल खस्मी के अनुसार गर्मी से वजन घटना, सूजन, किडनी की बीमारी और परजीवी संक्रमण भी हो रहे हैं।


## 850 साल बाद आसमान में होगा चमत्कार

**वेलिंगटन, एजेंसी।** अगर आप सोच रहे हैं कि दो साल बाद किसी खूबसूरत जगह छुट्टियां बिताने की योजना बनाएंगे, तो जरा ठहर जाइए। न्यूजीलैंड के डुनेडिन शहर में दो साल बाद होने वाले एक अद्भुत नजारे के लिए आज ही से जगह मिलना मुश्किल हो गया है। वजह कोई बड़ा कॉन्सर्ट या खेल मुकाबला नहीं, बल्कि आसमान में घटने वाली एक ऐसी दुर्लभ खगोलीय घटना है, जो इस इलाके में 850 से ज्यादा वर्षों बाद होने जा रही है। यही कारण है कि यहां के कई होटल मालिकों ने नई बुकिंग लेना बंद कर दिया है। यह ऐतिहासिक दिन 22 जुलाई 2028 होगा। दोपहर 4 बजकर 17 मिनट पर चंद्रमा, सूर्य के ठीक सामने आकर उसे पूरी तरह ढक लेगा। करीब 100 किलोमीटर चौड़ी पट्टी में फैला दक्षिणी न्यूजीलैंड का इलाका 2 मिनट 51 सेकेंड तक दिन के उजाले में अंधेरे में डूब जाएगा। इस करीब तीन मिनट के अद्भुत नजारे को देखने के लिए दुनिया भर से लगभग 35,000 पर्यटकों के पहुंचने की उम्मीद है। 1.30 लाख की आबादी वाले इस शांत शहर में अभी से होटलों की बुकिंग को लेकर जबरदस्त होड़ मची हुई है। डुनेडिन लेजर लॉज जैसे प्रमुख होटलों के सोलर एक्लिप्स पैकेज दो साल पहले ही पूरी तरह बुक हो चुके हैं। तूहूरा ओटागो म्यूजियम के निदेशक और खगोलशास्त्री डॉ. इयान ग्रिफिन के अनुसार, डुनेडिन में इससे पहले ऐसा पूर्ण सूर्य ग्रहण 1163 में दिखाई दिया था। उस समय न्यूजीलैंड की धरती पर इंसानों के कदम भी नहीं पड़े थे।

## संक्षिप्त समाचार

### धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा जेन जी की जीत: कुमार राकेश

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश मीडिया सह प्रभारी कुमार राकेश ने केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफा देने को देश की जेन जी पीढ़ी की जीत बताया है। उन्होंने शनिवार को कहा कि गत 36 दिनों से जंतर-मंतर मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी की अगुवाई में धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे और देश के शिक्षा-व्यवस्था में सुधार को लेकर प्रदर्शन चल रहा था। देश भर के छात्र और युवा आंदोलन कर रहे थे। आखिरकार केन्द्र की नरेंद्र मोदी सरकार को झुकना पड़ा। उन्होंने कहा कि ऐसा लग रहा था कि देश में अघोषित आपातकाल और तानाशाही शासन चल रहा था। पहली बार एनडीए सरकार को युवा शक्ति ने झुकाया है। यह लोकतंत्र की जीत है। इसमें शामिल सभी लोग बधाई के पात्र हैं। राकेश ने कहा कि पिछले बारह साल में विभिन्न परीक्षाओं के 100 के करीब पेपर लीक हो चुके हैं। इसके लिए सभी विपक्षी दल भी संसद में और युवा सड़कों पर एक साथ सरकार के खिलाफ आंदोलनरत थे। केंद्र सरकार के खिलाफ लगातार प्रदर्शन कर युवाओं ने अपनी ताकत दिखा दी है।



### सरस्वती विद्या मंदिर बना संकुल स्तरीय विज्ञान प्रश्न मंच प्रतियोगिता का ओवरऑल चैंपियन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान एवं विद्या विकास समिति, झारखंड के तत्वावधान में संकुल स्तरीय विज्ञान प्रश्न मंच प्रतियोगिता-2026 का आयोजन सरस्वती विद्या मंदिर, सेक्टरझ्3सी, बोकारो में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से हुआ। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने अतिथियों का परिचय एवं कार्यक्रम की भूमिका प्रस्तुत की। इसके पश्चात कु. प्रज्ञा झा ने मधुर एकल गीत प्रस्तुत किया। विद्यालय प्रबंध समिति के सचिव ने विद्यार्थियों को आशीर्वचन प्रदान करते हुए विज्ञान के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। अंत में ओम प्रकाश ने प्रतियोगिता से संबंधित आवश्यक निर्देश दिए। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सरस्वती विद्या मंदिर, सेक्टरझ्3सी बोकारो ने ओवरऑल चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने सभी विजेता भैया-बहनों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी आगामी विभाग स्तरीय विज्ञान प्रश्न मंच प्रतियोगिता में संकुल का प्रतिनिधित्व करेंगे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी आचार्यों एवं विद्यार्थियों ने विजेताओं का उत्साहवर्धन किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



### बोकारो चैंबर के सक्रिय सदस्य ज्ञानचंद शर्मा का निधन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के सक्रिय सदस्य एवं शहर के प्रतिष्ठित व्यवसायी ज्ञानचंद शर्मा का आज कोलकाता में निधन हो गया। उनके निधन का समाचार मिलते ही चेंबर के पदाधिकारियों एवं व्यापारिक जगत में शोक की लहर दौड़ गई। स्वर्गीय श्री शर्मा शहर के सुप्रसिद्ध व्यावसायिक प्रतिष्ठान हिंदुस्तान सप्लायर्स के संस्थापक थे। उन्होंने अपने व्यवसाय को ईमानदारी, गुणवत्ता के बल पर एक विशिष्ट पहचान दिलाई। वे व्यापारिक गतिविधियों के साथ-साथ श्री राजस्थानी ब्राह्मण सभा ट्रस्ट एवं अन्य सामाजिक सरोकारों में भी सक्रिय रहते थे तथा अपने सरल, सौम्य एवं मिलनसार व्यक्तित्व के कारण सभी के बीच सम्मानित थे। बोकारो चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष मनोज चौधरी संजय बैद,नरेंद्र सिंह,पियुष जैन ओम प्रकाश बाजोरिया, राजकुमार जायसवाल, शैलेंद्र जायसवाल अंकित जैन, सिद्धार्थ चोरड़िया अनूप भालोटिया,सुभाष जैन कुमार अमरदीप बिनय सिंह आदि ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिवार को इस असहनीय दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

### एमवाई भारत पोर्टल पर लक्ष्य अनुरूप पंजीकरण करें

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शनिवार को उपायुक्त सह अध्यक्ष, एमवाई भारत जिला सलाहकार समिति अजय नाथ झा की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में एमवाई भारत जिला सलाहकार समिति (एमवाईबी-डीएसी) की प्रथम बैठक आयोजित हुई। बैठक में एमवाई भारत पोर्टल पर जिले के लिए निर्धारित 65,392 युवाओं के पंजीकरण लक्ष्य को बताया गया। उपायुक्त ने कहा कि युवाओं को शिक्षा के साथ अच्छे संस्कार, नेतृत्व क्षमता एवं राष्ट्र सेवा की भावना से जोड़ना आवश्यक है। उन्होंने सभी विभागों एवं शिक्षण संस्थानों को समन्वय स्थापित कर पंजीकरण करने को कहा। बैठक में उपस्थित विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों एवं शिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधियों से सुझाव प्राप्त किए गए। जिला युवा अधिकारी ने पोर्टल एवं जिले में संचालित गतिविधियों की जानकारी दी। बैठक में उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित हितधारक उपस्थित रहे।



### मासिक लोक अदालत का आयोजन

**तेनुघाट/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** तेनुघाट व्यवहार न्यायालय में आज सर्वोच्च न्यायालय, झारखंड उच्च न्यायालय और जिला जज बोकारो के निदेशानुसार मासिक लोक अदालत का आयोजन किया गया। जानकारी के अनुसार उक्त मासिक लोक अदालत में तीन बेंच का गठन किया गया था। जिसके प्रथम बेंच में कुटुंब न्यायालय प्रेम नाथ पांडेय एवं अधिवक्ता प्रशांत पाल, दूसरे बेंच पर जिला जज द्वितीय सूर्य मणि त्रिपाठी एवं अधिवक्ता पांडव कुमार पांडेय तथा तीसरे बेंच पर प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी राज कुमार पांडेय एवं पुष्पा हंस मौजूद थे। आगे बताते चले कि 25 जुलाई को आयोजित मासिक लोक अदालत में 15 मामलों का निष्पादन और 3,55,000 रुपए की समझौता राशि वसूल किए गए।

# एमटीआई रांची में आयोजित तृतीय सेल एचआर कॉन्क्लेव में बोकारो इस्पात संयंत्र की टीम को मिली सफलता

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रबंधन प्रशिक्षण संस्थान (एमटीआई), रांची में 22 एवं 23 जुलाई 2026 को आयोजित तृतीय सेल एचआर कॉन्क्लेव के दौरान आयोजित अंतर-इकाई (इंटर-यूनिट) प्रस्तुतीकरण प्रतियोगिता में बोकारो इस्पात संयंत्र की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सफलता हासिल की. इस कॉन्क्लेव का मुख्य विषय 'बियोंड पॉलिसीजः एचआर एज द आर्किटेक्ट ऑफ परफॉर्मेंस कल्चर' रखा गया था. दो दिवसीय इस गरिमामय आयोजन का मुख्य उद्देश्य इस्पात प्राधिकरण में नीतियों से आगे बढ़कर एक उच्च प्रदर्शन संस्कृति के निर्माण में मानव संसाधन की भूमिका को रेखांकित करना था. कार्यक्रम के विभिन्न सत्रों के दौरान प्रबंधन प्रशिक्षण संस्थान (एमटीआई), सेल के अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन ज्ञानार्जन एवं विकास) द्वारा सभी आगत अतिथियों का स्वागत किया गया. इसके उपरांत निदेशक (कार्मिक), सेल ने अपने संबोधन में संगठन के विकास में मानव संसाधन की रणनीतिक भूमिका पर प्रकाश डाला. सम्मेलन के दौरान अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, सेल द्वारा अपने मुख्य भाषण (की-नोट एड्रेस) में सभी अधिकारियों को प्रेरित करते हुए भविष्य के संगठनात्मक लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए प्रदर्शन-उन्मुख संस्कृति को बढ़ावा देने का आह्वान किया गया. कॉन्क्लेव में आयोजित अंतर-इकाई प्रस्तुतीकरण प्रतियोगिता में बोकारो इस्पात संयंत्र का प्रतिनिधित्व करते हुए महाप्रबंधक (मानव संसाधन) एच. शेखर, सहायक महाप्रबंधक (मानव संसाधन) शिप्रा हेम्ब्रम तथा वरीय प्रबंधक (मानव संसाधन) सुश्री सुष्मिता सोरेन की टीम ने 'बियोंड पॉलिसीजः एचआर एज द आर्किटेक्ट ऑफ परफॉर्मेंस कल्चर' विषय पर अपना प्रभावी प्रस्तुतीकरण दिया. टीम ने बीएसएल में लागू की जा रही जन-केंद्रित पहलों और कार्यसंस्कृति में आए सकारात्मक बदलावों को बेहतर ढंग से प्रस्तुत कर यह शीर्ष स्थान अर्जित किया. यह उपलब्धि बोकारो इस्पात संयंत्र द्वारा अपने कार्मिकों के सशक्तिकरण, कार्यकुशलता में संवर्धन तथा एक सशक्त संगठनात्मक संस्कृति के निर्माण की दिशा में किए जा रहे निरंतर प्रयासों को दर्शाती है. एमटीआई में प्राप्त यह सफलता न केवल बीएसएल की मानव संसाधन टीम के समर्पण को रेखांकित करती है, बल्कि संयंत्र के समग्र उत्पादन, गुणवत्ता एवं परिचालन उत्कृष्टता के लक्ष्यों को हासिल करने में भी एक उत्प्रेरक का कार्य करेगी.




# एसआईआर-2026 अंतिम चरण में, प्रक्रिया पूरी होने में मात्र 04 दिन शेष

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान अब अपने अंतिम चरण में पहुँच चुका है। निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित समय-सीमा के अनुसार इस प्रक्रिया के पूर्ण होने में अब मात्र 04 दिन शेष हैं। जिला प्रशासन ने सभी पात्र मतदाताओं से अपील की है कि जिनका गणना प्रपत्र अभी तक जमा नहीं हुआ है अथवा जिनकी मतदाता संबंधी जानकारी लंबित है, वे बिना किसी विलंब के अपने संबंधित बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) से संपर्क कर आवश्यक प्रक्रिया पूरी करें। अंतिम समय की हड़बड़ी एवं संभावित असुविधा से बचने के लिए समय रहते अपना गणना प्रपत्र अवश्य जमा करें।

**लगातार तेजी से चल रहा है डिजिटाइजेशन कार्य**

मतदाता सूची को अधिक सटीक, अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाने के उद्देश्य से प्राप्त प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन भी तीव्र गति से किया जा रहा है, ताकि निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित समय-सीमा के भीतर सभी कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण किए जा सकें।

**जिन मतदाताओं ने अभी तक अपना गणना प्रपत्र जमा नहीं किया है, वे शेष दिनों में अवश्य करें जमा : डीसी**

**शेष चार दिनों का पूरा सदुपयोग करें मतदाता**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त अजय नाथ झा ने सभी बीएलओ एवं आम नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि सही, शुद्ध एवं अद्यतन मतदाता सूची लोकतांत्रिक व्यवस्था की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि जिन मतदाताओं ने अभी तक अपना गणना प्रपत्र जमा नहीं किया है, वे शेष चार दिनों का पूरा सदुपयोग करते हुए इसे अवश्य जमा करें। उन्होंने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर मतदाता अपने संबंधित बीएलओ, निर्वाचन कार्यालय अथवा जारी हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क कर आवश्यक जानकारी एवं सहयोग प्राप्त कर सकते हैं।

# विकसित भारत के निर्माण में नागरिक कर्तव्य और 'स्व के मंत्र की भूमिका' विषय पर युवा प्रबोधन

**इस तरह के कार्यक्रम युवाओं के लिए मार्गदर्शक**

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रेनबो पब्लिक स्कूल, चास में 'विकसित भारत के निर्माण में नागरिक कर्तव्य और स्व के मंत्र की भूमिका' विषय पर युवा प्रबोधन कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थी शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्जवलन के साथ हुई। मंचीय परिचय एवं विषय प्रवेश के उपरांत महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा विकसित भारत के निर्माण में नागरिक कर्तव्य और स्व के मंत्र की भूमिका विषय पर तैयार अपना वक्तव्य दिया।

युवा प्रबोधन कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में क्रियेटिव डिजीटल एजेंसी के सह संस्थापक मोहित कुमार जी ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए सर्वप्रथम प्रबोधन कार्यक्रम के आयोजन हेतु विद्यालय प्रबंधन एवं सभी उपस्थित के प्रति विशेष आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा इस तरह के युवा प्रबोधन कार्यक्रम युवाओं में स्व के मंत्र के साथ अपने नागरिक कर्तव्य के भाव को विकसित करने में निश्चित ही सहायक होगा साथ ही एक दुसरे के प्रति सहयोगात्मक भावना विकसित करने में भी सहायक सिद्ध होगा। मोहित कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष में संघ के पंच परिवर्तन के संकल्प को अपने जीवन में अपनाने की जरूरत है। इनमें 'स्व का भाव' के अंतर्गत आम गौरव और राष्ट्रीय अस्मिता पर बल, 'कुटुंब प्रबोधन' के अंतर्गत परिवारों में संस्कार और संवाद, 'सामाजिक समरसता' के अंतर्गत समाज के सभी वर्गों में समानता और एकता, 'पर्यावरण' के अंतर्गत प्रकृति संरक्षण और सतत विकास तथा एक विषय 'नागरिक कर्तव्य' है जिसमें जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा है। विद्यालय के निदेशक शंकर शर्मा द्वारा प्रबोधन कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए सभी उपस्थित का धन्यवाद ज्ञापित किया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक विपुल कुमार ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम युवाओं के लिए मार्गदर्शन तैयार होता है एवं अच्छे भविष्य के निर्माण में सहायक सिद्ध होता है। साथ ही समाज से अधिक निकट से जुड़ने और राष्ट्रीय हित में सक्रिय योगदान की दिशा में बढ़ावा मिलता है। कार्यक्रम के अंत में सभी ने भारतीय संविधान में नागरिक कर्तव्य बोध के तहत निहित 11 संवैधानिक कर्तव्य एवं लोकतांत्रिक कर्तव्य का पालन करने की शपथ ली। कार्यक्रम में सैकड़ो युवा छात्र-छात्राओं एवं मुख्य वक्ता मोहित कुमार के साथ विद्यालय के निदेशक शंकर शर्मा, प्रधानाध्यापक विपुल कुमार, नगर कार्यवाह शशि जी, अगस्त कुमार, गौरीशंकर, दीपांकर कुमार आदि के अलावे अनेकों संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाऐं की उपस्थिति रही।

# बोकारो में औषधीय पौधों के उद्यान की होगी स्थापना, आयुष विभाग ने शुरू की पहल

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झारखंड सरकार के पंचकर्म प्रशिक्षण सह सेवा केंद्र, बोकारो के नवनिर्मित बाउंड्री परिसर में आयुष विभाग द्वारा औषधीय पौधों के उद्यान की स्थापना को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस पहल का उद्देश्य आयुर्वेदिक औषधीय पौधों के संरक्षण, संवर्धन तथा पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ आमजन में आयुर्वेद के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। यह योजना राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के निर्देशक शशि प्रकाश झा के मार्गदर्शन में संचालित की जा रही है। उनका उद्देश्य देश के प्रत्येक राज्य एवं प्रत्येक जिले में औषधीय एवं पर्यावरणीय दृष्टि से समृद्ध उद्यान विकसित कर आयुर्वेद के संरक्षण और संवर्धन को नई दिशा देना है। बैठक में आयुष विभाग के डॉ. विक्रम तथा स्वदेशी जागरण मंच के कृषि प्रकोष्ठ, झारखंड के प्रमुख अंजनी कुमार सिन्हा ने पंचकर्म प्रशिक्षण सह सेवा केंद्र के बाउंड्री परिसर के अंदर उपलब्ध भूमि पर विभिन्न औषधीय पौधों का रोपण करने का प्रस्ताव रखा। उन्होंने कहा कि यह उद्यान आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति को बढ़ावा देने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। बैठक में स्वदेशी कृषि प्रकोष्ठ, बोकारो के प्रमुख मनीष कुमार श्रीवास्तव, आकाश पांडे, वेद प्रकाश सिंह, पर्यावरण संरक्षक गतिविधि, बोकारो के प्रमुख राजेंद्र तिवारी, दिव्यार्थी प्रमुख आरती सिन्हा तथा सहयोगी सरिता श्रीवास्तव सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।इस अवसर पर आरती सिन्हा ने झाड़ीदार औषधीय पौधों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने का आश्वासन देते हुए कहा कि प्रस्तावित उद्यान केवल औषधीय पौधों के संरक्षण का केंद्र ही नहीं होगा, बल्कि आमजन में आयुर्वेद, प्रकृति संरक्षण और पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने का एक प्रभावी माध्यम भी बनेगा। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने इस पहल को सफल बनाने के लिए सामूहिक सहयोग का संकल्प लिया और इसे बोकारो में आयुर्वेद एवं हरित पर्यावरण को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया.




# स्वच्छ हरित ग्राम के तहत विभिन्न गांवों में एक दिवसीय गोष्ठी का आयोजन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जैनामोड़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एवं प्रदान संस्था के संयुक्त तत्वावधान जैना पंचायत, टॉड मोहनपुर, टॉड बालीडीह, बांधडीह उत्तरी, एवं बांधडीह दक्षिणी पंचायत के मुखिया, एवं पंचायत समिति सदस्यों तथा सामाजिक संगठनो एवं बाजार के प्रतिष्ठित व्यापारियों के साथ जैनामोड को स्वच्छ एवं हरित ग्राम पहल को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जरीडीह अंचल अधिकारी प्रणव ऋतुराज ने संबोधन में कहा कि जैनामोड की आबादी दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रही है। नगर पालिका एवं नगर निगम नहीं रहने के कारण प्रबंधकीय प्रशासनिक क्रियान्वयन नहीं हो पता है। स्थानीय प्रशासक होने के कारण सर्वसमिति से जो निर्णय होगा निश्चित रूप से अंचल अधिकारी होने के नाते अपना सहयोग दूंगा। कचड़ा का निस्तारण करने के लिए हर संभव सरकारी गैर मंजूरवा जमीन को चिन्हित कर निस्तारण की व्यवस्था किया जाएगा । चेंबर अध्यक्ष संजय सिंह ने इस कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सभी से आग्रह किया कि चिन्हित स्थानो पर डस्टबिन लगाने का कार्यक्रम है । साथ ही सप्ताह में दो दिन कचड़ा का उठाव करवाया जाएगा । साथ ही सहयोग के रूप में सप्ताह में प्रति घर से जिस दिन उठाव होगा सहयोग राशि के रूप में लिया जाएगा। इस कार्य में सभी सामाजिक संगठनों ,व्यक्तियों से सहयोग करने की अपील की है। कार्यक्रम में बंधडीह उतरी पंचायत की मुखिया दीपिका देवी, पंचायत समिति सदस्य कविशरण वर्णवाल एवं टॉड मोहनपुर पंचायत की मुखिया उर्मिला देवी, पंचायत समिति सदस्य विनीता देवी ने भी विस्तार पूर्वक इस चर्चा में अपनी अपनी बातों को रखा । बैठक में यह निर्णय लिया गया यह प्रत्येक ग्राम पंचायत में प्लास्टिक अपशिष्ट संग्रहन केंद्र स्थापित किया जाएगा। प्रदान संस्था द्वारा उपलब्ध कराए गए कचरा निस्तारण वाहनों के माध्यम से कम से कम दो बार घर-घर से कचरा उठाव किया जाएगा। मौके पर मुख्य रूप से सांसद प्रतिनिधि नरेंद्र महतो, प्रदान संस्था की जुबा, पुष्कर, जया, सुलेखा, रामबालक, एवं सचिव पन्नालाल जायसवाल, उपाध्यक्ष रमापति पांडे, कोषाध्यक्ष नवीन गर्ग, सतीश जैन डॉक्टर पी के सिंह, टिका प्रसाद, अशोक मंडल, धीरेंद्र गोस्वामी, अशोक यादव, अकबर अंसारी, गोपाल नायक, श्यामल मंडल आदि सैकड़ो व्यापारी उपस्थित थे ।



# उपायुक्त व एसएसपी ने किया सर्किट हाउस का औचक निरीक्षण

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन, वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार तथा उप विकास आयुक्त सन्नी राज ने आज संयुक्त रूप से सर्किट हाउस का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने पूरे परिसर का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और इसके व्यापक कायाकल्प के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने मुख्य रूप से सर्किट हाउस के कमरों, लॉबी और वीआईपी सुइट्स की स्थिति का जायजा लेते हुए रूम्स के इंटीरियर को आधुनिक और बेहतरीन बनाने के निर्देश दिए। साथ में भवन के रखरखाव, परिसर की अंदरूनी सड़कों के सुदृढ़ीकरण और सुव्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। परिसर को आकर्षक रूप देने के लिए बगीचों को नए सिरे से व्यवस्थित करने, नए पौधे लगाने और हरियाली बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने पूरे परिसर, विशेषकर किचन और डाइनिंग एरिया में हाइजीन और उच्च स्तरीय साफ-सफाई बनाए रखने का सख्त निर्देश दिया गया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सर्किट हाउस जिले की छवि को दशार्ता है, क्योंकि यहाँ कई महत्वपूर्ण अतिथि और वरिष्ठ अधिकारी ठहरते हैं। इसके सौंदर्यकरण, सुविधाओं और रख-रखाव में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं बरतनी है। निरीक्षण के दौरान मौके पर एनडीसी दीपक कुमार दुबे, जिला नाजिर आनंद कुमार सहित संबंधित विभागों के अभियंता उपस्थित रहे।



# मिशन अमानत' से 505 चेहरों पर लौटी मुस्कान, धनबाद पुलिस ने लौटाए उनके गुम मोबाइल

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार की पहल पर शुरू किए गए 'मिशन अमानत' अभियान ने शनिवार को 505 लोगों के चेहरे पर मुस्कान लौटा दी। पुलिस लाइन स्थित नव-निर्मित पुलिस सभागार में आयोजित समारोह में सीइआइआर पोर्टल के माध्यम से देशभर से बरामद किए गए गुम और चोरी के मोबाइल उनके वास्तविक मालिकों को सौंपे गए। उपायुक्त आदित्य रंजन, एसएसपी प्रभात कुमार, ग्रामीण एसपी एस. मोहम्मद याकूब, उप विकास आयुक्त सन्नी राज और डीएफओ विकास पालीवाल ने संयुक्त रूप से मोबाइल वितरित किए। समारोह की सबसे खास बात ये रही कि कुछ लोगों को 8 साल बाद अपना खोया हुआ मोबाइल वापस मिला। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपायुक्त आदित्य रंजन ने कहा कि आज मोबाइल सिर्फ डिवाइस नहीं, बल्कि जीवन का अहम हिस्सा है। इसमें हमारी निजी और बैंकिंग जानकारी होती है। ऐसे में गुम मोबाइल को उसके मालिक तक पहुंचाना पुलिस की संवेदनशीलता को दशार्ता है। धनबाद पुलिस तकनीक के जरिए कानून-व्यवस्था के साथ जनसेवा में नए आयाम स्थापित कर रही है। एसएसपी प्रभात कुमार ने बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि अब हर महीने की 25 तारीख को 'मिशन अमानत' के तहत बरामद मोबाइल लौटाए जाएंगे। उन्होंने लोगों से अपील की कि मोबाइल गुम होने पर तुरंत सी ई आई आर पोर्टल या नजदीकी थाना में शिकायत दर्ज कराएं। समय पर शिकायत से मोबाइल का दुरुपयोग रोका जा सकता है और बरामदगी की संभावना बढ़ती है। एसएसपी ने खुलासा किया कि बरामदगी के दौरान मोबाइल चोरी से जुड़े एक अंतरराष्ट्रीय गिरोह के तार भी मिले हैं। गिरोह के नेटवर्क को खंगालने के लिए विशेष टीम गठित की गई है। जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी होगी। ग्रामीण एसपी एस. मोहम्मद याकूब ने कहा कि यह अभियान पुलिस-जनता के बीच भरोसा बढ़ाता है। 505 मोबाइल लौटाना सिर्फ संपत्ति वापस करना नहीं, बल्कि उसे अपराध में इस्तेमाल होने से रोकना भी है।



# एफसीआई की नई नीति से 200 मजदूर होंगे बेरोजगार, मजदूर बैठे अनिश्चितकालीन धरना

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय खाद्य निगम की नई नीति के विरोध में जेएसएफसी गोदाम बरमसिया, काडरा और सिंदरी बाघमारा के लगभग 200 मजदूर रणधीर वर्मा चौक पर धरने पर बैठेंगे। मजदूरों का आरोप है कि नई व्यवस्था लागू होने से वे बेरोजगार हो जाएंगे।जेएसएफसी गोदाम के मजदूरों ने कहा है कि तीनों गोदामों में करीब 200 मजदूर तीन पीढ़ियों यानी लगभग 50 वर्षों से काम करते आ रहे हैं। लेकिन अब उपभोक्ता विभाग के सचिव ने कहा है कि अगस्त 2026 से भारतीय खाद्य निगम गोदाम से सीधे जन वितरण प्रणाली तक अनाज भेजेगी। इस नई व्यवस्था से गोदामों में काम करने वाले मजदूरों की जरूरत नहीं रहेगी। मजदूरों का कहना है कि इस संबंध में उन्होंने पहले उपायुक्त धनबाद और जिला आपूर्ति पदाधिकारी को सूचना दी थी, लेकिन अब तक कोई जवाब नहीं मिला। मजबूरन उन्हें धरने पर बैठना पड़ रहा है। मजदूरों ने मांग की है कि पुरानी व्यवस्था को ही जारी रखा जाए ताकि उनका रोजगार बचा रहे। उनका कहना है कि मजदूरी ही उनके परिवार के भरण-पोषण का एकमात्र साधन है। अगर नई नीति लागू हुई तो वे भुखमरी के कगार पर आ जाएंगे। मजदूरों ने चेतावनी दी है कि जब तक उनकी मांग पूरी नहीं होती, तब तक धरना/हड़ताल जारी रहेगा। इस मौके पर राजेश राम, सहदेव कुमार यादव, पवन राम, रमेश राम, सुरेंद्र राम, योगेंद्र कुमार, शंकर यादव सभी उपस्थित थे ।



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145865 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com

CMYK